रांची, वर्ष : 12, अंक : 355 | RNI NO - JHAHIN/2009/28606 | शुक्रवार | 09 अप्रैल 2021 | TV, E-Paper&News : www.live7tv.com | सुझाव या शिकायत directorsanmarg@gmail.com पर मेल करें

पृष्ठ : 12 मूल्य ₹ 2.00

पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, बिहार और झारखंड का सर्वाधिक लोकप्रिय हिन्दी दैनिक, टेलीफोन नंबर - 0651 - 2212677,3242120,2212476 फैक्स नं. : 2212679, 2212678

प्रकाशन का 75वां वर्ष

卐।। श्री हरि ।। 卐

सन्मार्ग

email : sanmargjharkhand@gmail.com

नमोऽस्तु रामाय सलक्ष्मणाय देव्यै च तस्यै जनकात्मजायै नमोऽस्तुरुद्रेन्द्रयमानिलेभ्यो नमोऽस्तुचन्द्रार्कमरुद्गणेभ्यः

आईपीएल 2021 में होम एडवांटेज न होना सकारात्मक

LIVE 7 NEWS CHANNEL
SITI 229 | GTPL 266 | DEN 352
अन्य सभी केबल नेटवर्क पर

आठ दिन में 8589 संक्रमित, 45 ने गंवायी जान

वरीय संवाददाता

रांची : पूरे देश में कोरोना वायरस तबाही मचा रहा है। रोज मिलने वाले संक्रमितों का आंकड़ा 1.25 तक जा पहुंचा है। झारखंड में भी स्थिति दिनों-दिन विस्फोटक होती जा रही है। यहां भी संक्रमितों का आंकड़ा बढ़ते-बढ़ते चार अंकों में चला गया है। चिंताजनक स्थिति यह है कि संक्रमितों के बढ़ने के साथ-साथ मौत का आंकड़ा भी बढ़ता जा रहा है। कोरोना की दूसरी लहर का झारखंड में स्थिति का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अप्रैल माह में महज आठ दिनों (1 से 8 अप्रैल) में 8589 लोग संक्रमित हो गये, वहीं एक सप्ताह में 45 लोगों ने अपनी जान गंवा दी। सबसे ज्यादा 4183 संक्रमित रांची में और 1002 जमशेदपुर में मिले हैं। वहीं, एक सप्ताह में सबसे ज्यादा 23 मौत रांची में हुई है। जमशेदपुर में तीन, दुमका में दो, चतरा में जबकि, धनबाद में पांच, बोकारो में तीन, दो, साहेबगंज में दो जबकि लोहरदगा, सिमडेगा, गिरिडीह, गुमला व कोडरमा में एक-एक मौत हुई है। अब तक पूरे राज्य में 1158 लोगों की मौत हो चुकी है। इसमें 70 साल से ज्यादा उम्र के 300 लोग थे, जबकि 51 से 70 साल के बीच के 585 लोगों ने दम तोड़ा >> शेष पेज 11 पर

राज्य में 1882 नये संक्रमित मिले, रांची में 858, 7 की मौत

झारखंड में कोरोना वायरस का कहर जारी है। गुरुवार को 1882 नये संक्रमित मिले। अकेले रांची में 858 पॉजिटिव मिले, वहीं सात लोगों की मौत हो गयी। नये संक्रमित मिलने के बाद राज्य में संक्रमितों का आंकड़ा बढ़कर 1,32,790 हो गया है। सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 9,249 हो गयी है। रांची में 6 और साहेबगंज में एक संक्रमित की मौत हो गयी। इसके बाद मौत की कुल संख्या 1158 हो गयी है। गुरुवार को विभिन्न जिलों को मिलाकर 498 लोगों को >> शेष पेज 11 पर

एकजुट होकर करना होगा कोरोना वायरस चुनौती का मुकाबला: मोदी

मुख्यमंत्रियों के साथ की समीक्षा
सीएम हेमंत सोरेन भी शामिल हुए

नयी दिल्ली : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कहा कि देश में कोरोना जिस भयानक रफ्तार से फैल रहा है वह चिंता का विषय है लेकिन सभी को राजनीति से ऊपर उठकर इस चुनौती से निपटने के लिए एकजुट होकर तेजी से कदम उठाने होंगे क्योंकि थोड़ी सी भी ढिलाई घातक सिद्ध हो सकती है। >> शेष पेज 11 पर

1-8 अप्रैल तक की राज्य की स्थिति

तारीख	संक्रमित	मौत
1 अप्रैल	690	01
2 अप्रैल	694	01
3 अप्रैल	873	07
4 अप्रैल	788	08
5 अप्रैल	1086	10
6 अप्रैल	1264	04
7 अप्रैल	1312	07
8 अप्रैल	1882	07
कुल	8589	45

संक्षिप्त

मोदी ने एम्स में कोविड वैक्सीन की दूसरी खुराक ली

नयी दिल्ली : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को दिल्ली के एम्स अस्पताल में ली कोरोना वैक्सीन की दूसरी खुराक का टीका लगवाया। टीका लगवाने के बाद श्री मोदी ने ट्वीट कर कहा, आज मैंने एम्स में कोविड वैक्सीन की दूसरी खुराक ली। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे कोविनडॉटजीओवीडॉटइन पर पंजीकरण करवाकर टीका लें क्योंकि टीकाकरण ही उन चुनिंदा रास्तों में से एक है, जिसके जरिए वायरस को हराया जा सकता है। श्री मोदी ने पिछले महीने एक मार्च को कोरोना टीके की पहली खुराक ली थी। प्रधानमंत्री ने भारत बायोटेक द्वारा विकसित कोरोना टीका लगवाया था।

मां ने दो बच्चों के साथ कुएं में लगायी छलांग, तीनों की मौत

बिरनी/गिरिडीह : बिरनी थाना क्षेत्र के चोंगाखार पंचायत के परसबनी गांव में गुरुवार को एक मां अपने दो बच्चों के साथ कुएं में कूद गई। हो-हल्ला पर काफी संख्या में आसपास के ग्रामीण मौके पर जुटे और उन्हें निकालने का प्रयास किया मगर तबतक दोनों बच्चे समेत मां की मौत हो चुकी थी। मृतकों में शिवशंकर दास की 22 वर्षीय पत्नी हेमंती देवी, उसका 4 साल का बेटा आयुष कुमार और दो साल की बेटी संजना कुमारी थी। मिली जानकारी के अनुसार मृतका हेमंती देवी का पति शिवशंकर दास मुंबई में और ससुर भी कहीं बाहर मजदूरी करते हैं। हेमंती यहां सास और ननद के साथ रहती थी। घटना की सूचना पर बिरनी थाना प्रभारी शमानंद सिंह दलबल मौके पर पहुंचे और मामले की जांच की शुरू कर दी।

गोड्डा से चली हमसफर ट्रेन, विधायक-सांसद भिड़े

रेल मंत्री ने हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को किया रवाना
विधायक-सांसद की भिड़ंत से स्टेशन पर कोरोना गाइडलाइन की धज्जियां उड़ीं

एजेंसी

गोड्डा : संथाल परगना के लिए गुरुवार का दिन ऐतिहासिक रहा। हंसडीहा-गोड्डा रेल मार्ग के उद्घाटन के साथ ही गोड्डा से रेल परिचालन शुरू हो गया। रेल मंत्री पीयूष गोयल ने ऑनलाइन हरी झंडी दिखाकर गोड्डा से चलने वाली पहली ट्रेन हमसफर एक्सप्रेस को दिल्ली के लिए रवाना किया। हालांकि इससे कुछ देर पहले कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव और भाजपा से गोड्डा सांसद डॉ. निशिकांत दुबे किसी बात पर आपस में भिड़ गए। भारी शोर शराबे के बीच पुलिस ने दोनों को एक-दूसरे से दूर हटाया, तब मामला शांत हुआ। विधायक और सांसद के आमने-सामने होने के बाद स्टेशन परिसर पर कोरोना गाइडलाइन की धज्जियां उड़ गई। इस दौरान काफी ज्यादा भीड़ दिखी। सोशल >> शेष पेज 11 पर

ट्रेन चलाने की क्रेडिट लेने की होड़ हाथापाई की वजह

गोड्डा में रेल परिचालन शुरू होने के ऐतिहासिक मौके पर क्रेडिट लेने की होड़ में ही बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे और पोड़ैयाहाट से कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव के बीच नोंक-झोंक हुई। नोंक-झोंक इतनी बढ़ी की नौबत हाथापाई की आ गई। भीड़ में महगामा की कांग्रेस विधायक दीपिका सिंह पांडेय भी शामिल थीं। मौके पर राज्य सरकार के प्रतिनिधि के रूप में राज्य के मंत्री चम्पई सोरेन के साथ रेलवे के वरीय अधिकारी भी मौजूद थे। वहीं मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों और सुरक्षाकर्मियों ने सांसद और विधायक को अलग करते हुए मामला शांत कराया।

आज व कल हल्की बारिश संभव, पारे में होगी गिरावट

रांची : निम्न दबाव के कारण 9 और 10 अप्रैल को रांची समेत राज्य के कई जिलों में हल्की बारिश होने की संभावना है। बारिश के कारण अगले एक-दो दिनों में तापमान में 2-3 डिग्री की गिरावट होने की संभावना है। यह जानकारी मौसम विभाग ने दी है। विभाग के अनुसार 2-3 दिनों बाद फिर से पारे में वृद्धि होगी। विभाग ने 9 और 10 अप्रैल को जिन जिलों में बारिश की संभावना व्यक्त की है उनमें उत्तर-पूर्वी, मध्यवर्ती तथा दक्षिणी जिले शामिल हैं। विभाग ने इन इलाकों में गर्जन और वज्रपात की आशंका व्यक्त की है। इस दौरान 30-40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने की संभावना है। इधर, गुरुवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से मौसम साफ रहा। बुधवार के मुकाबले गुरुवार को अधिकतम तापमान में 1 डिग्री वृद्धि दर्ज की गयी। न्यूनतम तापमान भी 2 डिग्री बढ़कर 23.6 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। वहीं, डालटेनगंज में तापमान 42 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। डालटेनगंज, गढ़वा, चतरा और लातेहार जिलों में हीट वेव की स्थिति रही।

बंगाल में चौथे चरण का प्रचार थमा, वोटिंग कल

चौथे चरण में 44 सीटों पर होना है मतदान

एजेंसी

कोलकाता : पश्चिम बंगाल में चौथे चरण में पांच जिलों की 44 विधानसभा सीटों के लिए प्रचार अभियान बृहस्पतिवार शाम पांच बजे समाप्त हो गया। इन सीटों पर 10 अप्रैल को मतदान होगा। दक्षिण बंगाल के हावड़ा (भाग दो), दक्षिण 24 परगना (भाग तीन), हुगली (भाग दो) और उत्तर बंगाल के अलीपुरद्वार तथा कूचबिहार में शुक्रवार को होने वाले चुनाव में 1,15,81,022 मतदाता 373 उम्मीदवारों के भविष्य का फैसला करेंगे। कुल मतदाताओं में 58,82,514 पुरुष, 56,98,218 महिलाएं और थर्ड जेंडर के 290 सदस्य शामिल हैं। मतदान सुबह सात बजे से शाम साढ़े छह बजे तक होगा। इन सीटों पर 15,940 मतदान केंद्रों पर वोट पड़ेंगे। इस चरण में हावड़ा की नौ, दक्षिण 24 परगना की 11, अलीपुरद्वार की पांच, कूचबिहार की नौ और हुगली की 10 सीटों पर मतदान होगा। इस चरण में अपनी किस्मत आजमा रहे प्रत्याशियों में बंगाल रणजी के पूर्व कप्तान मनोज तिवारी (शिबपुर सीट, तृणमूल कांग्रेस) और राज्य के शिक्षा मंत्री और बेहला पश्चिम सीट से वर्तमान विधायक पार्थ चटर्जी शामिल हैं। इसके अलावा टॉलीगंज सीट पर भाजपा के केंद्रीय मंत्री बाबुल सुप्रियो का मुकाबला राज्य के खेल मंत्री अरूप बिस्वास से है। बेहला पूर्व सीट पर भाजपा की उम्मीदवार पायल सरकार का मुकाबला रत्ना चटर्जी से है जो शहर के पूर्व महापौर और अग्निशमन मंत्री शोभन चटर्जी की पत्नी हैं। राज्य के पूर्व वन मंत्री राजीव बनर्जी हाल ही में भाजपा >> शेष पेज 11 पर

रक्तदान मानव जीवन की रक्षा के लिए संजीवनी : मुख्यमंत्री

वरीय संवाददाता

रांची : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुरुवार को रिम्स ब्लड बैंक के लिए रक्तदान किया। मुख्यमंत्री ने कहा, रक्तदान मानव जीवन की रक्षा के लिए संजीवनी का काम करता है। हर स्वस्थ व्यक्ति को स्वेच्छा से रक्तदान करना चाहिए। रिम्स ब्लड बैंक के राजीव रंजन और प्रसेन प्रसाद ने बताया कि मुख्यमंत्री समय-समय पर रक्तदान कर अपना सहयोग देते रहते हैं।

कृषि कानून वापस नहीं होने तक जारी रहेगा आंदोलन: टिकैत

सहारनपुर : किसान नेता राकेश टिकैत ने आज फिर दोहराया कि कृषि कानूनों के वापस होने तक इसके खिलाफ चल रहा आंदोलन चलता रहेगा। उन्होंने कहा कि कोरोना के कारण अगर सम्पूर्ण लॉकडाउन लगाया जाता है तब भी किसान दिल्ली सीमा पर डटे रहेंगे। किसान अब पूरी तरह से कानून को लेकर आर पार के मूड में हैं। शहीद भगत सिंह के भतीजे किरणजीत सिंह की बेटी की शादी में शिरकत करने आये राकेश टिकैत ने कहा कि आंदोलन अब गांव गांव तक फैल गया है। किसान आंदोलन के समर्थन में भाजपा नेत्री प्रियंवदा तोमर के पार्टी से त्यागपत्र के सवाल पर उन्होंने कहा कि लोग अब समझ रहे हैं कि कानून किसानों के खिलाफ है।

प्रशासन और सरना समितियों के बीच बनी सहमति
नहीं निकलेगा सरहुल जुलूस

52 साल में दूसरी बार सरहुल के दिन सड़कों पर पसरा रहेगा सन्नाटा

संवाददाता

रांची : रांची में सरहुल पर्व के दौरान सरना समितियों की ओर से जुलूस या शोभायात्रा नहीं निकाली जाएगी। डीसी के साथ विभिन्न सरना समितियों के साथ बैठक में यह फैसला लिया गया है। रांची में लगातार बढ़ रहे कोविड के मामले को देखते हुए समितियों ने एकमत होकर फैसला लिया कि इस बार शोभायात्रा नहीं निकाली जाएगी। सिरम टोली स्थित मुख्य सरना स्थल पर 5 लोगों को पूजा पाठ करने की अनुमति दी गई है। बैठक के दौरान ये निर्णय लिया गया कि विभिन्न मौजा से अधिकतम 5 लोग मुख्य सरना स्थल पर कोविड-19 के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए पहुंचेंगे और बारी-बारी से पूजा पाठ करेंगे। इस दौरान ढोल नगाड़ा साथ लाने के अनुमति नहीं होगी। साथ ही अलग-अलग मौजा से अधिकतम 5 लोग पैदल न आकर वाहन से आयेंगे।

52 साल में दूसरी बार लगी है रोक : 52 साल में ऐसा दूसरी बार है जब रांची में शोभायात्रा नहीं निकलेगी। इससे पहले पिछले साल भी कोविड के कारण शोभायात्रा पर रोक लगा दी गई थी। बैठक में सिटी एसपी सौरभ, रांची अनुमंडल पदाधिकारी समीरा एस भी शामिल थीं।

डीसी ने कहा, सरकार का आदेश लागू करने में सहयोग करें : बैठक के दौरान डीसी ने कहा कि विभिन्न सरना समितियों को ही समाधान >> शेष पेज 11 पर

भ्रष्टाचार मामला: देशमुख की अपील सुप्रीम कोर्ट में खारिज

नयी दिल्ली : उच्चतम न्यायालय ने भ्रष्टाचार के मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) जांच के आदेश के खिलाफ महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख और राज्य सरकार की याचिकाएं गुरुवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति संजय किशन कौल और न्यायमूर्ति हेमंत गुप्ता की खंडपीठ ने याचिकाओं को खारिज करते हुए कहा कि इस मामले की जांच की आवश्यकता है। खंडपीठ ने कहा, आरोपों की गम्भीर प्रकृति तथा इसमें शामिल व्यक्तियों के मद्देनजर इस मामले की स्वतंत्र जांच की आवश्यकता है। न्यायमूर्ति कौल ने कहा,(बॉम्बे उच्च न्यायालय ने) इस मामले में प्रारम्भिक जांच के ही आदेश दिये हैं इसलिए हम संबंधित आदेश में हस्तक्षेप करना नहीं चाहते। श्री देशमुख के अलावा महाराष्ट्र सरकार ने भी इस मामले में बॉम्बे उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी थी।

नक्सलियों ने सीआरपीएफ जवान को रिहा किया

नई दिल्ली : छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में हुए नक्सली हमले के बाद अगवा किये गये कोबरा कमांडो राकेश्वर सिंह मन्हास को रिहा कर दिया गया है। यह जानकारी पुलिस अधिकारियों ने दी है। नक्सलियों ने मन्हास को जंगल में छोड़ दिया। बीजापुर के एसपी ने बताया कि राकेश्वर सिंह मन्हास को सुरक्षित सीआरपीएफ कैंप ले आया गया है। अभी उनकी मेडिकल जांच की जायेगी। मन्हास की वापसी से उनका पूरा परिवार खुश है। सीआरपीएफ कैंप में भी उनके आने से खुशी देखी गयी।

आज का विचार

अपनी गलतियों को ढूंढना, अपनी बुरी आदतों को समझना, अपनी आन्तरिक दुर्बलताओं को अनुभव करना और उन्हें सुधारने के लिए निरन्तर संघर्ष करते रहना यही जीवन संग्राम है।

-पं. श्रीराम शर्मा आचार्य

तापमान

अधिकतम	न्यूनतम
34.2°c	14.4°c

सूर्योदय: 06.05 | सूर्यास्त : 05.55

रांची सर्राफा

सोना-प्रति 10 ग्राम

खरीद: 44900, बिक्री: 40900

चांदी 68500 रु. प्रति किलो

इमली की खटास महिलाओं के जीवन में घोल रही मिठास

पिछले साल 112 टन इमली के संग्रह व बिक्री से ग्रामीण महिलाओं ने किया 39 लाख से ज्यादा का व्यापार

वरीय संवाददाता

रांची : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड में उपलब्ध वनोपजों के जरिये सुदूर गांव में रहने वाले लोगों की आमदनी में बढ़ोतरी का प्रयास रंग ला रहा है। राज्य के वन प्रदेशों में इमली के पेड़ों की अधिकता अब रोजगार का जरिया बन रहा है। इमली की खटास ग्रामीण महिलाओं के जीवन में आजीविका की मिठास घोल रही है। ग्रामीण विकास विभाग के तहत झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी अंतर्गत महिला किसान सशक्तिकरण परियोजना ग्रामीण महिलाओं के लिए इमली संग्रह व प्रसंस्करण का कार्य कर अच्छी आमदनी उपलब्ध कराने में सहायक बन रहा है। इमली संग्रह के जरिये महिलाएं मामूली लागत से अच्छा मुनाफा प्राप्त कर रही हैं। वर्तमान में राज्य के पांच जिलों सिमडेगा, रांची, गुमला, पश्चिमी सिंहभूम और खूंटी में महिला किसान सशक्तिकरण परियोजना के अंतर्गत 14,731 किसान इमली उत्पादन व प्रसंस्करण के कार्य से जुड़े हैं। महिला किसान सशक्तिकरण परियोजना द्वारा किसानों को प्रशिक्षण और आधुनिक उपकरणों के जरिये प्रसंस्करण का प्रशिक्षण दिया गया है। पिछले वर्ष राज्य की 11 हजार महिला किसानों द्वारा 112 मीट्रिक टन इमली का संग्रहण कर तकरीबन 39 लाख से ज्यादा का व्यापार किया गया। वर्तमान में कुल 14,731 महिला किसानों द्वारा 309 मीट्रिक टन इमली का संग्रहण कर उसका व्यापार करने का लक्ष्य रखा गया है, उसमें से अब तक 86 मीट्रिक टन इमली संग्रहित कर प्रसंस्कृत किया जा रहा है। आने वाले दिनों में इस पहल के जरिये और अच्छी कमाई होने की उम्मीद है।

आधुनिक मशीनों से बन रहा है इमली का केक : महिला किसान परियोजना के अंतर्गत इमली उत्पादन से जुड़ी महिला किसान प्रसंस्करण इकाई के माध्यम से इमली केक बनाने का कार्य भी कर रही हैं। इन प्रसंस्करण इकाइयों में ग्रामीण महिलाएं इमली से बीज निकालने से लेकर पल्प >> शेष पेज 11 पर

15 लाख के गबन मामले में मुकदमा दर्ज

रांची : सदर थाना क्षेत्र के कोकर बाजार स्थित एक मोबाइल कंपनी के एजेंसी संचालक के सेल्समैन द्वारा 15 लाख रुपये गबन किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। इसे लेकर एजेंसी संचालक आनंद अग्रवाल ने सदर थाने में एक मुकदमा दर्ज कराया है। सदर पुलिस ने दर्ज प्राथमिकी के आधार पर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। एजेंसी संचालक ने पुलिस को बताया है कि सेल्समैन जैनेंद्र कुमार ने 15 लाख का मोबाइल नारंग इन्फोटेक को देने के बजाय कामधेनू एजेंसी को दे दिया था। आरोपी ने एजेंसी को धोखा देकर 15 लाख का गबन कर लिया। संबंधित एजेंसी कोकर बाजार में है। उसी एजेंसी में जैनेंद्र कुमार काम करता है। उसका काम रांची और आसपास इलाके के दुकानदारों को मोबाइल सप्लाई कर राशि की वसूली करना है। जुलाई 2020 से फरवरी 2021 के बीच करीब 15 लाख रुपये का वह मोबाइल एजेंसी से लिया, लेकिन उसने ऑर्डर लिए गये दुकानदारों को मोबाइल नहीं दिया।

गोड्डा सांसद निशिकांत दूबे का हेमंत सरकार पर बड़ा आरोप

मधुपुर को बांग्लादेशियों की शरणास्थली बना रही

संवाददाता

रांची/जामताड़ा : गोड्डा के भाजपा सांसद निशिकांत दूबे ने कहा कि हेमंत सरकार पाकुड़ और जामताड़ा को बांग्लादेशियों की शरणास्थली बना रही है। सरकार का अगला टारगेट मधुपुर विधानसभा क्षेत्र है, जो गोड्डा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत आता है। उन्होंने कहा कि मधुपुर को किसी भी कीमत पर बांग्लादेशियों का अड्डा नहीं बनने दिया जायेगा। पाकुड़ और जामताड़ा को बांग्लादेशियों का शरणस्थली बनाया जा रहा है। जिसका परिणाम है कि एससी, एसटी, ओबीसी पर अत्याचार बढ़ गया है।

यही स्थिति मधुपुर विधानसभा में करने का इनका टारगेट है। जो पूरा नही होने दिया जायेगा। वोट बैंक की राजनीति के तहत हफीजुल को टिकट दिया गया है। इरफान अंसारी और आलमगीर आलम बांग्लादेशी घुसपैठियों को प्रश्रय दे रहे हैं। लेकिन, मुझे कोई भी कुर्बानी क्यों नहीं देनी पड़े, मैं अपने क्षेत्र में बांग्लादेशियों की घुसपैठ नहीं होने दूंगा। उन्होंने कहा कि मधुपुर विधानसभा उपचुनाव में भाजपा की जीत होगी और 10 मई के बाद राज्य में नयी सरकार का गठन भी किया जायेगा। सांसद निशिकांत दूबे जामताड़ा में बीते नौ दिनों से दलित परिवार की ओर से किये जा रहे धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम में दलितों का हाल जाने गुरुवार की शाम पहुंचे थे। उन्होंने परिवार का हाल जाना और 50 हजार रुपये की आर्थिक मदद की। साथ ही कहा कि अगर सरकार उनका आवास नहीं बनाती है तो भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता चंदा करके पीएम आवास से बेहतर घर बना कर देगा। उन्होंने कहा कि किसी भी स्थिति में भारतीय जनता पार्टी दलितों का उत्पीड़न और उन पर अत्याचार बर्दाश्त नहीं करेगी। मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता विरेंद्र मंडल, सोमनाथ सिंह, निमाई दास, मनीष दुबे, कमलेश मंडल, मोहित कुमार, अंजनी तिवारी, शेखर भैया सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

भाजपा जनता को सरकार के खिलाफ उकसा रही : कांग्रेस

रांची : प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि हर मोर्चे पर विफल हो रही भाजपा अब जनता को सरकार के खिलाफ उकसा रही है, लेकिन जनमानस का भरोसा और विश्वास महागठबंधन की सरकार पर आज भी कायम है। भाजपा अध्यक्ष को सत्ता में रहते पारा शिक्षकों और होमगार्ड के जवानों की चिंता नहीं थी। जनता जानती है कि कैसे अपने अहंकार में चूर पारा शिक्षकों पर लाठी चला कर उनके आंदोलन को कमजोर करने का प्रयास भाजपा ने अपने शासनकाल में किया। लेकिन हम पहले भी पारा शिक्षकों और होमगार्ड के जवानों के साथ थे और आज भी हैं। इस तरह का बयान देने के पहले भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को सोचना चाहिए। स्वयं की सत्ता में रहते किस प्रकार काम किया इसके लिए उन्हें शर्म आनी चाहिए। महागठबंधन सरकार पूरी तरह से पारा शिक्षकों और होमगार्ड के जवानों के साथ किये गये वादे पर खड़ी है। जल्द ही इसका रिजल्ट भी मिलेगा, लेकिन भाजपा को यह बताना चाहिए कि देश के किसान जो आंदोलनरत हैं उनको इंसाफ कब मिलेगा।

मेरी आवाज मेरी पहचान ग्रुप ने बांटे मास्क

रांची : मेरी आवाज मेरी पहचान ग्रुप की ओर से गुरुवार को कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए हरमू बस्ती और हरमू कॉलोनी में लोगों के बीच मास्क वितरण किये गये। मौके पर अभिनेता देवेश खान ने लोगों को कोरोना से बचाव के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा घर से जब भी बाहर निकलें मास्क का उपयोग जरूर करें। मौके पर गायक कुमार गहलोत, शोएब उर्रहमान, संजीव कुमार, कविता होरो, बुलंद अख्तर आदि मौजूद थे।

संविदाकर्मी सरकार के खिलाफ तेज करें अभियान : दीपक प्रकाश

संवाददाता

रांची : भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने राज्य के संविदाकर्मियों यथा पारा शिक्षकों, होमगार्ड के जवानों, सहायक पुलिसकर्मियों से सरकार के खिलाफ विरोध तेज करने का आह्वान किया है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सरकार के झूठे वादों को लेकर सोशल मीडिया में भी विरोध करने की जरूरत है। कांग्रेस और झामुमो ने झारखंड की जनता के साथ झूठ बोलकर, झूठे वादे कर, सपने दिखाकर सत्ता हासिल की, लेकिन सरकार के वादों का क्या हुआ? उन्होंने कहा कि पंचायत

सचिव अभ्यार्थियों, पारा शिक्षकों, संविदा पर कार्य करने वाले कर्मियों, होमगार्ड के जवानों, सहायक पुलिसकर्मियों, नव चयनित हाई स्कूल के शिक्षकों से किये गये वादों का क्या हुआ? उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आग्रह किया कि जनता से किये गये वादों को पूरा करें। अन्यथा यही आंदोलनकारी अभ्यार्थी आपकी सरकार को उखाड़ फेंकेंगे। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि राज्य भर में हेमंत सरकार के खिलाफ आम जनता में भारी आक्रोश है। इसका असर मधुपुर उपचुनाव में दिखेगा। मधुपुर की जनता ने भाजपा उम्मीदवार को विजयी बनाने का मन बना लिया है। उन्होंने सरकार के खिलाफ सभी संविदाकर्मियों से मधुपुर उपचुनाव में जनजागरण चलाकर सरकार को आईना दिखाने को कहा।

सीएम से मिला इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में नाम दर्ज कराने वाला विराट

वरीय संवाददाता

रांची : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज कराने वाले सात वर्षीय मास्टर विराट माकन ने गुरुवार को मुलाकात की। पंजाबी मोहल्ला नामकुम रेलवे स्टेशन निवासी विराट ने 75 से 2 तक का पहाड़ा 11 मिनट 6 सेकंड में उल्टा सुनाकर इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज कराया है। विराट देश का ऐसा पहला बच्चा है, जिसने यह कारनामा किया है। मुख्यमंत्री ने विराट को बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की

कामना की है। इस अवसर पर खिजरी विधायक राजेश कच्छप, विराट की मां शिल्पी माकन और पिता गगन माकन मौजूद थे।

डीपीएस के साकेब को क्विज प्रतियोगिता में पहला स्थान

रांची : दिल्ली पब्लिक स्कूल रांची के कक्षा 12वीं के छात्र साकेब अर्शलान ने आईआईटी भुवनेश्वर द्वारा आयोजित वार्षिक क्विज प्रतियोगिता प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वैश्विक महामारी के कारण इस बार क्विज प्रतियोगिता वर्जुअल प्लेटफॉर्म पर आयोजित की गयी थी। साकेब को प्रथम पुरस्कार के रूप में 10 हजार रुपये नकद मिले।

प्रतियोगिता में देशभर के 80 फीसदी विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया था। प्रतियोगिता प्रारंभिक व अंतिम दो चरणों में हुई। साकेब ने पूर्व में भी राष्ट्रीय स्तर क्विज में अनेक पुरस्कार जीते हैं। विद्यालय के प्राचार्य डॉ राम सिंह ने साकेब को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

मोरहाबादी मैदान पुनर्विकास कार्य पर मेयर ने लगायी रोक

संवाददाता

रांची : मोरहाबादी मैदान के पुनर्विकास कार्य के तहत मैदान के चारों ओर लैंडस्केपिंग व पेवर ब्लॉक लगाने से संबंधित कार्य योजना पर मेयर आशा लकड़ा ने रोक लगा दी है। मेयर ने बताया कि यह काम आरसीडी के अधीन है। नगर निगम को 15वें वित्त आयोग के तहत आवंटित राशि से निगम कार्य क्षेत्र में ही काम किया जाना है। 26 मार्च को नगर विकास विभाग ने पत्र के माध्यम से रांची नगर निगम को निर्देश दिया है कि वित्तीय वर्ष 2020-21 में 15वें वित्त आयोग के तहत आवंटित राशि से शहरी जलापूर्ति, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, नगरीय आधारभूत संरचनाएं व आवास मद से मोरहाबादी मैदान के पुनर्विकास के तहत कैंपस लैंडस्केपिंग व पेवर ब्लॉक कार्य करायें। इस कार्य के लिए नगर विकास विभाग ने 4,39,25,100 रुपये के प्राक्कलन पर प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की है। मेयर ने नगर आयुक्त मुकेश कुमार को पत्र लिख कर संबंधित कार्य योजना पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने का आदेश दिया है। 15वें वित्त आयोग के तहत आवंटित राशि से 53 वार्डों में आवश्यकतानुसार पेवर ब्लॉक से गली-मुहल्लों में सड़क का निर्माण कराया जाना है।

सरकार के निर्देशों का करें पालन : सीओ

छतरपुर/पलामू: सरकार के निर्देश के आलोक में अंचल अधिकारी छतरपुर, कार्यपालक दंडाधिकारी एवं थाना प्रभारी छतरपुर के नेतृत्व में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया । साथ ही लोगों को कोरोना संक्रमण से बचाव हेतु जागरूक किया गया । अंचल अधिकारी ने अनाउंसमेंट करते हुए लोगों से अपील करते हुए कहा कि अति आवश्यक कार्य हो तभी घर से बाहर निकले अन्यथा घर पर ही रहे। जब बाहर निकले तो निश्चित रूप से मास्क का प्रयोग करें ,साथ ही सामाजिक दूरी का अनुपालन करें। वहीं अंचल अधिकारी ने दुकान व प्रतिष्ठान के मालिकों से अनुरोध किया गया कि अपनी दुकान व प्रतिष्ठान में नो मास्क नो एंट्री का बैनर लगाए एवं रात्रि 8रू00 बजे से पहले अपनी दुकान बंद कर दे।

अभियंताओं की टीम शहर की पाइप लाइन का ले रही जायजा

संवाददाता

रांची : पेयजल स्वच्छता विभाग के सचिव प्रशांत कुमार ने शहर में पेयजल संकट पर नगर निगम वार्ड क्षेत्र के पार्षदों के साथ बैठक कर समस्याओं की जानकारी ली थी। उन्होंने जहां पानी सप्लाई पाइप बिछा पर पानी नहीं आने पर सप्लाई पानी की व्यवस्था करने, जहां पाइप नहीं बिछा है वहां पाइप लाइन बिछा कर पानी सप्लाई करने की बात कही थी। इस संबंध में सचिव के निर्देश पर विभाग के अभियंताओं की टीम ने वार्ड 7, 8, 9 एवं किशोरगंज, हरमू रोड आदि क्षेत्रों का जायजा लिया। कई क्षेत्रों में पुरानी पाइप लाइन है जिसमें पानी नहीं आ रहा है, वहां पाइप पाइप बदलने की बात कही।

इसी तरह वार्ड 26 के हरमू बस्ती घोष टेंट हाउस गली एवं फारुकी स्ट्रीट गली में पाइप लाइन बिछाया गया है, किंतु मुख्य पाइप लाइन से जोड़ा नहीं गया। जबकि, उसके आठ कदम की दूरी पर दूसरी गली में बिछे पाइप लाइन में सप्लाई पानी आ गया है। यदि इन दोनों जगहों पर भी पाइप लाइन को मुख्य पाइप लाइन से जोड़ दिया जाये तो इन दोनों मुहल्लों के करीब 200 घरों में भी सप्लाई पानी आसानी से आने लगेगा।

समाजसेवी ईदू भाई का निधन

रांची : गुदरी चौक लोअर बाजार निवासी समाजसेवी सलामुल हक उर्फ ईदू भाई का गुरुवार दोपहर आकस्मिक निधन हो गया। शुक्रवार को जुमा नमाज के बाद रातू रोड कब्रिस्तान में मिट्टी की रस्म अदा की जायेगी। ईदू भाई गुदरी चौक स्थित चांदनी मस्जिद के अध्यक्ष रहे। चांदनी मस्जिद निर्माण से लेकर मस्जिद की पूरी देख-रेख में इनकी अहम भूमिका रही है। उनके निधन से समाज को बहुत बड़ा नुकसान हुआ है। सर्वधर्म सद्भावना समिति सामाजिक मंच के अध्यक्ष मो इसलाम, मुख्य संरक्षक तिलकराज अजमानी, संरक्षक राजीव रंजन मिश्रा, हीरालाल साहू समेत पूरा मंच परिवार ने ईदू भाई के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

डॉ आनंद बने इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स के अध्यक्ष

रांची : शिशु विशेषज्ञों की संपन्न हुई वार्षिक बैठक में वरिष्ठ चिकित्सक डॉ आनंद कुमार जगनाणी को सर्वसम्मति से आगामी वर्ष के लिए इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स (आईएपी) रांची का अध्यक्ष चुना गया है। ज्ञात हो कि उन्होंने पिछले कई वर्षों से इस संगठन में विभिन्न स्तर पर अपना बहुमूल्य योगदान दिया है। मौके पर निवर्तमान अध्यक्ष डॉ आशुतोष त्रिपाठी ने डॉ जगनाणी को पदक से सम्मानित किया। सर्वसम्मति से सचिव डॉ शैलेश चंद्र, उपाध्यक्ष डॉ अजित सहाय व डॉ अजित शर्मा, कार्यकारिणी सदस्य डॉ रविशंकर सिंह, डॉ प्रेम कुमार रंजन, डॉ विनोद कुमार, डॉ परमानंद कुमार, डॉ राजेश कुमार को बनाया गया।

लदान को बढ़ावा देने के लिए डीआरएम ने की व्यवसायियों संग बैठक

संवाददाता

रांची : डीआरएम नीरज अंबष्ठ ने गुरुवार को पारंपरिक लदान के अलावा अन्य लदानों को आकृष्ट करने के लि, बिजनेस डेवलपमेंट यूनिट के अंतर्गत वीडियो कांफ्रेंसिंग से व्यवसाइयों के साथ विस्तृत चर्चा की। कार्यक्रम में डीआरएम ने व्यवसायियों की समस्याओं की जानकारी ली तथा उनके सुझाव भी लिये। रेल प्रशासन ने व्यवसायियों को आश्वस्त किया कि उन्हें साइडिंग में और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करायी जायेंगी, जिससे उन्हें अधिक लदान करने एवं रेलवे को अधिक लदान प्राप्त करने में सुविधा होगी। अंबष्ट ने व्यवसायियों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि रेल हमेशा व्यवसायियों को साइडिंग में जरूरी सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत है। आने वाले समय में व्यवसायियों की ओर से लदान में वृद्धि की उम्मीद है तथा रांची रेल मंडल की ओर से अनलोडिंग जल्द से जल्द करने का पूरा प्रयास रहेगा। डीआरएम ने कहा कि व्यवसायी और रेल साथ मिलकर काम करें तो भविष्य में लदान एवं व्यापार में वृद्धि होगी। कोयला

व्यवसायी मनोज निंजा, रघुवंशी, चावल व्यवसाई रितेश कुमार, हिंडालको लोहरदगा के अभिषेक कुमार, हिंडालको मुरी के यशपाल नेगी ने चर्चा में भाग लिया तथा अपने विचार व्यक्त किये, जबकि रेल प्रशासन की ओर से वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक-सह-मुख्य जनसंपर्क अधिकारी नीरज कुमार, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवनीश एवं बिजनेस डेवलपमेंट यूनिट को-ऑर्डिनेटर विजय कुमार, वाणिज्य विभाग के निरीक्षक एवं सुपरवाइजरों ने चर्चा में भाग लिया।

डीपीएस की निवेदिता व अरण्या ने एमयूएन में लहराया सफलता का परचम

संवाददाता

रांची : दिल्ली पब्लिक स्कूल रांची की कक्षा 12वीं की निवेदिता कुहू एवं अरण्या चतुर्वेदी ने आईआईटी नयी दिल्ली द्वारा आयोजित एमयूएन 2021 (संयुक्त राष्ट्र मॉडल) में अपनी उत्कृष्ट मेधा शक्ति व प्रतिभा के बल पर दमदार उपस्थिति दर्ज कराकर विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया है। आईआईटी नयी दिल्ली ने 26 व 27 मार्च को राष्ट्रीय स्तर पर वार्षिक सांस्कृतिक महोत्सव के अंतर्गत एमयूएन का आयोजन किया। समारोह में डीपीएस रांची के चार छात्रों ने भाग लिया। एमयूएन के अंतर्गत ईसीओएसओसी, यूएनजीए, यूएनएचआरएस आदि समितियों का गठन किया गया है। जिसे संयुक्त राष्ट्र मॉडल के नाम से जाना जाता है। इन समितियों का हिस्सा बनकर विद्यार्थियों ने विभिन्न देशों के बीच कूटनीतिक संबंधों व अंतरराष्ट्रीय संबंधों की महत्ता को जाना व परखा। विद्यालय के कक्षा 12 की निवेदिता कुहू यूएनजीए-डीआईएसईसी समिति में

शामिल होकर अपनी उल्लेखनीय प्रतिभा के बल पर विजयी रही। 12वीं कक्षा की अरण्या चतुर्वेदी ने लोकसभा समिति में शामिल होकर प्रतिष्ठित पुरस्कार जीता। कक्षा 12 की अन्वेषा त्रिपाठी व हुमैरा ने सहभागिता प्रमाण पत्र प्राप्त किया। दोनों विजेताओं की अनूठी उपलब्धि के लिए विद्यालय के प्राचार्य डॉ राम सिंह ने बधाई दी। उन्होंने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

विशाल सागर बने रांची के उप विकास आयुक्त

रांची : कार्मिक विभाग के संयुक्त सचिव विशाल सागर को उप विकास आयुक्त-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी जिला परिषद रांची के पद पर पदस्थापित किया गया है। वहीं, लेखा प्रशासन व स्वनियोजन जिला ग्रामीण विकास अभिकरण जामताड़ा रामवृक्ष महतो को अपर समहार्ता, भूमि सुधार एवं नक्सल रांची के पद पर पदस्थापित किया गया है। कार्मिक विभाग ने गुरुवार को इसकी अधिसूचना जारी की है।

प्रखंड स्तर पर कोरोना सेंटर शुरू करे सरकार : बाबूलाल

रांची : भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने कोरोना के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए राज्य सरकार से प्रखंड स्तर पर कोरोना सेंटर शुरू करने की मांग की है, ताकि गरीबों का इलाज ठीक से हो सके। उन्होंने राज्य में कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों को लेकर चिंता जतायी और प्रखंड स्तर पर कोरोना सेंटर शुरू करने की मांग की।

उन्होंने सरकार की चिकित्सा व्यवस्था पर सवाल खड़ा करते हुए राजधानी रांची में फिर से 5 डेडिकेटेड कोविड अस्पताल शुरू करने की मांग की है। बाबूलाल गुरुवार को संथाल दौरे के क्रम में जामताड़ा पहुंचने पर जामताड़ा परिसदन में पत्रकारों से बात कर रहे थे। बाबूलाल मरांडी ने सरकार पर निजी अस्पताल के भरोसे होने का आरोप लगाया। बाबूलाल ने कहा कि जिस तरह से कोरोना संक्रमण राज्य में फैल रहा है, उस तरह से सरकार गंभीर दिख नहीं रही है। सरकार महामारी से प्रभावित लोगों के इलाज के लिए निजी अस्पताल के भरोसे है। मधुपुर विधानसभा उपचुनाव पर उन्होंने कहा कि जो हश्र तमाड़ में शिबू सोरेन के मुख्यमंत्री रहते हुआ था, वही हश्र मधुपुर विधानसभा उपचुनाव में मंत्री के हारने से होगा। बाबूलाल मरांडी ने मधुपुर विधानसभा उपचुनाव में एनडीए की जीत का दावा किया।

स्वास्थ्य मंत्री से मिला एनएसयूआई का प्रतिनिधिमंडल

संवाददाता

रांची : एनएसयूआई झारखंड प्रदेश का प्रतिनिधिमंडल उपाध्यक्ष इंदरजीत सिंह के नेतृत्व में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने मेडिकल, डेंटल, नर्सिंग, पारा मेडिकल के छात्रों की समस्याओं से अवगत कराया। कहा कि मेडिकल कॉलेजों को लॉकडाउन के समय बंद किया जायेगा तो शिक्षण कार्य में परेशानी होगी। क्योंकि यह प्रोफेशन पूरी तरह प्रैक्टिकल एवं थ्योरी पर निर्भर है, डिजिटल माध्यम से संभव नहीं है। मंत्री से आग्रह किया कि मेडिकल विद्यार्थियों के शिक्षण कार्यक्रम को जारी रखने की अनुमति शिक्षण संस्थाओं को प्रदान करें। मौके पर संयोजक मुशर्रफ हुसैन, आकाश आदि मौजूद थे।

एक्सआईएसएस-यूएसआईईएफ का फुलब्राइट नेहरू फेलोशिप पर वेबिनार

भारत-अमेरिका के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान में मददगार : डॉ जोसेफ

संवाददाता

रांची : जेवियर समाज सेवा संस्थान (एक्सआईएसएस) और यूनाइटेड स्टेट्स-इंडिया एजुकेशनल फाउंडेशन (यूएसआईईएफ) ने फुलब्राइट नेहरू और अन्य फुल ब्राइट फेलोशिप पर गुरुवार को वेबिनार का आयोजन किया। इसके माध्यम से यूएसआईईएफ भारतीय एवं अमेरिकी विद्वानों, पेशेवरों और छात्रों के शैक्षणिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देता है। एक्सआईएसएस के निदेशक डॉ जोसेफ मरियानुस कुजूर, एसजे ने कहा कि इससे दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक ज्ञान का आदान-प्रदान आसान होगा और इसमें शामिल सभी दलों की शैक्षणिक दृढ़ता और महत्वपूर्ण सोच को बढ़ावा देगा। उन्होंने एक्सआईएसएस को कार्यक्रम का हिस्सा बनाने के लिए यूएसआईईएफ के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की और इसे न

केवल एक्सआईएसएस बल्कि समय की आवश्यकता बताया। यूएसआईईएफ कोलकाता केंद्र की क्षेत्रीय अधिकारी शेवंती नारायण ने बताया कि छात्रवृत्ति के प्रशासन से लेकर भारत और अमेरिका के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने तथा विभिन्न कार्यों को संभालने वाले संगठन ने 1950 में अपनी स्थापना के बाद से कितनी उन्नति कर चुका है। वर्ष 2022 में करीब 115 फेलोशिप देने की घोषणा के पश्चात, संगठन को करीब 1491 आवेदन प्राप्त हुए हैं। उन्होंने अपने संबोधन के दौरान फुल ब्राइट नेहरू और फुल ब्राइट कलाम छात्रवृत्ति के बारे में भी बात की। यूएसआईईएफ कोलकाता केंद्र की वरिष्ठ कार्यक्रम प्रबंधक सुमंता बसु ने पात्रता और आवेदन प्रक्रिया के संबंध में विभिन्न बताया। उन्होंने शिक्षा के विभिन्न क्षेत्रों के लिए आवश्यकता, उपलब्ध क्षेत्र, फेलोशिप के प्रकार जैसे मास्टर्स, डॉक्टोरल व पोस्ट-डॉक्टोरल फेलोशिप के बारे में बताया। एक्सआईएसएस के एसोशिएट प्रोफेसर डॉ अनंत कुमार ने अपने फुल ब्राइट अनुभव के बारे में बताया। इसके बाद एक प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया। जिसमें कोरोना महामारी के समय काल में फेलोशिप का निष्पादन कैसे संभव हो पर चर्चा की गयी। एक्सआईएसएस के सभी प्रोफेसर, छात्र व प्रबंधन कार्यक्रम से जुड़े विभिन्न लोगों ने वेबिनार में अपनी सहभागिता दी।

राजद का प्रतिनिधिमंडल एसपी से मिला

मेदिनीनगर: राष्ट्रीय जनता दल के पलामू जिलाध्यक्ष शिवप्रसाद मेहता के नेतृत्व में राजद का प्रतिनिधिमंडल आरक्षी अधीक्षक से मिलकर छत्तरपुर प्रखण्ड के चोड़ार उर्फ उदयगढ़ ग्रामवासी जितेन्द्र कुमार यादव व रामाशंकर यादव के साथ छत्तरपुर थाने में पदस्थापित एएसआई भूपेन्द्र सिंह द्वारा थाने के अंदर मारपीट व गाली-गलौज की घटना की जांच-पड़ताल कर भूपेन्द्र सिंह को निलंबित कर लाइन हाजिर करने की मांग किया है। आरक्षी अधीक्षक पलामू को दिए गए ज्ञापन में जितेन्द्र कुमार यादव ने कहा है कि मौजा- खरवारडीह,खाता सं०-01,10 एवं 18 की जमीन पर अवैध तरीके से बलपूर्वक तेनुडीह एवं नौडीहा माइंस से हाईवा के द्वारा पत्थर माफियाओं द्वारा पत्थर ढोने का कार्य किया जा रहा है। जब 5 अप्रैल को एक हाईवा को रोककर थाने को सूचित किया तो थाने में आवेदन लेकर आने व सुलझा देने की बात कही गई थी।

निजी अस्पताल प्रबंधकों के साथ बैठक में स्वास्थ्य मंत्री ने दी कड़ी चेतावनी

कोरोना मरीजों के इलाज में मनमानी पर होगी कार्रवाई

सरकार के निर्देशों का अनुपालन नहीं करने पर डिजास्टर मैनेजमेंट एक्ट के तहत होगी कार्रवाई

बैठक में शामिल नहीं होने वाले अस्पतालों से स्पष्टीकरण मांगने और औचक निरीक्षण का निर्देश

वरीय संवाददाता

रांची : स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता मंत्री वैसे निजी अस्पतालों पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है जो कोरोना मरीजों के इलाज में मनमानी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुछ अस्पतालों द्वारा मनमानी राशि की वसूली की जा रही है। ऐसा मामला संज्ञान में आने पर इन अस्पतालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी। कोराना के इस दूसरे फेज में मानवहित, राज्यहित एवं राष्ट्रीय हित में सरकारी एवं निजी अस्पतालों को मिलकर काम करने की आवश्यकता है। जो निजी अस्पताल सरकार द्वारा निर्धारित निर्देशों का अनुपालन नहीं करेंगे उनके विरुद्ध डिजास्टर मैनेजमेंट एक्ट तहत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अस्पतालों को अपने वेबसाइट एवं नोटिस बोर्ड पर कोरोना के इलाज का निर्धारित दर प्रदर्शित करने का निर्देश दिया। मंत्री की अध्यक्षता में गुरुवार को सभी निजी अस्पतालों (जहां कोरोना का उपचार किया जा रहा है) के साथ नामकुम स्थित आईपीएच सभागार में बैठक की गयी। इसमें निजी अस्पतालों में बेड क्षमता, उसकी बढ़ोतरी, दवाइयों की उपलब्धता एवं टीकाकरण की अद्यतन स्थिति एवं महत्वपूर्ण विषयों पर विमर्श किया गया। मंत्री ने सर्वप्रथम ऐसे निजी अस्पतालों पर नाराजगी जतायी, जो बैठक में उपस्थित नहीं हुए। अभियान निदेशक को निर्देश दिया कि ऐसे अस्पतालों से स्पष्टीकरण मांगा जाये। संबंधित इंसिडेंट कमांडर द्वारा उन अस्पतालों का औचक निरिक्षण करते हुए आवश्यक कार्रवाई की जाये। मंत्री ने कहा कि कोरोना के लगभग 90 प्रतिशत मरीजों का इलाज ऑक्सीजन सपोर्ट व दवाईयों से किया जा सकता है। मात्र 10 प्रतिशत संक्रमितों को ही वेंटिलेटर की आवश्यकता होती है। हमें इस अनुसार इलाज का प्रयास करना चाहिए। मंत्री ने औषधि निदेशक को यह निर्देश दिया कि मास्क, सैनिटाइजर की जमाखोरी ना हो। इसका जिला प्रशासन के साथ निगरानी करें।

होम आइसोलेशन के मरीजों को कोविड किट उपलब्ध हो : निजी अस्पताल

निजी अस्पतालों ने सुझाव दिया कि दिल्ली की तरह हमारे राज्य में भी होम आईसोलेशन मरीजों को कोविड किट उपलब्ध कराया जाये। प्रतिदिन दूरभाष पर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली जाये ताकि व्यवस्था पर लोगों का विश्वास बढ़े। बैठक में उपस्थित सभी निजी अस्पतालों द्वारा यह आश्वस्त किया गया कि अगले 3-4 दिनों में कुल बेड क्षमता का कम से कम 25 प्रतिशत बेड कोरोना के उपचार के लिए सुरक्षित करेंगे और धीरे धीरे बेड की संख्या और बढ़ायी जायगी। बैठक में एसडीओ रांची समीरा एस, राज हॉस्पिटल, देवकमल हॉस्पिटल, पारस हॉस्पिटल, मेदान्ता, नगरमल मोदी सेवा सदन, अंजुमन, प्रौमिस हेल्थ केयर, सेंटेवीटा, सेमफोर्ड, हरमू हॉस्पिटल, मेडिका, आर्किड, पल्स, राम प्यारी तथा अन्य अस्पतालों के प्रतिनिध उपस्थित थे।

अस्पतालों को बेड बढ़ाने का निर्देश

बैठक में अस्पतालों को कोरोना मरीजों के लिए बेड की संख्या बढ़ाने का निर्देश दिया गया। देवकमल अस्पताल में 17 बेड हैं तथा 13 बेड और बढ़ाने को कहा गया है। वहीं, सेवा सदन में 24 बेड हैं, 26 बेड और बढ़ाने को कहा गया। मेदांता में 30 बेड बढ़ाने को कहा गया, अभी 40 बेड हैं। अंजुमन इस्लामिया में 10-15 बेड रखने को कहा गया क्योंकि वहां एक भी बेड नहीं है। प्रॉमिस हेल्थ केयर को सात बेड बढ़ाने के लिए कहा गया। सैमफोर्ड को 20 बेड और बढ़ाने को बोला गया। मेडिका में 50 बेड हैं वहां 17 बेड बढ़ाने, पल्स में 68 बेड हैं वहां 20 बेड बढ़ाने, रामप्यारी हॉस्पिटल में 40 बेड हैं वहां 7 बेड और बढ़ाने तथा मेडिका में 50 बेड हैं उसमें 17 बेड और बढ़ाने को कहा गया है।

25 प्रतिशत बेड कोरोना मरीजों के लिए करें आरक्षित : सचिव

स्वास्थ्य सचिव केके सोन ने निजी अस्पतालों के प्रतिनिधियों से कि कोरोना बीमारी व मृत्युदर पर नियंत्रण में निजी अस्पतालों की भागीदारी भी महत्वपूर्ण है। संक्रमण में वृद्धि को देखते हुए सरकारी एवं निजी अस्पतालों को मिलकर समन्वय के साथ बेहतर रुप से कार्य करने की आवश्यकता है। अस्पतालों में आधारभूत संरचना में बढ़ोतरी की आवश्यकता पर बल दिया। अस्पतालों के कुल बेड क्षमता का कम से कम 25 प्रतिशत बेड कोरोना मरीजों के उपचार के लिए आरक्षित करने का निर्देश दिया। प्रत्येक 3-4 दिनों में बेड की संख्या में निरंतर वृद्धि का निर्णय लिया गया। प्रति 6 घंटे पर बेड की उपलब्धता की जनकारी प्रशासन को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। एसिम्टोमैटिक मरीज की स्थिति का आकलन करते हुए उन्हें होम आईसोलेशन में रखने का प्रयास किया जाए। प्रत्येक अस्पताल कोविड उपचार संबंधी निर्धारित शुल्क अपनी वेबसाईट, नोटिस बोर्ड पर प्रकाशित करना सुनिश्चित करें। अभियान निदेशक, एनएचएम रविशंकर शुक्ला ने अस्पताल प्रतिनिधियों से कहा कि अधिक से अधिक बेड कोरोना के गंभीर मरीजों के लिए सुरक्षित रखें। जिन अस्पतालों को विभाग से मदद की आवश्यकता है उनकी आवश्यकताओं को पूरा किया जाएगा। निजी अस्पतालों द्वारा ऑक्सीजन सिलिंडर की आवश्यकता बताए जाने पर उसे 2-3 दिनों के अंदर उपलब्ध करा दिया जायेगा।

प्रशासन की सख्ती

राजधानी में 8 बजते ही पसरा सन्नाटा

एसएसपी-सिटी एसपी भी उतरे सड़क पर

संवाददाता

रांची : गुरुवार को रात के आठ बजते ही राजधानी के सभी प्रतिष्ठान बंद हो गये। जो दुकानें खुली थीं, उसे बंद कराने के लिए पुलिस-प्रशासन की टीम शहर में सक्रिय रही और उन प्रतिष्ठानों के संचालकों को कड़ी हिदायत देकर बंद कराया। एसएसपी सुरेंद्र कुमार झा, सिटी एसपी सौरभ सहित शहर के सभी डीएसपी, इंस्पेक्टर व थानेदार भी सड़कों पर उतरे। पुलिस प्रशासन की सक्रियता के कारण सड़कों पर सन्नाटा पसर गया। मालूम हो कि सरकार ने 8 अप्रैल से सभी प्रतिष्ठानों को रात आठ बजे के बाद बंद रखने का सख्त निर्देश दिया है। यह निर्देश कोरोना के बढ़ते संक्रमण पर अंकुश लगाने को लेकर दिया गया है। गुरुवार को इस आदेश का आनुपालन कराने का पहला दिन था। इस कारण ही राजधानी के सभी वरीय पुलिस पदाधिकारी अपने-अपने कार्यालयों से बाहर निकले। एसएसपी ने कहा कि सरकार के आदेश का अनुपालन कराया जायेगा। लोगों की भी जिम्मेवारी है कि वे कोरोना के संक्रमण को रोकने के लिए पुलिस-प्रशासन को सहयोग करें। सभी लोग कोरोना गाइडलाइन का पालन करें। इससे संक्रमण भी रुकेगा। भविष्य में प्रशासन को और कड़े कदम नहीं उठाने पड़े, इसे ध्यान में रखते हुए सभी लोगों को सहयोग करना चाहिए। वहीं, सिटी एसपी ने कहा कि रात आठ बजे के बाद सिर्फ दवा दुकान ही खुली रह सकती हैं। लोग कहीं पर अनावश्यक भीड़ नहीं लगायें और अनावश्यक रूप से कोई बाहर भी नहीं निकलें। जिन्हें आवश्यक काम हो, वह कोरोना गाइडलाइन का पालन करते हुए निकलें। मालूम हो कि प्रशासन ने गुरुवार को सुबह से सड़कों पर सख्ती शुरू कर दी थी। मास्क चेकिंग के साथ-साथ सुबह से ही हाट-बाजारों में लाउडस्पीकर से अनाउंस कराया। सभी थाना क्षेत्र में यह सिलसिला देरशाम तक जारी था। इस कारण अधिकांश दुकानदारों ने रात आठ बजे के पहले ही अपने-अपने प्रतिष्ठानों को बंद करने की तैयारी शुरू कर दी थी। जिन दुकानदारों ने प्रशासन के आदेश को अनसुना कर दिया था, उनके प्रतिष्ठानों को पुलिस ने सख्ती के साथ बंद कराया। एसएसपी के अनुसार यह सिलसिला अगले आदेश तक जारी रहेगा। सभी थानेदारों को अपने-अपने इलाके में सख्ती के साथ इस आदेश का अनुपालन कराने का आदेश दिया गया है।

स्वास्थ्य मंत्री ने सचिव व अन्य अधिकारियों संग की बैठक, दिये निर्देश

आवश्यक दवाओं की नहीं हो कालाबाजारी

वरीय संवाददाता

रांची : स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कोरोना के इलाज में आवश्यक दवाओं की कालाबाजारी नहीं होने देने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि महामारी को देखते हुए इसके इलाज में उपयोग होने वाले आवश्यक दवाओं की मांग बढ़ी है। इसलिए किसी भी परिस्थित में आवश्यक दवाओं की कालाबाजारी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने गुरुवार को स्वास्थ्य सचिव केके सोन, मिशन डायरेक्टर रविशंकर शुक्ला और ड्रग डायरेक्टर रितु सहाय के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने कहा, निदेशक औषधि यह सुनिश्चित करें कि किसी भी परिस्थिति में राज्य के अस्पतालों में निश्चित रूप से औषधियों की उपलब्धता रहे जिससे मरीजों का सही से इलाज किया जा सके। यदि दवाओं की उपलब्धता में किसी भी तरह की कठिनाई महसूस हो तो, निदेशक औषधि से संपर्क स्थापित कर सकते हैं। कोरोना के इलाज में आवश्यक दवाएं यथा रेमडेसिविर, फेविपिरविर, इवरमेसिटिन, विटामिन सी, जिंक और डॉक्सीसाइक्लिन तथा अन्य जिसकी वर्तमान में मांग ज्यादा है, को मुख्य रूप से अस्पताल में उपलब्धता उचित मूल्य पर सुनिश्चित कराया जा रहा है ताकि जरूरतमंदों को किसी भी दवा की कमी नहीं हो। राज्य में मेडिकल ऑक्सीजन के 17 निर्माता हैं, जिनके द्वारा पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन निर्माण कर आपूर्ति की जा रही है। सभी कोरोना अस्पतालों में ऑक्सीजन पर्याप्त मात्रा में रहे, इसे सुनिश्चित करें। कोरोना के उपचार के लिए राज्य में चार ब्लड सेंटर यथा रिम्स रांची, पीएमसीएच धनबाद, जमशेदपुर ब्लड बैंक तथा श्रीनिवास ब्लड सेंटर हजारीबाग को प्लाज्माफेरिसिस का अनुमोदन प्राप्त है। कोरोना संक्रमित मरीज को आवश्यकतानुसार ब्लड व प्लाजमा की आपूर्ति समय पर हो, इसे भी सुनिश्चित करें। जन औषधि केंद्रों पर भी आवश्यक दवा पर्याप्त मात्रा में रहे, इसे भी सुनिश्चित करें।

परिवहन सचिव के नेतृत्व में चला मास्क चेकिंग अभियान

123 गाड़ियों की हुई जांच 15000 रुपये का कटा चालान

संवाददाता

रांची : परिवहन सचिव के रवि कुमार के नेतृत्व में जिला परिवहन पदाधिकारी प्रवीण प्रकाश ने गुरुवार को आईटीआई बस स्टैंड समेत अन्य जगहों पर मास्क चेकिंग अभियान चलाया और लोगों को कोविड-19 अनुरूप उचित व्यवहार करने के लिए जागरूक भी किया। अभियान के दौरान कुल 123 वाहनों की चेकिंग की गई। कोविड प्रोटोकॉल का उल्लंघन करने पर वाहन चालकों से 15000 रुपये का फाइन काटा गया है। सभी वाहन चालकों को परिवहन विभाग द्वारा जारी गाइडलाइंस का अनुपालन करने को कहा गया। बताया गया कि सार्वजनिक वाहनों का उपयोग करने वाले सभी यात्री बेहद सजग और सतर्क रहें क्योंकि उनकी सुरक्षा उनके हाथ में है। हमेशा मास्क, सैनिटाइजर, सोशल डिस्टेंस का प्रयोग करें। क्योंकि सार्वजनिक स्थलों से ही कोरोना संक्रमण के फैलने का अधिक खतरा है। सभी यात्रियों से अनुरोध किया गया कि वे सजग एवं सतर्क रहें। तय संख्या में ही गाड़ियों पर बैठें। थोड़ा इंतजार करें, धैर्य एवं संयम रखें। सोशल डिस्टेंस का पालन जरूर करें। मास्क का प्रयोग करें तथा समय-समय पर सैनिटाइजर का उपयोग करते रहें।

कोवैक्सीन की 2 लाख डोज पहुंची

कोविशील्ड की आज आयेगी 10 लाख डोज

वरीय संवाददाता

रांची : कोरोना वायरस महामारी से बचाव के लिए कोवैक्सीन की दो लाख डोज गुरुवार को झारखंड पहुंची। रांची एयरपोर्ट पर पहुंचने के बाद वैक?सीन को सीधे नामकुम स्थित वेयर हाउस पहुंचाया गया। वहां से सभी जिलों को जरूरत के अनुसार वैक?सीन भेजी जा रही है। कोविशील्ड वैक?सीन के दस लाख डोज शुक्रवार को झारखंड पहुंचेंगे। कोवैक्सीन के दो लाख डोज मिलने से अब पहली डोज में भी इसके टीके लग सकेंगे। अनुपलब्धता के कारण झारखंड में कुछ दिनों से पहली डोज में कोवैक्सीन का टीका नहीं लग रहा था। आठ अप्रैल को शाम 7.30 बजे तक राज्य में कोविशिल्ड के कुल 58,493 डोज और कोवैक्सीन के 2,17,992 डोज उपलब्ध थे।

कोरोना मरीज इन नंबरों पर कर सकते हैं संपर्क

कोरोना के मरीजों को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं हो इसके लिए सरकार ने दो हेल्पलाइन नंबर जारी किये हैं। कोरोना के मरीज इन नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं। कोविड कंट्रोल रूम का फोन नंबर 0651-2200008 और कोविड एंबुलेंस के लिए फोन नंबर 0651-2200009 है।

होम आइसोलेनश के मरीजों के लिए दवा किट

स्वास्थ्य विभाग ने होम आइसोलेशन में रहने वाले कोराना मरीजों के लिए मेडिकल किट के अलावा रजिस्टर्ड मेडिकल प्रैक्टिसनर के मार्गदर्शन में अन्य किट की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश सभी उपायुक्तों को दिया है। दवा किट में डॉक्सिसाइक्लिन 100 एमजी का 10 टेबलेट या एजिथ्रोमायसिन का 10 टेबलेट, पैरासिटामोल का 5 टेबलेट, विटामिन सी 500 एमजी का 20 टैबलेट, विटामिन डी का 2500 आईयू का 10 टेबलेट, जिंक 50 एमजी का 10 टेबलेट, सेट्रिजिन का पांच टेबलेट, ऑगमेंटिन 652 एमजी का 10 टैबलेट, पेनटॉप का पांच टेबलेट और ट्रिपल लेयर मास्क 10 पीस तथा हैंड सेनिटाइजर 100 एमएल का एक पीस उपलब्ध कराने को कहा है।

रिम्स में सीटी स्कैन मशीन नहीं होना शर्म की बात : हाइकोर्ट

संवाददाता

रांची : झारखंड हाइकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डॉ रवि रंजन व जस्टिस एसएन प्रसाद की खंडपीठ ने कहा कि लोग मर रहे हैं, लेकिन किसी को कोई परवाह नहीं है। हाइकोर्ट ने कहा कि राज्य में कोरोना वायरस का संक्रमण तेजी से बढ़ रहा है और इमरजेंसी जैसे हालात हो गये हैं, लेकिन कोर्ट के आदेश के बावजूद रिम्स में अब तक सीटी स्कैन मशीन नहीं खरीदी जा सकी है। इस मामले में सरकार गंभीरता नहीं दिखा रही है। रिम्स और सरकार एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप कर रहे हैं। यह कहीं से भी उचित नहीं है। चीफ जस्टिस डॉ रवि रंजन व जस्टिस एसएन प्रसाद की खंडपीठ ने टिप्पणी करते हुए कहा कि रिम्स में अपनी सीटी स्कैन मशीन नहीं होना शर्म की बात है। अदालत ने रिम्स निदेशक को तत्काल सीटी स्कैन मशीन खरीदने का प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजने का निर्देश दिया और राज्य सरकार को इस पर अविलंब कार्रवाई करने को कहा। इस मामले में अब 9 अप्रैल को सुनवाई होगी। सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि रिम्स राज्य का सबसे बड़ा अस्पताल है और यहां आवश्यक जांच मशीनें नहीं हैं। ऐसे में कल्याणकारी राज्य कहा जाना समझ से परे है। अदालत ने सख्त लहजे में कहा कि दो सप्ताह में रिम्स के लिए सीटी स्कैन मशीन की खरीदारी की जाये। क्योंकि कोरोना संक्रमण की जांच में सबसे पहले इसी मशीन की जरूरत पड़ती है।

राज्य में 40,584 लोगों को लगा कोरोना का टीका

वरीय संवाददाता

रांची : राज्य में गुरुवार को कुल 40,584 लोगों को कोरोना का टीका लगाया गया। इसमें 45 साल से उपर के 40,459 सामान्य लोगों को कोरोना से बचाव का टीका लगाया गया, जबकि हेल्थ केयर वर्कर और फ्रंट लाइन वर्कर को मिलाकर 125 लोगों को टीका लगाया गया। गुरुवार को बोकारो में 175 लोगों को टीका लगाया गया। वहीं, चतरा में 235, देवघर में 1016, धनबाद में 2032, दुमका में 416, जमशेदपुर में 1785, गढ़वा में 3736, गिरिडीह में 912, गोड्डा में 2437, गुमला में 2088, हजारीबाग में 841, जामताड़ा में 592, खूंटी में 1631, कोडरमा में 3616, लातेहार में 2282, लोहरदगा में 2286, पाकुड़ में 249, पलामू में 2623, रामगढ़ में 821, रांची में 3472, साहेबगंज में 462, सरायकेला में 2442, सिमडेगा में 2515और चाईबासा में 1920 लोगों को टीका लगाया गया। राज्य में अब तक 18,59,078 लोगों को कोरोना का टीका लगाया जा चुका है।

5119 लोगों को लगा दूसरा डोज

झारखंड में हेल्थकेयर वर्कर, फ्रंट लाइन वर्कर और सामान्य लोगों को भी कोरोना से बचाव के लिए टीका का दूसरा डोज लगाया जा रहा है। गुरुवार को 5,119 लोगों को दूसरा डोज दिया गया। इसमें हेल्थकेयर वर्कर और फ्रंट लाइन वर्करों की संख्या 1875 और सामान्य लोगों की संख्या 3244 है। बोकारो में 31 लोगों को टीका का दूसरा डोज दिया गया जबकि चतरा में 50, देवघर में 505, धनबाद में 135, दुमका में 387, जमशेदपुर में 497, गढ़वा में 194, गिरिडीह में 120, गोड्डा में 180, गुमला में 130, हजारीबाग में 604, जामताड़ा में 94, खूंटी में 172, कोडरमा में 40, लातेहार में 116, लोहरदगा में 121, पाकुड़ में 179, पलामू में 377, रामगढ़ में 39, रांची में 624, साहेबगंज में 29, सरायकेला में 127, सिमडेगा में 102और चाईबासा में 266लोगों को टीका लगाया गया। राज्य में अब तक 2,84,492 लोगों को दूसरा डोज लगाया जा चुका है।

असम से लौटते ही जैप व आईआरबी की 11 कंपनी जायेगी मधुपुर

रांची : मधुपुर विधानसभा उप चुनाव को लेकर जैप व आईआरबी की 11 कंपनी मधुपुर जायेगी। इससे संबंधित एक आदेश एडीजी जैप की ओर से जारी किया गया है। जानकारी के अनुसार ईको कंपनी के रूप में गठित सभी कंपनी चुनाव कराने के लिए असम गयी हुई है। एडीजी ने आदेश दिया है कि असम से रांची लौटते ही इन कंपनियों को हटिया रेलवे स्टेशन से सीधे देवघर रवाना किया जाये। यह आदेश सभी कंपनी के प्रभारी को दिया गया है। जानकारी के अनुसार मधुपुर भेजी जा रही ईको 16 से लेकर ईको 20 तक की कंपनी जैप की और ईको 21 से लेकर ईको 26 तक आईआरबी से है।

जल स्रोतों पर अतिक्रमण : हाइकोर्ट ने सरकार व नगर निगम को लगायी फटकार, कहा

किसे बचाने का हो रहा है प्रयास

संवाददाता

रांची : झारखंड हाइकोर्ट में रांची के बड़ा तालाब सहित अन्य जल स्रोतों को संरक्षित व अतिक्रमण मुक्त करने के मामले में दाखिल याचिकाओं पर गुरुवार को सुनवाई हुई। चीफ जस्टिस डॉ रवि रंजन व जस्टिस एसएन प्रसाद की खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की। अदालत ने हीनू नदी पर हुए अतिक्रमण हटाने के मामले में रांची नगर निगम से स्पष्ट जवाब मांगा है। अदालत ने पूछा कि सिर्फ 25 फीट की चहारदीवारी तोड़कर नगर निगम ने अपनी कार्यवाही क्यों बंद कर दी। क्या उक्त चहारदीवारी अवैध है या वैध? इसकी स्पष्ट जानकारी रांची नगर निगम अदालत में पेश करे। इस दौरान अदालत ने राज्य सरकार और रांची नगर निगम को फटकार लगाते हुए कहा कि आखिर किसे बचाने का प्रयास किया जा रहा है? अदालत ने सुनवाई के दौरान रांची उपायुक्त को भी ऑनलाइन हाजिर होने का निर्देश दिया। अदालत ने उपायुक्त से पूछा कि जब नगर निगम की टीम अतिक्रमण हटाने के लिए जाती है तो उन्हें पर्याप्त मात्रा में सुरक्षा बल क्यों नहीं उपलब्ध कराये जाते हैं? वहां पर विरोध करने वालों के खिलाफ उपायुक्त ने अब तक कितने लोगों पर प्राथमिकी दर्ज करायी है।

हीनू नदी पर अतिक्रमण करनेवाले 82 लोगों को नोटिस

इस दौरान रांची नगर निगम की ओर से बताया गया कि हीनू नदी पर अतिक्रमण करने वाले 82 लोगों को नोटिस जारी किया गया है। इसके अलावा वहां के अवैध निर्माण को तोड़ा जायेगा। सुनवाई के दौरान आर्कलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया की ओर से बताया गया कि रांची और उसके आसपास स्थित जलाशयों की थ्री डी इमेज उपलब्ध कराने की कोशिश की जायेगी। अदालत जानना चाहती है कि वर्ष 1929 से रांची में कितने जलाशय थे। कितने समाप्त हो गये और उनका क्षेत्रफल कितना सिमट गया है। इसकी पूरी जानकारी अदालत को दी जाये। इधर, पिछली सुनवाई में अदालत ने राज्य सरकार और नगर निगम से यह स्पष्ट रूप से पूछा था कि पिछले 30 सालों में रांची व उसके आसपास कितने जलाशय थे। वर्तमान में उनकी स्थिति क्या है और कितनी हरियाली वाले क्षेत्र थे। इस मामले में सरकार की ओर से बताया गया कि जलस्रोत का सर्वे करने के लिए आठ सदस्यीय टीम का गठन किया गया है। अदालत ने इस पर नाराजगी जताते हुए कहा कि कमिटी बना देने से समस्या का समाधान नहीं होगा। हम सभी को मिलकर जल स्रोतों को संरक्षित व अतिक्रमण मुक्त करना होगा ताकि आने वाली पीढ़ियों को शुद्ध जल मिल सके। इसके बाद अदालत ने राज्य सरकार और रांची नगर निगम से जल स्रोतों पर हुए अतिक्रमण को हटाने सहित उन्हें संरक्षित करने के उपायों के बारे में विस्तृत जानकारी मांगी है। इस संबंध में अधिवक्ता खुशबू कटारुका मोदी ने हाइकोर्ट में याचिका दाखिल कर बड़ा तालाब को अतिक्रमण मुक्त करने की मांग की है।

कृषि ऋण माफी में किसानों का हो रहा भयादोहन : मंत्री

बिचौलियों व बैंक के दोषी कर्मचारियों पर होगी प्राथमिकी

वरीय संवाददाता

रांची : कृषि पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री बादल पत्रलेख ने कहा कि शिकायत मिल रही है की ऋण माफी में बिचौलिये किसानों का भयादोहन कर रहे हैं। जिस भी बैंक के ब्रांच से ऐसे मामले सामने आयेंगें तो बिचौलिये सहित जो भी बैंक के दोषी पदाधिकारी होंगे उन पर प्राथमिकी दर्ज की जायेगी। विभाग को इस संबंध में निर्देश दिया गया है। जिलों के पदाधिकारी लगातार मेहनत कर रहे हैं। राज्य सरकार ने निर्णय लिया है की मेहनत करने वाले पदाधिकारियों को उचित सम्मान दिया जायेगा। सभी निदेशालय के निदेशकों को निर्देश दिया है कि जिला स्तर पर कार्यों की समीक्षा करें कि कौन सा जिला बेहतर कर रहा है और कौन जिला बेहतर काम नहीं कर रहा है। उसकी रिपोर्ट हर महीने दें। मंत्री विभागीय समीक्षा के बाद पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य स्तरीय पशुपालन हॉस्पिटल बनाने के निर्देश दिया गया है। पांच गो मुक्तिधाम के लिए जगह चिह्नित कर इसे धरातल पर उतारने, 100 पशु चिकित्सालय को सुदृढ़ करने, 3 मोबाइल वेटनरी एंबुलेंस, दो बैल की योजना, दुमका बासुकीनाथ में पशु शरणास्थली सहित दुमका में पशुपालक प्रशिक्षण केंद्र बनाने के निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने कहा कि बजट में घोषणा की गयी है कि एक रुपये प्रति लीटर की दर से दुग्ध कृषकों को प्रोत्साहन मूल्य का भुगतान किया जायेगा। इसे जल्द से जल्द धरातल पर उतारा जायेगा। जमशेदपुर व गिरिडीह में 50 हजार लीटर क्षमता का नया डेयरी प्लांट तथा रांची में मिल्क प्रोडक्ट प्लांट की स्थापना के निर्देश दिये गये हैं। रांची में मिल्क पाउडर प्लांट की स्थापना सुनिश्चित करने को कहा गया है। चलंत पशु चिकित्सा वाहन एवं पशुपालन कॉल सेंटर जल्द से जल्द स्थापित करने को कहा गया है। नेपाल हाउस मंत्रालय सभागार में हुई बैठक में गव्य निदेशक कृपानंद झा, कृषि निदेशक निशा उरांव, पशुपालन निदेशक नैंसी सहाय सहित विभाग के तमाम अधिकारी मौजूद थे। पशुपालन निदेशक को निर्देश दिया गया कि पशुपालकों के गाय-भैंस का बीमा कराने के लिए योजना की स्वीकृति कैसे दी जा सकती है इसका प्रारूप तैयार करें।

पीएल खाते में रखी राशि तेजी से खर्च करने का निर्देश : मंत्री ने कहा, सरकार ने पहली बार आउटकम बजट लाया है। ऐसे में मॉनिटरिंग की आवश्यकता है। उन्होंने वित्तीय वर्ष 2020-21 में कार्यान्वित की गयी योजनाओं की भौतिक व वित्तीय उपलब्धि के विषय में विस्तृत तौर से जानकारी ली। 2020-21 की कितनी राशि पीएल खाते में अंतरित की गयी है, उस राशि को तेजी से खर्च किये जाने का निर्देश दिया है। सभी निदेशक को अप्रैल अंत तक पीएल में जमा 20 फीसदी राशि, मई में 40 फीसदी और जून में 40 फीसदी राशि खर्च करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा, वित्त वर्ष 2021-22 के बजट में की गयी घोषणाओं के परिप्रेक्ष्य में कार्य योजना पर विचार विमर्श किया गया। सभी निदेशक को निर्देश दिया है कि 15 अप्रैल तक संलेख भेजें। अप्रैल के अंत तक प्राधिकृत समिति, मई के प्रथम सप्ताह तक कैबिनेट करा कर राज्यादेश निर्गत करें। सभी निदेशालय को बिरसा किसान बनाने का लक्ष्य दिया गया है। निदेशालय को ऑफिसियल स्तर पर वेबसाइट बनाने का भी निर्देश दिया गया है। चालू वित्तीय वर्ष 2021-22 में 7500 मत्सय बीज उत्पादकों के माध्यम से राज्य मत्स्य बीज उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने की ओर कदम बढ़ाने के निर्देश दिये गये हैं। प्रधान मंत्री मत्स्य संपदा योजना अंतर्गत राज्य में 1250 से ज्यादा परिवारों को मछली पालन की विभिन्न परियोजनाओं से जोड़ा जा रहा है। चालू वित्तीय वर्ष में 2.65 लाख मैट्रिक टन मछली उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है। बेहतर कार्य के लिए पीएमयू का गठन किया जाना है। सौर ऊर्जा चलित मिनी कोल्ड रूम का निर्माण किया जायेगा, पैक्स और लैम्पस के सुदृढ़ीकरण के निर्देश दिये गये हैं। विभागीय सचिव अबू बकर ने समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे लाभुकों को ज्यादा से ज्यादा लाभ कैसे दिया जाये इसे सुनिश्चित करने का काम करें। निदेशालय स्तर पर भी लगातार मॉनिटरिंग किये जायें।

अरगड्डा में 38 डिग्री पहुंचा पारा

सिरका : कोयलांचल अरगड्डा, सिरका, जीएम ऑफिस समेत आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बीते 2 दिनों से तापमान में चार डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज की गई हैं। जिससे 34 से तापमान बढ़कर गुरुवार को 38 डिग्री पहुंच गया है। एकाएक गर्मी में बढ़ोतरी के कारण पानी की किल्लत झेल रहे अरगड्डा निवासी कॉलोनी के बच्चों युवाओं ने दामोदर नदी में स्नान कर गर्मी से निजात पाने की कोशिश भी कर रहे है। ग्रामीणों ने बताया कि अरगड्डा दामोदर नदी के जल स्रोत में भी गिरावट आ रही हैं। नदी के बीचो बीच पानी कम होने से पत्थर भी निकल आए है। पानी लगातार सूख रहा है। जिससे आने वाले दिनों में परेशानी बढ़ने वाली है।

नि:शुल्क जांच शिविर में सैकड़ों ने करायी नेत्र जांच

बलियापुर : बलियापुर प्रखंड के कुसमाटांड़ पंचायत भवन में गुरुवार को एएसजी आई हॉस्पिटल धनबाद द्वारा निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें एक सौ से अधिक लोगों ने नेत्र जांच कराया। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ संजय रजक नेत्र जांच कर लोगों को आवश्यक सलाह दिए। उन्होंने कहा कि एएसजी आई हॉस्पिटल द्वारा सुदूर ग्रामीण इलाकों में लगातार निशुल्क शिविर लगाया जा रहा है।

एक झलक

आंगनबाड़ी केंद्र को खोलने के आदेश को रद्द करने की मांग

हजारीबाग : झारखंड सरकार के गाईडलाईन में सभी विद्यालय, कोचिंग सेंटर, अन्य शैक्षणिक संस्थान बंद करने की आदेश दिया गया है, लेकिन आंगनबाड़ी केंद्र को खोलने की अनुमति दी गई है। जिससे बच्चों के अभिभावकों में ये प्रश्न उठना स्वाभाविक है की सेंटर क्यो खोला गया है। अभिभावकों का कहना है कि कोरोना का खतरा तो सबसे ज्यादा बच्चों और बुजुर्गों में ज्यादा होता है। फिर भी ये सरकार आंगनबाडी केंद्रों को खोलने की अनुमति क्यों दी समझ से परे है। भाजपा नेता सह आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका संघ के जिला संरक्षक राजेंद्र चन्द्रवंशी ने कहा कि अन्य प्रदेशों की तरह झारखंड में भी आंगनबाडी को बंद कर देना चाहिए और पहले बच्चों को कोरोना का टीका लगा कर फिर आंगनबाड़ी केंद्रों को खोला जाये। झारखंड में जिस तरह से कोरोना महामारी बढ़ रहा है। किसी तरह की अनहोनी नहीं हो जाये। क्योंकि 3 वर्ष 6 वर्ष के बच्चे ना तो मास्क लागते है नहीं सोशल डिस्टेंस का पालन करते हैं तो फिर केंद्र क्यो खोला गया है। इसलिए मैं झारखंड सरकार से मांग करता हूं कि अविलंब ऑगनवाडी केंद्रों को बंद कर दिया जाये।

बड़कागांव में आरबीएम टेक्सटाइल का उद्घाटन

बड़कागांव : बड़कागांव डेली मार्केट के पास टंडवा रोड में आरबीएम टेक्सटाइल का उद्घाटन पूर्व विधायक मनोज यादव, पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, टुकेश्वर प्रसाद एवं सांसद प्रतिनिधि बालेश्वर कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस दौरान पूर्व विधायक मनोज यादव ने कहा कि बड़कागांव के युवक अब आप निर्भर हो रहे है। मौके पर जगदेव प्रसाद, डॉ बालेश्वर महतो, नरेंद्र कुमार, शिवशंकर कुमार, राधा देवी, हिमाचल कुमार, नगीना कुमारी, आराध्या कुमारी, मीना महतो, कांति देवी, इकबाल सिंह, बेबी सिंह, वीरेंद्र कुमार, विशुन रजक समेत अन्य उपस्थित थे।

चौहरमल की मनाई गई जयंती

हजारीबाग : अटल भवन में भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के बैनर तले बाबा चौहरमल जयंती मनाया गया। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष महेंद्र राम बिहारी की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर बटेष्वर मेहता, रेणु देवी, तनवीर आलम, अशोक यादव, अर्जुन राम सहित अन्य मौजूद थे।

हजार से अधिक लोगों को दी गयी कोरोना वैक्सीन

बड़कागांव : कोरोना वैक्सीन को लगाने के अभियान को मजबूती से सफल बनाने के लिए बड़कागांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रखंड के उप स्वास्थ्य केंद्रों समेत विभिन्न गांव में शिविर का आयोजन किया गया है। जिसके तहत बुधवार तक 11,422 लोगों को कोरोना वैक्सीन का टीका लगाया जा चुका है। वही बुधवार को बड़कागांव सीएचसी परिसर में एसडीपीओ मो. नेहालउद्दीन खान ने वैक्सीन का पहला डोज एएनएम लीलावती कुमारी से लगवाया और कहा कि वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित है। सरकार के निर्देशानुसार सभी को वैक्सीन लगाना चाहिए, ताकि देश हमारा कोरोना मुक्त हो सके। इस दौरान बैंक ऑफ इंडिया शाखा प्रबंधक, प्रवीण कुमार झा, रघुनंदन साहू अंतेशीया, समाजसेवी उमेश दांगी समेत सैकड़ों लोगों ने वैक्सीन लगाया।

विभावि में सरहुल पूर्व संध्या कार्यक्रम स्थगित

हजारीबाग : आदिवासी छात्र संघ विनोबा भावे विश्वविद्यालय समिति की बैठक सुरेश कॉलोनी स्थित कार्यालय में किया गया। जिसकी अध्यक्षता आदिवासी छात्र संघ के संत कोलंबस कॉलेज उपाध्यक्ष रोशन कुमार टोप्पो ने की। बैठक में विनोबा भावे विश्वविद्यालय के विवेकानंद सभागार में 12 अप्रैल को होने वाले सरहुल पूर्व संध्या का कार्यक्रम स्थगित करने का निर्णय लिया गया। सभी लोगों से आग्राह किया गया है कि सभी घर में सुरक्षित रह कर सरहुल पर्व मनाए। विभावि अध्यक्ष विक्की कुमार धान ने कहा कि हम विश्वविद्यालय प्रशासन को तहे दिल से शुक्रिया अदा करते है कि कुलपति डॉ मुकुल नारायण देव ने विश्वविद्यालय परिसर के विवेकानंद सभागार में सरहुल पूर्व संध्या कार्यक्रम का अनुमति दिया था। कोरोना के बढ़ते प्रकोप, एवं झारखंड सरकार के निदेर्शों का पालन करते हुए कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया है। इस बार कोरोना महामारी की वजह से सरहुल पूर्व संध्या विश्वविद्यालय परिसर में नहीं मना पाए, लेकिन अगले बार बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा। बैठक में विक्की करमाली, आनंद मरांडी, अशोक टोप्पो, शशि करमाली, राहुल बांडो, रोशन कुमार टोप्पो, सूरज उरांव, मनोज मुर्मू, अनुप टोप्पो, अर्जुन उरांव, विष्णु उरांव सहित अन्य मौजूद थे।

सीओ का सद्भावना विकास मंच ने किया स्वागत

बरही : बरही के प्रशासनिक मित्र सद्भावना विकास मंच के सदस्यों ने बुधवार को बरही के नव पदस्थापित अंचलाधिकारी अरविंद देवाशीष टोप्पो से शिष्टाचार मुलाकात करते हुए उनका स्वागत किया। मौके पर सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष राजसिंह चौहान, सचिव कुंदन कुमार, कोषाध्यक्ष आजाद हुसैन, उपाध्यक्ष पायल देवी, मनोज कुमार, मनोज कुमार कुशवाहा, मोहन प्रजापति, डबलू अंसारी, सरफराज अंसारी, प्रद्युम्न सिंह, सोनू प्रजापति, अमिताभ कुमार, महिला साथी में यास्मीन तबासुन, रिंकू देवी, पूजा देवी, रेखा देवी, सुनीता देवी, बैजंती देवी, सावित्री देवी, गौरा देवी, माजदा खातून, कमला देवी, सहजादी खातून, यशोदा देवी, पुष्पा देवी, गयत्री देवी, आरती देवी, खुशबू देवी, रेणु देवी, सीता देवी, रेखा देवी आदि उपस्थित रहे।

बीसीसीएल की एनटीएसटी परियोजना गैलरी में लगी आग

झरिया : बीसीसीएल के लोदना क्षेत्र अंतर्गत संचालित एनटीएसटी परियोजना के 6 नंबर ओपन कास्ट माइंस की गैलरी में गुरुवार को अचानक आग लग गई। आग से भारी मात्रा में धुआ निकलने लगा जिससे आसपास के इलाको में अंधेरा छा गया,परियोजना के समीप सटे बस्ती में रह रहे लोग बुरी आशंका से सशंकित हो उठे। घटना की सूचना पर लोदना क्षेत्र के बीसीसीएल अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति का आंकलन कर वरीय अधिकारियों को सूचना दी, साथ ही आग बुझाने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन में जुट गए। इस दौरान उपस्थित अधिकारियों ने कुछ भी बोलने से परहेज किया। बताते है कि पूर्व में चले अंडरग्राउंड माइन्स के अंदर आग लगी है अब यहां ओपन माइंस चलाई जा रही है संभवतः माइंस के अंदर आग भड़की और तेजी से धुंआ निकलने लगा। घटना में किसी के हताहत की सूचना नहीं है।

गुरुनानक भवन में 100 लोगों को लगाया गया टीका

वरीय संवाददाता

रांची : गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा, गुरुनानक भवन एवं गुरु नानक सेवक जत्था द्वारा गुरुवार को निःशुल्क कोविड वैक्सिनेशन कैंप का आयोजन किया गया। कृष्णा नगर कॉलोनी, रातू रोड स्थित गुरुनानक भवन के पार्किंग स्थल में लगे इस कैंप में 45 वर्ष और उससे अधिक उम्र के कुल 100 लोगों ने टीकाकरण करवाया। संस्था द्वारा बुजुर्ग एवं शारीरिक रूप से असहाय लोगों को प्राथमिकता के आधार पर टीका लगवाया गया। मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया बताया कि कैंप में टीकाकरण के लिए लोगों को व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से अलग-अलग समय में बुलाया गया। दो दिनों के कैंप में कुल 293 लोगों का टीकाकरण हो चुका है। इस दौरान कोविड गाइडलाइन का पूर्ण रूप से पालन किया गया। कैंप में सदर अस्पताल की प्रशिक्षित चिकित्सा टीम की अस्मत फातिमा के नेतृत्व में टीकाकरण किया गया। सदर अस्पताल चिकित्सा टीम की फूल कुमारी खलखो, ईतो खलखो, पूनम कुमारी की विशेष भूमिका रही। कैंप में अशोक गेरा, नरेश पपनेजा, सूरज झंडई, करण अरोड़ा, रौनक ग्रोवर, जीत सिंह, छोटू सिंह, हर्ष अरोड़ा, सतविंदर सिंह, आदर्श कुमार, हर्षवर्द्धन और गीतांशु तेहरी की विशेष भागीदारी रही।

निर्देशों के बावजूद शहर में उड़ी गाइडलाइन की धज्जियां

संवाददाता

रांची : कोरोना के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए गुरुवार से सरकार के निर्देश पर रात्रि 8 बजे ही शहर की तमाम बड़ी-छोटी दुकानें बंद हो गयीं, चारों ओर सन्नाटा पसर गया। डीसी छवि रंजन के निर्देश पर जिला प्रशासन की टीम ने शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में जांच अभियान चलाया और रात्रि आठ बजे के बाद खुली हुई दुकानों को बंद कराया। केवल दवा दुकानों को इससे छूट दी गयी है। इसके अलावा शहर के कई क्षेत्रों में लोग बिना मास्क घूमते दिखे, सिटी बस में काफी भीड़ रही, रेलवे स्टेशन पर भी लोगों की काफी भीड़ देखी गयी। निर्देशों के बावजूद जगह-जगह गाइडलाइन की धज्जियां उड़ायी गयी।

बिना मास्क लगाये लोगों को मिली सजा : गुरुवार को मेन रोड, पिस्का मोड़, कांटा टोली, डोरंडा, धुर्वा आदि क्षेत्रों में मास्क चेकिंग अभियान जिला प्रशासन की ओर से चलाया गया। अभियान के तहत सड़क पर बिना मास्क के घूमते युवाओं को पुलिस ने पकड़ कर उठक-बैठक करवायी और आगे से घर से बिना मास्क एवं बिना काम के सड़क पर नहीं घूमने की सख्त हिदायत दी।

सिटी बस में यात्रियों की भारी भीड़ : बढ़ते कोरोना संक्रमण के लिए मास्क के साथ बसों में कम संख्या में यात्रियों को सफर करने का निर्देश दिया गया है। बस संचालकों को मास्क के साथ सैनिटाइजर हमेशा अपने साथ रखना है। बस में चढ़ने वाले यात्रियों को सैनिटाइज कर प्रवेश कराना है। परंतु, बढ़ते संक्रमण के बावजूद गुरुवार को बड़ी संख्या में लोग बेपरवाह सिटी बस में प्रवेश करते दिखे।

रांची रेलवे स्टेशन पर भी उमड़े लोग : रांची रेलवे स्टेशन में भी मास्क के साथ डिस्टेंस बनाते हुए प्रवेश करना है। लेकिन, बढ़ते कोरोना संक्रमण में जारी निर्देशों की धज्जियां उड़ाते लोग रेलवे स्टेशन पर गुरुवार को भारी भीड़ जुटी।

मरणोपरांत आज झारखंड रत्न से नवाजे जायेंगे सैयद अनवर हुसैन

डीजे व हाइकोर्ट जज का पद नहीं स्वीकार किया

गरीब, पीड़ितों और मजबूरों की सेवा के लिए वकालत के पेशे को ही अपनाये रखा

रेहान अहमद

रांची : पटना निवासी स्व सैयद अनवर हुसैन खान के पिता स्व सैयद अजहर हुसैन खान बिहार के नामचीन शख्सियत थे। चंडीगढ़ का मुगल गार्डन उनके पूर्वजों की ही देन बतायी जाती है। सैयद अनवर हुसैन खान का जन्म पटना में वर्ष 1907 में हुआ। उनकी प्रारंभिक शिक्षा-दीक्षा पटना में हुई। भागलपुर से उन्होंने स्नातक की डिग्री हासिल की थी। पटना लॉ कॉलेज से उन्होंने एलएलबी की डिग्री हासिल की थी। वर्ष 1932 में वह रांची आ गये। यहां उन्होंने वकालत के पेशे में काफी शोहरत हासिल की। उन्हें जिला सत्र न्यायालय में और उच्च न्यायालय में भी न्यायाधीश बनने का अवसर प्राप्त हुआ, लेकिन उन्होंने वकालत करते रहने का ही निर्णय लिया। पीड़ितों, गरीबों की सेवा को सबसे बड़ा मानव धर्म समझते हुए सर्व धर्म-समभाव के सिद्धांतों को आत्मसात करते हुए उन्होंने वकालत पेशे की गरिमा को बनाये रखा। स्व खान सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल थे। शहर में किसी भी मजहब का पर्व-त्योहार हो, उसमें बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाते थे। सामाजिक समरसता बरकरार रखने और एक दूसरे से भाईचारा बनाये रखने में उनका योगदान अविस्मरणीय है। स्व खान के पौत्र समाजसेवी सैयद फराज अब्बास ने बताया कि शिया मुस्लिम समुदाय के धार्मिक स्थल (मस्जिद) की स्थापना में उनकी अहम भूमिका रही। उनके दोस्तों में प्रख्यात समाजसेवी मीनू मसानी, अब्दुल कय्यूम अंसारी, प्रो अब्दुल बारी, पूर्व मुख्यमंत्री केबी सहाय, जस्टिस एम फजल अली, विधायक जहूर अली मोहम्मद, समाजसेवी जमील मजहरी समेत कई हस्तियों के नाम शामिल थे। वे राजधानी रांची में मेन रोड पर अवस्थित पब्लिक उर्दू लाइब्रेरी के संस्थापक सदस्य रहे। मौलाना आजाद हाई स्कूल और मौलाना आजाद डिग्री कॉलेज की प्रबंध समिति के सदस्य के रूप में भी उन्होंने अपनी भूमिका निभायी थी। रांची में मिल्ली तालिमी मिशन की स्थापना में उनका योगदान रहा। वर्ष 1967 में जब रांची शहर दंगों की आग में धधक रहा था, उस समय उन्होंने सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल पेश करते हुए सभी धर्मों के बीच समन्वय स्थापित कर शांति और सौहार्द की पहल की। शहर में सेंट्रल रिलीफ कमिटी का संचालन, राहत शिविर का संचालन कर उन्होंने मानव सेवा के क्षेत्र में बेमिसाल कार्य किया। सामाजिक कार्यों में उनकी सक्रियता और सहभागिता को देखते हुए शहर के अन्य समाजसेवियों ने भी उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम किया। रांची स्थित अंजुमन अस्पताल की स्थापना में भी उन्होंने अहम भूमिका निभायी। अस्पताल की स्थापना के लिए जमीन खरीदने में उन्होंने न सिर्फ आर्थिक सहयोग दिया, बल्कि स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में अंजुमन अस्पताल को उत्कृष्ट बनाने में भी योगदान दिया। लोक सेवा समिति की ओर से स्व अधिवक्ता सैयद अनवर हुसैन खान को मरणोपरांत झारखंड रत्न देने का निर्णय लिया गया है। संस्था की ओर से नौ अप्रैल को यह सम्मान उनके रिश्तेदार को सुपुर्द किया जायेगा।

मास्क जांच अभियान को लेकर बैठक

एग्यारकुंड : एग्यारकुंड प्रखंड सह अंचल में गुरूवार को कोविंड-19 संक्रमण के दुसरे फेज को लेकर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी ललीत कुमार सिंह की अध्यक्षता में निरसा अनुमंडल के सभी प्रशासनिक अधिकारियो के साथ एक आपात बैठक बुलाए गई, जिसमे संयुक्त रूप से सघन मास्क जांच अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। बैठक में इसके लिए प्रखण्ड स्तरीय 4 थानो के समीप जाँच केन्द्र को चिन्हित किया गया है, मास्क जाँच अभियान में बिना मास्क के पकड़े जाने पर उसे चिन्हित किए गए कैम्प में लगभग 5 घंटे बैठाने और 5 सौ रूपए जुमार्ना भी वसूले जाने का निर्णय लिया गया इसके लिए दंडाधिकारी की नियुक्ति की गई। यदि इस दौरान कोई मुश्किले आती है तो प्रखण्ड कार्यालय मे बने कंट्रोल रूम में सूचना देना है, बैठक में उपस्थित सभी पुलिस पदाधिकारियो ने कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए सहयोग करने की बात कही ।

आर्थिक तंगी से जूझ रहे ठेकेदार ने की आत्महत्या

संवाददाता

एग्यारकुंड/चिरकुंडा। कुमारधुबी ओपी अंतर्गत धानकूड़ा बस्ती में बुधवार की रात एक 55 वर्षीय अधेड़ ने आत्महत्या कर ली। मृतक का नाम अशोक सिंह बताया जा रहा है वह एमबीई कंपनी में ठेकेदारी करता था, लेकिन कोरोना काल से ही उसका कामकाज ठप था इसके चलते वह डिप्रेशन में आ गया था। मृतक की बेटी ने बताया कि कोरोना काल में कामकाज ठप होने से घर की माली हालत खराब हो गई थी खाने के लाले पड़ गए थे उसके पिता डिप्रेशन में थे, भाई सुमित और अमित को कम उम्र में ही पेट की भूख मिटाने के लिए काम पर लगना पड़ा था इस बीच यह घटना हो गई। सूचना पर बुधवार देर रात कुमारधुबी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया। बता दें कि मृतक अशोक सिंह के दो पुत्र एवं तीन पुत्री हैं पत्नी का अरसे पहले निधन हो गया था अशोक ने तीनों पुत्रियों का विवाह कर दिया था।

जिला जल सहिया संघ ने प्रमंडलीय कार्यालय में दिया धरना

संवाददाता

हजारीबाग : जिला जल सहिया संघ हजारीबाग के तत्वावधान में कार्यपालक अभियंता एवं स्वच्छता विभाग प्रमंडल, हजारीबाग कार्यालय के समक्ष हजारीबाग के जिले के सभी जलसहिया एक दिवसीय धरना दिया। धरना के माध्यम से कायार्पालक अभियंता को मांग पत्र प्रेषित किया। जिसमें पेजयल एवं स्वच्छता के प्रति जो भी कार्य हो जलसहिया को सौपा जायें, जलसहिया को साल के 365 दिन गारंटी एवं काम के बदले उचित दाम दें, शौचालय निर्माण कार्य का जलसहिया को प्रोत्साहन राशि भुगतान करें, हमारे काम को छिनकर समूह को दिया जाता है, उसके बदले जलसहिया को काम दें, छह माह में जलसहिया को एक ड्रेस मिलना चाहिए।

नक्सली के नाम पर लेवी मांगने के आरोप में पांच को जेल

संवाददाता

जमशेदपुर : पूर्वी सिंहभूम जिले के मुसाबनी प्रखंड के डीएसपी चंद्रशेखर आजाद के नेतृत्व में गठित विशेष छापेमारी टीम के डुमरिया थाना प्रभारी विनोद टुडू एवं अन्य पुलिस पदाधिकारियों ने राज्य के विभिन्न हिस्सों में ताबड़तोड़ छापेमारी कर नक्सली श्याम सिंकू के नाम से लेवी वसूलने और सहयोग करने वाले पांच आरोपितों को दबोच लिया है। मुसाबनी डीएसपी कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में पुलिस ने गिरोह का पदार्फाश करते हुए बताया कि गिरफ्तार शातिर अपराधी चाकुलिया थाना क्षेत्र के हाथीबाड़ी गांव का निधिराम हेंब्रम, आदित्यपुर साईं अपार्टमेंट का सूरज प्रकाश झा, एमजीएम थाना क्षेत्र के बालीगुमा बागान एरिया का शशि भूषण भारती एवं मोबाइल सिम विक्रेता बंगाल के झाड़ग्राम जिले के जामबनी थाना का पूर्ण चंद्र हेंब्रम एवं शौकत पाणी हैं। वहीं डुमरिया थाना क्षेत्र का सूरज नायक फरार है। जिसे दबोचने को पुलिस छापेमारी कर रही है। आरोपित निधिराम हेंब्रम की निशानदेही पर चाकुलिया थाना क्षेत्र के हाथीबाड़ी स्थित निधि के फार्म हाउस से एक अवैध देसी पिस्टल भी पुलिस ने बरामद किया है। मुसाबनी डीएसपी चंद्रशेखर आजाद घाटशिला एसडीपीओ कुलदीप टोप्पो ने बताया कि बीते पांच अप्रैल को डुमरिया थाना क्षेत्र के ईचाडीह निवासी अर्जुन साव उर्फ गोबरा साव ने डुमरिया थाना में मामला दर्ज कराया गया कि उनके मोबाइल नंबर 86534 21587 से अज्ञात व्यक्ति द्वारा नक्सली के नाम पर तीन लाख लेवी की मांग की गई है। पैसा नहीं देने पर जान मारने एवं बम से घर को उड़ाने का धमकी भी दी गई है। धमकी से वे काफी डर गए और एक लाख रुपये का इंतजाम कर 19 मार्च को महेशपुर कल्वर्ट के पास दो व्यक्ति को पहुंचा दिया। फिर चार अप्रैल को फोन पर बाकी पैसा की मांग होने पर उन्होंने डुमरिया थाना पहुंचकर मामला दर्ज कराया। एसएसपी जमशेदपुर के निर्देश पर गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त आरोपितों को विभिन्न जगहों से गिरफ्तार किया गया। जिस मोबाइल नंबर से रंगदारी की मांग की जा रही थी वह सिम बंगाल राज्य के झाड़ग्राम जिला के जामबनी थाना क्षेत्र के सिम विक्रेता से ऊंची कीमत देकर खरीदे गए थे। पुलिस ने सिम विक्रेता पूर्ण चंद्र हेम्ब्रम एवं शौकत पानी को भी गिरफ्तार किया है। डीएसपी ने बताया कि सभी आरोपितों ने नक्सली श्याम सिकू के नाम पर डरा धमका कर लेवी वसूलने की बात स्वीकार की है। बताया कि गिरफ्तार सूरज प्रकाश झा दूसरे मामले में जेल जा चुके हैं। प्रेसवार्ता में घाटशिला अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुलदीप टोप्पो, मुसाबनी डीएसपी चंद्रशेखर आजाद ,चाकुलिया इंस्पेक्टर शंभू गुप्ता, मुसाबनी इंस्पेक्टर के के पंडा, डुमरिया थाना प्रभारी विनोद टूडू, सब इंस्पेक्टर अश्विनी कुमार, चाकुलिया थाना प्रभारी जय कांत कुमार, मुसाबनी थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार महतो, धालभूमगढ़ थाना प्रभारी तरुण कुमार आदि मौजूद थे।

अनियंत्रित होकर कार गिरी पुल के नीचे, कार पर सवार कई हुए घायल

संवाददाता

पतरातू : पतरातू प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत तालाटांड़ के ग्राम तालाटांड़ स्थित पतरातु रांची मुख्य मार्ग पर अवस्थित पेट्रोल पंप के समीप बुधवार की देर रात्रि बहिरा पुल से लगभग 30 फीट नीचे रांची की ओर से आ रही मारुति इग्निस खल01उर-5792 कार अनियंत्रित हो जाने की वजह से पुल के नीचे जा गिरा। प्राप्त जानकारी के अनुसार रांची से कार में सवार पांच लोग जिनमें तीन युवक एवं दो युवती सवार थी। उक्त सभी लोग रांची से सीएमपीडीआई कॉलोनी घुटुवा अपने आवास जा रहे थे। इसी दरमियान गाड़ी की रफ्तार तेज होने की वजह से और घुमावदार मोड़ पर बने पुल और पूल में कोई बैरीकेटिंग नहीं लगे होने के कारण कार पुल के नीचे जा गिरा। साथ ही दुर्घटना के बाद कार चालक राजेश कुमार मौके से फरार हो गया। वही पतरातू पुलिस को सूचना मिलने पर पतरातू पुलिस पीसीआर गश्ती दल मौके पर पहुंचा। साथ ही मौके पर एंबुलेंस के पहुंचने पर सभी घायल चार लोगों को पतरातू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। घायलों में दो युवक एवं दो युवतियों को स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची रेफर कर दिया गया। वही स्वास्थ्य केंद्र से इलाज के दौरान एक युवक फरार हो गया। वही दोनों युवती के साथ एक युवक गोविंद कुमार

अस्पताल में युवतियों का इलाज करवा रहा ?था। उक्त दुर्घटना में गोविंद कुमार भी घायल हुआ है। वहीं घायल यूपी मीना कुमारी 21 वर्ष को कमर में गंभीर चोटे आई है। और दूसरी युवती मंजू शर्मा 25 वर्ष का बाया हाथ फैक्कर हो गया है। पुल में दोनों तरफ बैरिकेडिंग की मांग : ग्राम तालाटांड़ के सहिया पुल में दोनों तरफ बैरिकेनटिंग लगाए जाने को लेकर कांग्रेस के वरीय नेता जयप्रकाश सिंह उर्फ ननकी ने उक्त घटना को लेकर सरकार व जिला प्रशासन से पुल के दोनों तरफ बैरिकेटिंग लगाने का मांग करते हुए कहा कि। जब से पतरातु रांची सड़क चौड़ीकरण होने के बाद फोरलेन सड़क में परिवर्तित हुआ है तब से उक्त पुल के समीप सड़क घुमावदार होने की वजह और पुल पर दोनों तरफ बैरीकेटिंग नहीं होने की वजह से अब तक उक्त पुल में दर्जनों दर्जनों लोगो का वाहन दुर्घटना में मौत हो चुकी है। साथ ही उक्त स्थान पर आए दिन दुर्घटना होने से स्थानीय ग्रामीणों में भी रोष है।

सर्पदंश से वृद्ध जख्मी

गढ़वा : बंशीधर थाना क्षेत्र के भैंसबेरवा गांव निवासी 70 वर्षीय जगन्नाथ भुइयां सर्पदंश से जख्मी हो गया। उसका इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है।

एक झलक

लूट एवं छिनतई के दो अपराधी गिरफ्तार

बोकारो : चास मुफ्फसिल थाना क्षेत्र में लगातार लूट एवं छिनतई की घटना को अंजाम देने वाले दो शातिर अपराधियों को पुलिस ने लूट की मोबाइल के साथ धर दबोचा । गिरफ्तार किए गए दोनों अपराधी विष्णु शर्मा तथा हीरालाल मुंडा मुफसिल थाना क्षेत्र के ही रहने वाले है। मामले की जानकारी देते हुए चास के एस डी पी ओ पुरूषोतम कुमार ने बताया कि इनके पास से पुलिस ने वो बाइक भी बरामद कर लिया है जिसका लूट की घटना को अंजाम देने के लिए इन लोगों द्वारा इस्तेमाल किया गया था । उन्होंने बताया कि इन दोनों का आपराधिक इतिहास भी रहा है । ये पहले भी कई बार जेल जा चुके हैं ।

हार्डवेयर दुकान से चालीस हजार ले उड़े उचक्के

इटखोरी(चतरा) : इटखोरी थाना क्षेत्र अंतर्गत पितीज पंचायत स्थित कलाली चौक के समीप सत्यम हार्डवेयर में अज्ञात चोर ने गले में रखें चालीस हजार रुपये की चोरी कर ली। दुकानदार श्यामदेव दांगी ने बताया कि दुकान में बेटी मुस्कान कुमारी थी, तभी एक ग्राहक दुकान में दो एमसील लेने के बाद दो सौ रुपए का नोट दिया और बेटी मुस्कान ने एक सौ 80 रुपये लोटा दिया। उसके बाद ग्राहक ने पांच सौ का खुदरा मांगने लगा, तो मुस्कान ने चेंज नहीं रहने की बात कही, लेकिन ग्राहक जबरन दुसरे बॉक्स में चेंज होनी की बात कही और जब मुस्कान ने गल्ला खोल देखने लगी, तभी ग्राहक अंदर दुकान में विरोध करने के बाद भी घुस गया और चकमा देकर बॉक्स में रखें चालीस हजार रुपए लेकर फरार हो गया। श्यामदेव दांगी ने कहा कि महाजन को पैसा देने के लिए रखे थे। वहीं दुकान में सीसीटीवी कैमरा नहीं रहने के कारण आसानी से चोर फरार हो गया। हालांकि इस मामले में स्थनिय थाने में मामला दर्ज नही कराया गया।

हेसला में बिना नंबर के चल रहे हैं हाईवा

सिरका : नईसराय- गिद्दी मुख्य सड़क के हेसला मार्ग पर इन दिनों बिना नंबर के हाईवा दौड़ रहे हैं। जिससे कोई भी दुर्घटना होने के बाद लोगों को पीछे से हाईवा के नंबर दिखाई नहीं पड़ेगा। इस संबंध में गुरुवार को ग्रामीण समाजसेवी गंगा बेदिया ने बताया कि हेसला की फैक्ट्रियों में दौड़ने वाले अधिकांश हाईवा के पिछले हिस्से पर कहीं भी वाहन का नंबर नहीं लिखा होता है। जिसके कारण कोई भी हादसा होने पर वाहनों को पहचान पाना मुश्किल हैं।

पेड़ से गिरने से एक व्यक्ति की मौत

पीरटांड़/ गिरिडीह : पीरटांड़ प्रखंड के कुम्हरलालो निवासी लखन वर्मा की मौत पेड से गिर जाने के कारण हो गई है। बताया जाता है कि प्रत्येक दिनों की भांति गुरुवार को भी लखन वर्मा बकरी का चारा लाने जंगल गया हुआ था और पेड में चढ़कर चारा काट रहा था कि अचानक पैर फिसलने के कारण वो पेड़ से गिर गया। और तुरंत कोई उसे नहीं देख पाया ,जब तक लोगों ने उसे देखा तब तक देर हो चुकी थी, और लखन वर्मा घटना स्थल पर ही दम तोड़ दिया था । पंचायत के मुखिया सुभाष कुमार ने बताया कि लखन वर्मा समाजीक आदमी थे। उनके निधन से समाज को काफी क्षति हुई है। कहा कि उनके घर पर दो बच्चियों की शादी होने वाली है, लेकिन घटना घट जाने से परिवार सहित पुरे गांव सदमे में हैं । पुलिस पुलिस लाश को कब्जे में कर पोस्ट मार्टम हेतु गिरिडीह सदर अस्पताल भेज दिया है ।

जोनल आईजी प्रिया दुबे पहुंची गिरिडीह, नक्सल-अपराध की स्थिति का लिया जायजा, कहा

नक्सलियों के खिलाफ अभियान रहेगा जारी

संवाददाता

गिरिडीह : बोकारो प्रक्षेत्र की पुलिस महानिरीक्षक प्रिया दुबे गुरुवार को गिरिडीह पहुंची। और बरवाडीह स्थित पुलिस लाईन का निरीक्षण किया। इस दौरान आईजी प्रिया दुबे ने पुलिस लाईन में कार्यरत एक-एक कार्यालय का फीडबैक ली। और जहां जो कमी दिखा, वहां आईजी ने सुधार लाने की नसीहत भी दी। अधिकारियों से लेकर पुलिस जवानों को सरकार द्वारा मिलने वाली सुविधा पर भी चर्चा किया गया। करीब आधे घंटे तक चले निरीक्षण के बाद आईजी प्रिया दुबे ने एसपी समेत अधिकारियों के साथ बैठक की। वहीं बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान पुलिस महानिरीक्षक प्रिया दुबे ने भी माना कि जिले में पुलिस अधिकारियों की बड़ी कमी है। इसे पूरा करने के लिए राज्य पुलिस मुख्यालय को पत्राचार करने की बात कही। गिरिडीह में नक्सलवाद के मुद्दे पर आईजी ने कहा कि खास समीक्षा का मकसद भी यही था कि अब किसी सूरत में माओवादियों को सिर उठाने का मौका नहीं मिले। क्योंकि नक्सलवाद को लेकर कई मुद्दों पर चर्चा किया गया। तो जरुरी निर्देश भी अधिकारियों को दिए गए। इधर आईजी प्रिया दुबे ने बैठक कर नक्सलियों के खिलाफ खास रणनीति के साथ काम करने का सुझाव दिया। साथ ही हर पुलिस पदाधिकारियों को इलाके में सूचना तंत्र मजबूत करने का निर्देश दी। बैठक में एसपी अमित रेणु, सदर एसडीपीओ अनिल सिंह, डीएसपी संजय राणा, संतोष कुमार मिश्रा, डुमरी एसडीपीओ मनोज कुमार, बगोदर एसडीपीओ नौशाद आलम समेत कई पदाधिकारी मौजूद थे।

व्यक्तिगत आईडी से रेलवे टिकट बनाने में एक गिरफ्तार

संवाददाता

सिमडेगा : जिले के बानो आरपीएफ सह पोस्ट कमांडर की निगरानी में साथ ही स्थानीय पुलिस के सहयोग से सिमडेगा के तामड़ा चौक स्थित दुकान परिधि टेलीकॉम में छापेमारी कर दुकानदार को गिरफ्तार किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार दुकानदार अपने व्यक्तिगत लाभ के लिये व्यक्तिगत आईडी का उपयोग करके रेलवे ई टिकट बनाने व बेचने का कार्य कर रहा था। परिधि टेलीकॉम के मालिक रमेश कुमार केशरी के पास से बरामद रेलवे ई टिकटों का कुल मूल्य 136368.61 रु है ।वहीं उक्त दुकान के एक लैपटॉप ,एक प्रिंटर जब्त किया गया तथा सामानों को शील कर दिया गया। ज्ञात हो कि उक्त व्यक्ति ने निजी लाभ के लिये रेलवे टिकट बनाने व बेचने में संलिप्त था ,जो दंडनीय अपराध है ।

इसलिए पी सी आरपीएफ बानो के आदेशानुसार रेलवे अधिनियम के तहत उक्त व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया । वहीं आरपीएफ इंस्पेक्टर बिजय पांडे ने बताया कि उक्त दुकान के मालिक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया ।

AFFIDAVIT

I, Premjeet Kumar Singh, S/o Nagendra Singh. R/o Village Sahiya, P.O. Sahiya, P.S. Wazirganj, Dist. Gaya, Bihar that my original 10th passing certificate in the year 2007, Roll No. 5153034 and Sr. No. SSE/2007/100797 dated 29.05.2007 has been issued to me but multilated Hence this affidavit for the purpose of gadget publication vide affidavit No. 01 dated 05.04.2021

झारखण्ड औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार, रॉंची प्रक्षेत्र "जियाडा केन्द्रीय कार्यालय", जागरूग औद्योगिक क्षेत्र, रॉंची

फोन नं0 0651 2460408, फैक्स 0651 2460125

ईमेल– riada.rnc@gmail.com

पत्रांक– 710 दिनांक–08.04.2021

N.I.T No.-JIADA/RANCHI REGION/01/2021-22

सुरक्षा प्रहरी हेतु निविदा आमंत्रण सूचना

झारखण्ड औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार, रॉंची प्रक्षेत्र, नामकुम औद्योगिक क्षेत्र, रॉंची परिसर सहित प्राधिकार के कतिपय अन्य भवन/परिसर की सुरक्षा हेतु प्रत्येक पाली में कुल–16 सुरक्षा प्रहरी की आवश्यकता है। इस निमित्त प्रतिष्ठित सुरक्षा एजेन्सी से मुहरबन्द लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा की शर्तों की विस्तृत विवरणी तथा निविदा प्रपत्र (Tender Documents) विभागीय वेबसाईट riada.co.in पर उपलब्ध है, जहां से इसे डाउनलोड किया जा सकता है। उक्त निविदा से संबंधित महत्वपूर्ण तिथि/समय निम्नवत है:–

1.	निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की तिथि	12.04.2021 से 30.04.2021
2.	प्री बिड मेकिंग	16.04.2021
3.	Response of queries	20.04.2021
4.	ऑफलाइन निविदा समर्पित करने की तिथि एवं समय	30.04.2021 समय 3:00 बजे अपराह्न तक
5.	तकनीकी निविदा खुलने की तिथि एवं समय	30.04.2021 के अपराह्न 3:30 बजे

नोट:– प्रत्येक निविदा प्रपत्र के लिये रूपया 1000.00 का Non-refundable (अप्रतिदेय) Demand Draft, "Jharkhand Industrial Area Development Authority, Ranchi Region", Payable at Ranchi के नाम से निविदा प्रपत्र के साथ जमा करना अनिवार्य होगा। निविदा से संबंधित किसी भी सूचना/ query हेतु मोबाईल संख्या–9431388208 एवं 9431350844 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

अपरिहार्य कारणों से निविदा की उपर्युक्त तिथियों में परिवर्तन किया जा सकता है। निविदा की प्रक्रिया को किसी समय बिना कारण बताये अधोहस्ताक्षरी द्वारा रद्द किया जा सकता है।

ह0/–
क्षेत्रीय निदेशक
झारखण्ड औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार,
रॉंची प्रक्षेत्र

PR 245322 RIADA(21-22).D

समाहरणालय, खूँटी (जिला योजना)

शुद्धि पत्र

वित्तीय वर्ष 2020 21 में EAP-SDG आकांक्षी जिला कार्यक्रम नीति आयोग अन्तर्गत प्राप्त राशि से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के विभिन्न सरकारी विद्यालयों में **'SCIENCE ON WHEELS'** की स्थापना एवं रख–रखाव हेतु "प्रस्ताव के लिए अनुरोध **(Request For Proposal)**" हेतु दिनांक 02.04.2021 को दैनिक समाचार पत्रों में **PR No. 244933** द्वारा अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की गई है। दिनांक 19.04.2021 के पूर्वाह्न 11:00 बजे" तकनीकी बीड एवं उसी दिन अपराह्न 04:00 बजे "वित्तीय बीड" समिति के समक्ष खोले जाने का समय निर्धारित है, जिसमें निम्नवत् आंशिक संशोधन किया जाता है :–

1. निविदा प्राप्त करने की तिथि दिनांक19.04.2021 के अपराह्न 05:00 बजे तक
2. तकनीकि बीड खोले जाने की तिथि दिनांक 20.04.2021 के पूर्वाह्न 11:00 बजे
3. वित्तीय बीड खोले जाने की तिथि दिनांक 20.04.2021 के अपराह्न 04:00 बजे

अल्पकालीन निविदा की शेष सभी शर्तें यथावत् रहेंगे।

ह0/–
जिला योजना पदाधिकारी,
खूँटी

PR 245353(Planning and Development)21-22*D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, गढ़वा

अल्पकालीन ई–निविदा सूचना

ई–निविदा संख्या – 01/2021-22/NREP/GARHWA दिनांक – 07.04.2021

1.कार्य का विवरण :–

क्र0	प्रखण्ड	पैकेज संख्या	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में)	प्राक्कलित राशि अक्षर में	परिमाण विपत्र की राशि	अग्रधन की राशि	कार्य समाप्ति की अवधि
1	[illegible]	NREP/ GARHWA/ 01/ 2021-22	[illegible] 0.350 किमी0	52.551	[illegible]	10000	105200	तीन माह
2	गढ़वा	NREP/ GARHWA/ 02/ 2021-22	[illegible] 1.085 किमी0	68.282	[illegible]	10000	136600	तीन माह
3	[illegible]	NREP/ GARHWA/ 03/ 2021-22	[illegible]	24.601	[illegible]	5000	49300	तीन माह
4	गढ़वा	NREP/ GARHWA/ 04/ 2021-22	[illegible]	28.261	[illegible]	5000	56600	तीन माह
5	गढ़वा	NREP/ GARHWA/ 05/ 2021-22	[illegible]	18.766	[illegible]	5000	37600	तीन माह
6	गढ़वा	NREP/ GARHWA/ 06/ 2021-22	[illegible]	13.485	[illegible]	2500	27000	तीन माह
7	गढ़वा	NREP/ GARHWA/ 07/ 2021-22	[illegible]	24.898	[illegible]	5000	49800	तीन माह

2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 16.04.2021
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 22.04.2021 अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. पुलिस अधीक्षक के कार्यालय प्रकोष्ठ गढ़वा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ–पत्र की मूल प्रति एवं अपलोड किये गये तकनीकी योग्यता कागजात की एक प्रति जमा करने की तिथि एवं समय– 23.04.2021 को 03:30 अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 24.04.2021 पूर्वाह्न 11:30 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, रा0ग्रा0नि0 कार्यक्रम, गढ़वा ।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0–0651[illegible]
8. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक के रूप में कार्यपालक अभियंता, रा0ग्रा0नि0 कार्यक्रम, गढ़वा के पक्ष में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
रा0ग्रा0नि0 कार्यक्रम, गढ़वा

PR 245295 (Rural Development) 21-22 (D)

झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, चतरा।
विज्ञापन संख्या–01/2019

सूचना

झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, चतरा जिला में गृह रक्षकों की उपलब्ध रिक्ति के आलोक में शहरी पुरूष एवं महिला तकनीकी गृह रक्षकों के नवनामांकन हेतु विज्ञापन संख्या–01/2019 के आलोक में शारीरिक मापदण्ड में सफल उम्मीदवारों की तकनीकी परीक्षा हेतु दिनांक 17/04/2021 के पूर्वाह्न 08:00 बजे से स्थानीय स्टेडियम जवाहर लाल नेहरू में निर्धारित किया जाता है। सूची निम्नवत् है :–

शहरी पुरूष तकनीकी

क्र0सं0	रौल नम्बर	नाम	पुरूष	तकनीकी दक्षता	समय	स्थान
01	04	निशाल कुमार	पुरूष	कम्प्युटर	प्रातः 08:00 बजे	जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम, चतरा
02	06	सुलिमान	पुरूष	कम्प्युटर	प्रातः 08:00 बजे	जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम, चतरा
03	14	छोटु कुमार रजक	पुरूष	कम्प्युटर	प्रातः 08:00 बजे	जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम, चतरा
04	15	दिव्यांशु प्रभात	पुरूष	कम्प्युटर	प्रातः 08:00 बजे	जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम, चतरा
05	21	बबलू कुमार राणा	पुरूष	कम्प्युटर	प्रातः 08:00 बजे	जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम, चतरा
06	22	राहुल कुमार	पुरूष	कम्प्युटर	प्रातः 08:00 बजे	जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम, चतरा
07	25	मो0 नौशाद अंसारी	पुरूष	कम्प्युटर	प्रातः 08:00 बजे	जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम, चतरा
08	27	निशान्त कुमार शर्मा	पुरूष	कम्प्युटर	प्रातः 08:00 बजे	जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम, चतरा
09	29	मिथिलेश कुमार	पुरूष	कम्प्युटर	प्रातः 08:00 बजे	जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम, चतरा
10	34	मनोज कुमार दास	पुरूष	कम्प्युटर	प्रातः 08:00 बजे	जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम, चतरा
11	35	शंकर कुमार	पुरूष	कम्प्युटर	प्रातः 08:00 बजे	जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम, चतरा
12	40	अर्पित कुमार	पुरूष	कम्प्युटर	प्रातः 08:00 बजे	जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम, चतरा
13	44	चन्द्रदेव कुमार	पुरूष	कम्प्युटर	प्रातः 08:00 बजे	जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम, चतरा
14	46	शिव कुमार	पुरूष	कम्प्युटर	प्रातः 08:00 बजे	जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम, चतरा
15	48	रितेश कुमार	पुरूष	कम्प्युटर	प्रातः 08:00 बजे	जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम, चतरा
16	61	सन्नी कुमार	पुरूष	कम्प्युटर	प्रातः 08:00 बजे	जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम, चतरा
17	69	सूरज कुमार	पुरूष	कम्प्युटर	प्रातः 08:00 बजे	जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम, चतरा
18	70	मनोज कुमार	पुरूष	कम्प्युटर	प्रातः 08:00 बजे	जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम, चतरा
19	75	सिद्धांत कुमार	पुरूष	कम्प्युटर	प्रातः 08:00 बजे	जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम, चतरा
20	76	मिथिलेश कुमार	पुरूष	कम्प्युटर	प्रातः 08:00 बजे	जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम, चतरा
21	84	सूरज कुमार	पुरूष	कम्प्युटर	प्रातः 08:00 बजे	जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम, चतरा
22	96	रामतन कुमार	पुरूष	कम्प्युटर	प्रातः 08:00 बजे	जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम, चतरा
23	12	प्रीतम टोप्पो	पुरूष	चालक	प्रातः 08:00 बजे	जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम, चतरा
24	26	राहुल पासवान	पुरूष	चालक	प्रातः 08:00 बजे	जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम, चतरा
25	38	मो0 कादिर अंसारी	पुरूष	चालक	प्रातः 08:00 बजे	जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम, चतरा
26	63	छोटु कुमार	पुरूष	चालक	प्रातः 08:00 बजे	जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम, चतरा
27	83	पंकज कुमार	पुरूष	चालक	प्रातः 08:00 बजे	जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम, चतरा
28	01	कुणाल कुमार	पुरूष	रसोइया	प्रातः 08:00 बजे	जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम, चतरा
29	08	मो0 आफताब	पुरूष	बिजली मिस्त्री	प्रातः 08:00 बजे	जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम, चतरा
30	30	आशिष कुमार	पुरूष	प्लम्बर	प्रातः 08:00 बजे	जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम, चतरा
31	45	रोशन कुमार	पुरूष	पलम्बर मिस्त्री	प्रातः 08:00 बजे	जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम, चतरा
32	57	मो0 महताबउद्द आलम	पुरूष	वेल्डींग मिस्त्री	प्रातः 08:00 बजे	जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम, चतरा
33	67	शम्भु कुमार	पुरूष	लाइनमेंन	प्रातः 08:00 बजे	जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम, चतरा

शहरी महिला तकनीकी

क्र0सं0	रौल नम्बर	नाम	महिला	तकनीकी दक्षता	समय	स्थान
1	01	रिंकी कुमारी	महिला	कम्प्युटर	प्रातः 08:00 बजे	जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम, चतरा
2	03	गीता कुमारी	महिला	कम्प्युटर	प्रातः 08:00 बजे	जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम, चतरा
3	04	रिंकी कुमारी	महिला	कम्प्युटर	प्रातः 08:00 बजे	जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम, चतरा
4	05	प्रतिमा कुमारी	महिला	कम्प्युटर	प्रातः 08:00 बजे	जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम, चतरा
5	06	शारदा कुमारी	महिला	कम्प्युटर	प्रातः 08:00 बजे	जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम, चतरा
6	10	प्रिति कुमारी	महिला	कम्प्युटर	प्रातः 08:00 बजे	जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम, चतरा
7	11	अंशु कुमारी	महिला	कम्प्युटर	प्रातः 08:00 बजे	जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम, चतरा
8	12	दुलारमणी कुमारी	महिला	कम्प्युटर	प्रातः 08:00 बजे	जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम, चतरा
9	13	बेबी कुमारी	महिला	कम्प्युटर	प्रातः 08:00 बजे	जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम, चतरा
10	15	बबीता कुमारी	महिला	कम्प्युटर	प्रातः 08:00 बजे	जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम, चतरा
11	08	सुषमा कुमारी	महिला	कोई विकल्प नहीं	प्रातः 08:00 बजे	जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम, चतरा

उपरोक्त निर्धारित तिथि में रसोइया, पलम्बर, बिजली मिस्त्री एवं वेल्डींग मिस्त्री के उम्मीदवारों को दक्षता परीक्षा हेतु अपना औजार एवं सामाग्री अपने साथ लाना है तथा सभी उम्मीदवार अपना मास्क एवं कोविड–19 के संक्रमण को देखते हुये मास्क के साथ ही प्रवेश करेंगे।

उपायुक्त,
चतरा।

PR 245359 Home, Prison And Disaster Management(21-22)D

अचिंत्य

सच्चा ज्ञान वह है, जो हमारे गुण, कर्म, स्वभाव की त्रुटियां सुझाने, अच्छाइयां बढ़ाने एवं आत्म निर्माण की प्रेरणा प्रस्तुत करता है। पं. श्रीराम शर्मा आचार्य

सन्मार्ग
रांची, शुक्रवार 9 अप्रैल 2021
www.live7tv.com

उपराज्यपाल के बहाने जनादेश का अपहरण

शशिधर खान

संसद में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीटी) दिल्ली सरकार (संशोधन) बिल, 2021 पास हो गया। इससे दिल्ली की निर्वाचित सरकार के अधिकार समाप्त हो गए और दो तिहाई से ज्यादा बहुमत वाले जनादेश से बनी राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीटी) सरकार की हैसियत प्रशासक/सरकार उपराज्यपाल के निर्णयों पर मुहर लगाने वाली हो गयी। दिल्ली के आम आदमी पार्टी (आप) के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल विरोध करते रह गए। लोकसभा में आप समेत समूचे विपक्ष ने विरोध किया, लेकिन भाजपा नीत एनडीए सरकार ने बिल पास करा लिया। प्रचंड जनादेश से दूसरी बार दिल्ली में सत्ता में आने वाली आप सरकार की लगातार एनसीटी उपराज्यपाल (प्रशासक) से ठनी रही। ठनने का असली कारण उपराज्यपाल और निर्वाचित सरकार के अधिकारों को लेकर टकराव था। मामला 2018 में सुप्रीम कोर्ट में गया और पांच जजों की संविधान पीठ के फैसले के बावजूद अधिकार का पचड़ा सुलझ नहीं पाया। दिल्ली चुनावों में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री रहते हुए दो-दो बार भाजपा की करारी हार के बाद आप के जनादेश को उपराज्यपाल के नियंत्रण में रखने के उपाय लगा दिए। एनसीटी दिल्ली सरकार एक्ट, 1991 में संशोधन करके जो बिल संसद से पास कराया गया, उस पर केंद्र सरकार के तर्क दिग्भ्रमित करने वाले हैं। एनसीटी दिल्ली सरकार (संशोधन) बिल, 2021 पास होने के दिन केंद्रीय गृह राज्य मंत्री जी किशन रेड्डी ने कहा कि यह टेक्नीकल बिल है, राजनीति से प्रेरित बिल नहीं। इसमें 1991 के एनसीटी, दिल्ली सरकार एक्ट के चार सेक्शनों को संशोधित करके उसकी नयी परिभाषा सरकार शब्द जोड़कर तय कर दी गयी। रेड्डी के अनुसार सरकार का तात्पर्य रोजमर्रा के दिल्ली के कामकाज से है, जो 1991 के एक्ट में तकनीकी तौर पर स्पष्ट नहीं था। अगले दिन राज्यसभा में भी रेड्डी ने वही बात दोहरायी। अब सरकार शब्द जोड़ने से बनी नयी संशोधित व्यवस्था में निर्वाचित सरकार सिर्फ उपराज्यपाल के आदेश के अनुसार चलने को बाध्य होगी। विधानसभा में कोई भी बिल उपराज्यपाल की पूर्वानुमति के बगैर पेश ही नहीं किया जा सकता। अर्थात दिल्ली विधानसभा जो भी कानून बनाएगी, उसका मतलब होगा सरकार यानी उपराज्यपाल। केंद्र सरकार ने उपराज्यपाल पद को पहले प्रशासक बताया और फिर दिल्ली के लिए सरकार शब्द का इस्तेमाल करके नयी परिभाषा तय कर दी। दिल्ली को राज्य का दर्जा देने की मांग कांग्रेस और भाजपा दोनों ने उठायी थी। दिवंगत कांग्रेस नेता शीला दीक्षित दिल्ली की तीन बार मुख्यमंत्री बनीं और जब केंद्र में कांग्रेस गठजोड़ सरकार थी, तब भी दिल्ली को राज्य का दर्जा देने की मांग पर अड़ी रहीं। भाजपा भी इस मुद्दे पर चुनाव जीती है, लेकिन आप ने कांग्रेस और भाजपा दोनों को पछाड़ दिया। लोकसभा में जिस दिन यह बिल पेश किया गया, उस दिन दिल्ली

के मुख्यमंत्री ने अपने मंत्रिमंडल समेत जंतर-मंतर पर धरना दिया। इस आलोक में 1991 एक्ट की कथित तकनीकी दुविधा दूर करने के लिए लाए गए एनसीटी दिल्ली सरकार (संशोधन) बिल पास होने के दिन आप के लोकसभा सदस्य भगवंत मान का विरोध में दिया गया बयान समझ में आता है-भाजपा दिल्ली में 22-23 साल से सत्ता से बाहर है। हमने तकरीबन 90 प्रतिशत सीटें जीती हैं। भाजपा हार स्वीकार नहीं करना चाहती। हाल में दिल्ली नगर निगम चुनाव में भी भाजपा बुरी तरह हारी। कांग्रेस के मनीष तिवारी ने भी संवैधानिक मसला उठाया और धारा 239एए पर फोकस किया, जो एनसीटी से जुड़ा है। तिवारी ने कहा कि धारा 239एए में संशोधन करके भाजपा सरकार ने एक साथ दिल्ली सरकार को प्राप्त जनादेश और सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ के फैसले को नकार दिया। लेकिन भाजपा सदस्य मीनाक्षी लेखी ने जो बात उपराज्यपाल को सुपर पावर बनाने के अपनी सरकार के प्रयास के समर्थन में कही वो गृह राज्य मंत्री के सरकार और तकनीकी से भी ज्यादा दिग्भ्रम पैदा करने वाली है। लेखी ने कहा-उपराज्यपाल प्रशासक हैं, वो राज्यपाल नहीं हैं। वे राज्यपालों की तरह मंत्रिमंडल के सलाह और सहयोग से बंधे नहीं हैं। दिल्ली के उपराज्यपाल के पास ऐसी कोई बाध्यता नहीं है। गत फरवरी में भाजपा ने दल-बदल करवाकर पुडुचेरी की कांग्रेस सरकार को अल्मत में ला दिया। सरकार गिराने के आरोपों का जवाब देने के लिए पुडुचेरी की उपराज्यपाल किरण बेदी को हटा दिया। पूरे पांच साल तक किरण बेदी और पुडुचेरी के मुख्यमंत्री वी. नारायणसामी के बीच रोजमर्रा के कामकाज से लेकर हर बात पर तनातनी चली। फरवरी, 2021 में जब पांच सदस्यों के साथ पुडुचेरी विधानसभा चुनाव का भी नंबर आया, तब किरण बेदी को पहले उपराज्यपाल पद से हटाया गया और फिर वी. नारायणसामी को इस्तीफा देने की नौबत लाकर राष्ट्रपति शासन लगा दिया गया। उसके बाद मार्च में एनडीए सरकार के निशाने पर आ गए दिल्ली के मुख्यमंत्री, जिनके धारा 239एए के अंतर्गत संविधान से प्राप्त अधिकार उपराज्यपाल के हाथ में देकर टेक्नीकल दुविधा का समापन कर दिया गया। जुलाई, 2018 में सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस दीपक मिश्र की अध्यक्षता वाली पांच जजों की संविधान पीठ ने दिल्ली सरकार और उपराज्यपाल के बीच पावर की उठापटक मामले में यह फैसला सुनाया-दिल्ली के उपराज्यपाल की हैसियत किसी राज्य के राज्यपाल वाली नहीं है। सिर्फ सीमित अर्थों में प्रशासक हैं, जो उपराज्यपाल पदनाम से काम कर रहे हैं। संविधान की धारा 239एए के अनुसार यह स्पष्ट बताया जाता है कि उपराज्यपाल से पूर्वानुमति लेना निर्वाचित सरकार के जनप्रतिनिधित्व और लोकतंत्र के आदर्शों को नकारना है। दिल्ली सरकार को भी ध्यान में रखना चाहिए कि दिल्ली राज्य नहीं है। 2019 में दिल्ली के कानून सचिव ने एक अंदरूनी मेमो में लिखा कि निर्वाचित सरकार सुप्रीम कोर्ट के फैसले का इस्तेमाल अपने निर्णयों पर उपराज्यपाल को अंधेरे में रखने के लिए नहीं कर सकती। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि उपराज्यपाल को मैकेनिकल तरीके से काम नहीं करना चाहिए कि अपना दिमाग लगाए बिना मंत्रिमंडल के हर फैसले को राष्ट्रपति के पास भेजें। ताजा संशोधन एक्ट, 2021 में टेक्नीकल और सुप्रीम कोर्ट के फैसले में मैकेनिकल बात है। दिल्ली के मतदाता इसका क्या मतलब निकालें?

जी. किशन रेड्डी ने बिल पास होने के दिन लोकसभा में कहा-इससे दिल्ली की प्रशासनिक क्षमता बढ़ेगी और विधायिका तथा कार्यपालिका के अच्छे रिश्ते सुनिश्चित होंगे। जब कार्यपालिका के पास विधायिका को नियंत्रण में रखने के अधिकार नहीं थे, तब तो संबंध हमेशा बिगड़ा ही रहा। अब उपराज्यपाल को ज्यादा पावर देने के बाद क्या होगा, इसका अंदाजा लगाना कठिन नहीं है। इसे दिल्ली सरकार चुनौती भी नहीं दे सकती, क्योंकि सरकार का मतलब अब प्रशासक उपराज्यपाल हो गया।

1993 में दिल्ली के भाजपाई मुख्यमंत्री मदन लाल खुराना ने जोरदार आवाज में यह मामला उठाया था कि दिल्ली की निर्वाचित सरकार के पास कितनी कम शक्तियां हैं। पूर्ण राज्य का अधिकार लेने के वायदे पर भाजपा के साहिब सिंह वर्मा भी मुख्यमंत्री बने। सुषमा स्वराज ने दिल्ली की मुख्यमंत्री बनकर चुनाव में दिल्ली के अधिकार का मुद्दा गोल किया और चुनाव हार गयीं। वे सभी स्वर्ग सिधार चुके हैं। केजरीवाल के हाथों लगातार पराजय झेल रही भाजपा ने अपनी खुंदक दिल्ली की स्वायत्तता खत्म करके ही निकाली।

दिल्ली और पुडुचेरी से जुड़ी भाजपा की कुछ टेक्नीकल बातें पॉलिटिकल भी हैं। पूर्व आईपीएस अधिकारी किरण बेदी को मुख्यमंत्री का उम्मीदवार बनाकर भाजपा ने 2015 में केजरीवाल के खिलाफ उतारा। बेदी केजरीवाल को उनकी सीट से नहीं हरा पायी। उसके सालभर बाद बेदी को पुडुचेरी का उपराज्यपाल बना दिया गया। पुडुचेरी की कांग्रेस सरकार से बेदी की ऐसी ठनी कि फरवरी, 2019 में मुख्यमंत्री नारायणसामी ने अपने सभी मंत्रियों और विधायकों के साथ उपराज्यपाल आवास के बाहर फुटपाथ पर कई रातें गुजारीं। दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल और उपमुख्यमंत्री मनीष सिसौदिया दोनों ही नारायणसामी के समर्थन में पुडुचेरी जाकर उनके साथ धरने पर बैठे। मद्रास हाईकोर्ट ने 30 अप्रैल 2019 को फैसला दिया कि उपराज्यपाल पुडुचेरी की निर्वाचित सरकार के रोजमर्रा के राज-काज में दखल नहीं दे सकतीं।

विश्वयुद्ध में न बदल जाए यह तनाव

एक तरफ चाइनीज वायरस कोरोना ने दुनिया की हालत खराब कर रखी है और अब दूसरी ओर रूस और यूक्रेन के बीच तनाव दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। हालात इतने बिगड़ गए हैं कि विशेषज्ञ आशंका जता रहे हैं कि ये दोनों देश कहीं युद्ध में न उलझ पड़ें। यदि ऐसा हुआ तो न केवल इन दोनों देशों को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी, बल्कि आशंका यह भी जताई जा रही है कि युद्ध शुरू हुआ तो इन दोनों देशों तक नहीं रुकेगा, बल्कि यूरोप के देशों से होता हुआ यह विश्वयुद्ध का रूप न ले ले। मामला यह है कि यूरोपीय सैन्य गठबंधन के सदस्य देश यूक्रेन के साथ रूस का सीमा विवाद पुराना है। दोनों ही देश एक दूसरे पर हिंसा भड़काने का आरोप लगाते रहे हैं। यूक्रेन का कहना है कि साल 2014 के बाद से रूस की सेना ने उसके देश के 14 हजार लोगों की हत्याएं कीं। इतना ही नहीं, अपने स्वार्थ में रूस यूक्रेन में सक्रिय अलगाववादियों को खुलेआम समर्थन देता है, जिसके कारण रूस और यूक्रेन में सीमा पर भारी तनाव रहता है। लेकिन यह तनाव हाल ही में उस समय और बढ़ गया, जब रूस ने भारी संख्या में अपने सैनिक यूक्रेन की सीमा पर भेजे। हथियारों, टैंकों, मिसाइलों के साथ-साथ समुद्री क्षेत्र में और हवाई क्षेत्र में भी रूस ने सैन्य गतिविधियां बढ़ा दी हैं। मार्च के आखिरी सप्ताह से शुरू हुई इन सैन्य गतिविधियों के कारण नाटो भी चिंता में है, साथ ही यूरोप के देश अलर्ट मोड में आ गए हैं। रूस के यूं अचानक सैन्य गतिविधियां बढ़ाने और सीमा पर सेना के जमावड़े के पीछे असली कारण है अमेरिका के साथ उसकी तनातनी। अमेरिका यूक्रेन का समर्थन करता है और हाल ही में हथियारों से लदा एक अमेरिकी जहाज यू?क्रेन पहुंचा है, जिसके कारण रूस और चिढ़ गया है। उसके बाद ही उसने सेना पर अतिरिक्त सैनिक, हथियार, मिसाइलें, लड़ाकू तैनात किए हैं। रूस के आक्रामक होने का एक और भी कारण है। कम्युनिस्ट शासन वाले चीन ने अमेरिका के खिलाफ रूस के साथ हा?थ मिला लिया है। अमेरिका और यूरोपीय यूनियन के खिलाफ जिस तरह से चीन और रूस ने एकजुटता दिखाई है, उससे दुनिया में एक बार फिर महाशक्तियों के ध्रुवीकरण की आशंका प्रबल हो गई है। चीन और रूस के विदेश मंत्रियों ने पिछले दिनों मुलाकात की। इसमें दोनों नेताओं ने कहा कि अमेरिका लगातार आतंरिक मामलों में दखल दे रहा है। चीनी विदेश मंत्री वांग यी और उनके रूसी समकक्ष सर्गेई लावरोव की यह मुलाकात दक्षिणी चीन के नाननींग शहर में हुई। वांग और सर्गेई ने अमेरिका पर दूसरे देशों के आतंरिक मामलों में दखल देने का आरोप लगाया। वांग ने शिनजियांग में मानवाधिकारों के उल्लंघन को लेकर चीनी अधिकारियों के खिलाफ यूरोपीय यूनियन, ब्रिटेन, कनाडा और अमेरिका द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों की कड़े शब्दों में आलोचना की। उन्होंने कहा, सभी प्रकार के एकतरफा प्रतिबंधों के खिलाफ देशों को एकजुट होना चाहिए। सर्गेई ने कहा कि प्रतिबंधों के चलते रूस और चीन करीब आ गए हैं। हांगकांग में नए सुरक्षा कानून और शिनजियांग में उइगर मुस्लिमों पर अत्याचार और जासूसी को लेकर अमेरिका ने चीन की कई कंपनियों और सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के अधिकारियों पर पहले ही प्रतिबंध लगा चुका है। जबकि क्रीमिया पर कब्जे, यूक्रेन में अलगाववादियों का समर्थन करने और आलोचकों पर हमले को लेकर रूस वर्षों से पश्चिमी देशों के प्रतिबंधों का सामना रहा है। दोनों देशों की निकटता के चलते इस बात की आशंका भी प्रबल हो गई है कि एक बार फिर दुनिया एक नए शीत युद्ध की ओर बढ़ रही है।

कृषि आय बढ़ाने में विफल मुक्त बाजार

देविंदर शर्मा

ऐसे समय पर जब आमतौर माना जाता है कि मुक्त बाजार व्यवस्था से कृषि उत्पादों को ज्यादा भाव मिल पाता है, जिससे किसानों की आमदनी बढ़ती है, इस पर यकीन करना कल्पना से परे है। कनाडा में वर्ष 2017 में गेहूं का जो भाव मिला, वह 150 साल पहले 1867 में लगी कीमत से कहीं कम था। यह बात केवल कनाडा पर ही लागू नहीं है बल्कि मीडिया खबरों के मुताबिक अमेरिका में भी किसानों का कहना है कि गेहूं की जो कीमत आज उन्हें मिल रही है, वह उस मूल्य से कहीं कम है जो वर्ष 1865 में खत्म हुए 4 वर्षीय गृहयुद्ध के समय मिला करती थी।

तो क्या इसे बाजार व्यवस्था की कार्यदक्षता कहें? आखिरकार गेहूं एक आम आदमी की रोजमर्रा की खुराक है और पिछले 150 सालों में विश्व की जनसंख्या में जो इजाफा हुआ है, उससे इसकी मांग और उपज में कल्पनातीत वृद्धि हुई है। संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन के मुताबिक गेहूं का उत्पादन वर्ष 2020-21 में 78 करोड़ टन होने का अनुमान है, जो पिछले साल से 75 लाख टन ज्यादा होगा। खाद्य एवं कृषि संगठन के अनुसार आज दुनिया जिस किस्म की खाद्य असुरक्षा का सामना कर रही है, उससे गेहूं सहित अन्य अनाजों का उत्पादन अधिक रहने का अनुमान होना सकारात्मक संकेत है।

अब इससे पहले कि आपको हैरानी हो कि जब हमें स्कूल-कॉलेजों में अर्थशास्त्र के पाठ्यक्रम में यह पढ़ाया जाता है कि मुक्त बाजार व्यवस्था उत्पाद का न्यायोचित मूल्य मिलने का अवसर मुहैया करवाती है तो फिर यह कृषि क्षेत्र के लिए क्यों सही नहीं बैठती। इसके लिए अमेरिकी राष्ट्रीय किसान संघ (एनएफयू) की पड़ताल बताती है कि वर्ष 1965 के बाद से मूंगफली की निरंतर गिरती कीमतों ने 4 में से 3 किसानों को इसकी खेती से तौबा करवा डाली है। वह भी तब, जब खपत में वृद्धि लगातार होती रही। आपूर्ति-मांग के स्वर्णिम सिद्धांत को गलत ठहराते हुए मूंगफली का मूल्य वर्ष 1965 में 1 डॉलर प्रति पाउंड था, वह साल 2020 में घटकर 0.25 डॉलर प्रति

पाउंड रह गया, यह गिरावट 75 फीसदी है। और यदि आप अब भी यह सोच रहे हैं कि ऐसा फालतू उत्पादन की वजह है तो वाशिंगटन पोस्ट अखबार की खबर बताती है कि किस तरह देश का पूरा मूंगफली बाजार केवल 3 कंपनियों के कब्जे में है, असल में खरीद मूल्य वही तय करती हैं। 12000 मूंगफली उत्पादक किसानों द्वारा दायर किए गए मुकदमे के बाद आखिरकार इन कंपनियों ने जानबूझकर कम भाव लगाने का दोषी पाने जाने के बाद 10.3 करोड़ डॉलर इन उत्पादकों को देना माना था।

मूंगफली कोई एक अपवाद नहीं है। मंडी नियंताओं में इस तरह का मैच-फिक्सिंग वाला खेल दशकों से जारी है, फिर चाहे वह अमेरिका हो या यूरोप या फिर भारत। किसान यह जान लें कि मैच पहले से फिक्स किया जा चुका होता है। यह अकारण नहीं है कि मुद्रास्फीति को शामिल कर गणना उपरांत पता चलता है कि कृषि उत्पादों का भाव सालों से कमोबेश या तो एक जगह पर स्थिर है या फिर नीचे की ओर जा रहा है।

गेहूं-भाव के विषय की ओर वापस आते हैं। एक कनाडाई लेखक एवं आलोचक डारिन क्वालमैन ने अपने ब्लॉग में विचारोत्तेजक लेखों की लड़ी में खुलासा किया कि वर्ष 1867 के बाद से कृषि उत्पाद के भाव में गिरावट बेतरह हुई है। मुद्रास्फीति को जोड़ने के बाद गणना करें तो गेहूं की कीमत वर्ष 1867 में लगभग 30 डॉलर प्रति बुशेल (27 किलो) थी। लेकिन उसके बाद गेहूं का औसत भाव लगातार इस कदर गिरा मानो स्की स्लोप पर फिसला हो। वर्ष 1980 के दशक के मध्य में जब दुनियाभर में ध्यान कृषि उत्पादों के निर्यात करने पर ज्यादा होने लगा तो भाव में और गिरावट आई। वर्ष 2017 में गेहूं की कीमत प्रति बुशेल मात्र 5 डॉलर के आसपास लगी थी। हकीकत यह है कि एक कनाडाई किसान के परदादा ने 150 साल पहले गेहूं को जिस मूल्य पर बेचा था, आज उसका भाव 25 डॉलर कम लग रहा है।

कोई हैरानी नहीं कि जहां छोटे किसान बड़ी संख्या में खेती छोड़ गए हैं वहीं कनाडा में बड़े फार्मों का औसत रकबा कई गुणा बढ़कर 3000 एकड़ पहुंच गया है। ऐसे में जब कृषकों की संख्या में काफी कमी आई है तो मुक्त बाजार व्यवस्था का समर्थन करने वाले अर्थशास्त्रियों का वह सिद्धांत भी गलत साबित हुआ है जब कहा जाता है कि किसानों की संख्या घटने का मतलब है बाकियों की कृषि आय में वृद्धि होना। अकेले अमेरिका में पिछले 100 सालों से कम समय में 50 लाख खेत बड़े फार्मों में विलीन हो चुके हैं तो वहीं ऑस्ट्रेलिया में वर्ष 1980-2002 के बीच 25 फीसदी छोटे खेत नहीं रहे। हालांकि अब भी यही अर्थशास्त्री कहेंगे कि यह स्वस्थ घटनाक्रम है और कृषि को मुनाफादायक बनाएगा। लेकिन हैरानकुन यह कि पिछले समय से जिस तेजी से दुनियाभर में किसान खेती से किनारा कर गए हैं, उसके बावजूद बाकी बचे कृषकों की कृषि-आय में बढ़ोतरी नहीं हुई है, इसके उलट कृषि-संबंधी समस्याओं में इजाफा ही हुआ है।

यह वही अतार्किक दलील है जिसका प्रतिपादन नीति आयोग यह मानकर कर रहा है कि जब कृषि करने वालों की संख्या में कमी होगी तो बाकी बचे किसानों की आमदनी स्वयमेव बढ़ जाएगी। अगर यह सच में सही है तो कोई समझाए कि फिर कनाडा में कृषि क्षेत्र का ऋण 102 खरब डॉलर से ज्यादा क्यों हो गया है, जो कि वर्ष 2000 से दोगुणा है। इसी तरह अमेरिका में जहां कुल जनसंख्या का महज 1.2 प्रतिशत ही कृषि व्यवसाय में है, वहां कृषि घाटा वर्ष 2020 में 425 खरब डॉलर का कल्पनातीत आंकड़ा क्यों छू गया है? फ्रांस में भी जहां कुल श्रमशक्ति का सिर्फ 7 फीसदी खेती करता है वहां 44 प्रतिशत से ज्यादा किसानों के सिर पर 4 लाख यूरो का ऋण चढ़ा हुआ है और 25 फीसदी कृषक ऐसे हैं, जिनकी आय 350 यूरो प्रतिमाह से कम है और गरीबी रेखा से नीचे आते हैं।

बाजार आधारित व्यवस्था ने जहां किसानों को उनके हक का कृषि-मूल्य देने से इनकार किया है वहीं उपभोक्ता को लगातार बढ़ती कीमतें चुकानी पड़ रही हैं। अपने ब्लॉग में एक अन्य पोस्ट में क्वालमैन ने खुलासा किया है कि वर्ष 1975 से कनाडा और अमेरिका में गेहूं की कीमत प्रति बुशेल कमोबेश एक जगह टिकी हुई है, जबकि इस 27 किलो गेहूं से जो लगभग 60 पाउंड डबलरोटी तैयार होती है, उसके औसत मूल्य में 50 डॉलर की वृद्धि हुई है, यह वर्ष 1975 में 25 डॉलर से बढ़कर 2015 में 75 डॉलर हो गई थी। यही बात अन्य खाद्य उत्पादों पर सटीक बैठती है, वहीं विशालकाय खाद्य प्रसंस्करण निमार्ता अपने उत्पादों की कीमतें लगातार बढ़ा रहे हैं और खरीदारों का एक बड़ा हिस्सा जुड़ता जा रहा है। ऐसे में खेत में लगने वाले भाव में होती कमी कृषि-दक्षता का पैमाना कैसे हो सकती है? अगर बाजार व्यवस्था कारगर होती तो फिर केवल खाद्य प्रसंस्करण और खुदरा बिक्री करने वाली विशालकाय कंपनियां ही क्यों लगातार मुनाफा बना रही हैं?

बाजार व्यवस्था में ऐसा कुछ नहीं है, जिसे पवित्रता की श्रेणी में रखा जाए। यह विश्वास करना कि मुक्त बाजार से किसानों को ज्यादा मूल्य मिलेगा, यह पुरानी पड़ चुकी आर्थिक अवधारणा और पढ़ाई है। पूरी दुनिया में मुक्त बाजार व्यवस्था कृषि आय बढ़ाने में ऐतिहासिक रूप से नाकामयाब सिद्ध हो चुकी है और अर्थशास्त्री इस तथ्य को स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं। किसी भी कृषि उत्पाद की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम न हो, यह मांग करके आंदोलनकारी किसान वास्तव में आर्थिक नीतियों और सोच में रही ऐतिहासिक भूलें सुधरवाना चाहते हैं। इस लड़ाई के सफल होने का मतलब है व्यावहारिक खेती का भविष्य बचाना और सबका साथ... सबका विकास वाले नये आर्थिक नारे को सच बनाना।

निरंतर घात में है चीन, कुटिल चालों से रहना होगा सावधान

प्रशांत दीक्षित

क्या भारत ने चीन के साथ जिस सीमा जटिलता को सुलझाने का फैसला किया है, वह एक पहेली है, जो लगातार भारतीय शासन को परेशान करेगी? हालांकि भारतीय और चीनी कमांडरों के बीच फरवरी में हुई चर्चाओं की अगली कड़ी के रूप में तनाव खत्म करने की प्रक्रिया को बहुत तेजी से आगे बढ़ाया गया था और सैनिक अपने अग्रिम मोर्चे से पीछे हट गए थे। लेकिन वे अपने बैरकों में नहीं लौटे थे। इन गतिविधियों के बीच पैंगोंग त्सो से दोनों देशों के टैंकों की वापसी सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा था और तनाव की गर्मी को कम करने का संदेश देता था। इस परिदृश्य का समर्थन करने के लिए दोनों तरफ से राजनीतिक स्तर पर बयान देकर सकारात्मक संदेश देने की कोशिश की जा रही है। सेना प्रमुख जनरल नरवणे ने हाल ही में हालांकि राष्ट्र को आश्वस्त किया है कि भारत ने चीन के हाथों कोई भी क्षेत्र नहीं गंवाया है।

और यहीं हम एक विरोधाभास का सामना करते हैं। अब तक भारत दशकों से पारस्परिक रूप से स्थापित प्रतिमान के जरिये चीनी शासन द्वारा स्वीकृत गैर-सीमांकित सीमा क्षेत्र को निरूपित करता रहा है। हमारे पेट्रोलिंग गंतव्य और बिंदु इन परिसरों पर आधारित थे और इसे चीनी सेना तथा चीनी सरकार के साथ साझा किया गया था। हालांकि इसके साथ ही, चीनी शासन हमेशा कुटिल मंशा से भारत को सीमा विवाद हल करने की अनुमति नहीं देता था। यह सब कुछ जून 2020 में बदल गया, जब गलवां घाटी में चीनी सैनिकों ने हमारे जवानों पर हमला किया, जो केवल गश्ती दल के स्थापित कर्तव्य का पालन कर रहे थे, हालांकि चीन ने जो कारण बताया, वह गलवां घाटी में सड़क निर्माण पर आपत्ति थी। वह क्षेत्र स्पष्ट रूप से भारत की सीमा में है।

अब यह स्पष्ट हो गया है कि संघर्ष को आगे बढ़ाने के लिए गलवां घाटी का इस्तेमाल किया गया था। हमने देखा कि इसके तुरंत बाद चीनी सेना ने महत्वपूर्ण स्थानों पर कब्जा कर लिया-डेमचोक, उत्तर में पैंगोंग त्सो, घोगरा, हाल ही में तैयार हुए दरबुक-श्योक-डीबीओ रोड और अंततः देपसांग के मैदानों पर। यह घटना स्पष्ट रूप से डेमचोक, पैंगोंग त्सो और गलवां घाटी में फिर तेजी से बेहतर बुनियादी ढांचों के निर्माण का संकेत देती है और पैंगोंग त्सो तथा सबसे महत्वपूर्ण देपसांग के मैदानों में टैंकों की स्थिति को नजरंदाज नहीं किया जाना चाहिए। यदि भारत ने ऊंचाई पर रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण जगहों पर कब्जा न किया होता, तो इन शत्रुतापूर्ण कार्रवाइयों को बंद नहीं किया जा सकता था।

क्योंकि यहीं से पैंगोंग त्सो में चीनी सैनिकों की तैनाती के परिदृश्य की निगरानी की जा सकती थी और जहां से संघर्ष को ज्यादा बढ़ाए बिना भारतीय जवानों को विस्थापित करना बेहद मुश्किल होता? मुझे नहीं लगता कि वे युद्ध चाहते थे, जिसके लिए वे मानसिक रूप से तैयार नहीं थे। मेरा मानना है कि कोरोना महामारी से दुनिया का ध्यान भटकाने के लिए चीनी सैनिकों ने भारत के खिलाफ कार्रवाई की, क्योंकि अमेरिका, यूरोप और अन्य जगहों पर वायरस के प्रसार को बढ़ाने के लिए चीन उद्देश्यपूर्ण और आपराधिक रूप से जिम्मेदार है। ध्यान देने की बात है कि दो परमाणु हथियार संपन्न देश एक-दूसरे का मुकाबला करेंगे, तो निश्चित रूप से दुनिया भर में भय का माहौल बनेगा। चीन की भूमिका को लेकर विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की जांच से धीरे-धीरे मीडिया का ध्यान हटाने के लिए चीनी शासन ने भारत-चीन संघर्ष का कार्ड खेला।

पैंगोंग त्सो से सैनिकों की वापसी को बढ़ावा देकर उसका उद्देश्य इस शर्त के साथ पूरा हो जाता है कि वे अभी घोगरा और देपसांग तथा कई अन्य जगहों पर टिके रहेंगे, ताकि दरबुक-श्योक-डीबीओ रोड की निगरानी कर सकें। तिब्बती पठार की प्यारी गर्मियों में मुस्कराते हुए उनके पास फैसला लेने के लिए छह महीने का समय है कि उन्हें कोई और विकल्प अपनाने की जरूरत है या नहीं। लेकिन लोकतांत्रिक, बहुलतावादी भारत को अपने नागरिकों, अपने क्षेत्र और लोकाचार की देखभाल करनी है। यह एक विस्तारवादी विरोधी के खिलाफ अपने सैनिकों को कम नहीं कर सकता है, जो 30 किलोमीटर दूर देपसांग के मैदानों में अपने कवच के साथ भारतीय बेस दौलत बेग ओल्डी पर नजर गड़ाए हुए है।

ऐसे परिदृश्य का सामना करते हुए भारतीय राज्य और भारतीय सशस्त्र बलों को बहुत समझदारी के साथ सतर्क रहना होगा, ताकि फिर से तत्परता के साथ अपने रणनीतिक कार्ड को खेल सके। चीनियों पर कभी भरोसा नहीं किया जा सकता, जिसके नेता शी जिनपिंग और चीनी सैन्य आयोग के अध्यक्ष अक्तूबर, 2020 में चीनी सैनिकों को युद्ध के लिए तैयार होने का संकेत दे रहे थे। उनके नेता और विशेष रूप से चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के सदस्य भी वही राग अलाप रहे थे। पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) की वायु सेना ने ताइवानी हवाई क्षेत्र का अतिक्रमण कर लिया है और शत्रुतापूर्ण ढंग से युद्धाभ्यास कर रहे हैं। अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच चतुर्भुज सामरिक समूह (क्वाड) के गठन के लिए हाथ मिलाने की चीन में सार्वजनिक निंदा जारी की गई है।

अमेरिकी रक्षा मंत्री के भारत दौरे के तुरंत बाद मार्च के अंतिम हफ्ते में भारत और अमेरिका के नौसैनिकों ने पूर्वी हिंद महासागर में दो दिवसीय अभ्यास शुरू किया था। अमेरिकी रक्षा मंत्री, जो एक पूर्व सैनिक जनरल हैं, चीन की शत्रुतापूर्ण प्रतिक्रिया का उल्लेख कर रहे थे। इस मुद्दे का सार तत्व यह है कि चीनी शासन को उसकी विस्तारवादी कार्रवाई के खिलाफ वैश्विक चिंता और प्रतिशोध के बारे में एक स्पष्ट संदेश दिया जाना चाहिए। भारत सरकार को चीनी सरकार की तरफ से सकारात्मक प्रतिक्रिया की उम्मीद नहीं करनी चाहिए और अतीत की तरह सद्भावना प्रदर्शित करने की जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए। कोरोना के प्रसार को बढ़ावा देने से संबंधित सभी जांचों को तेजी से मजबूती के साथ आगे बढ़ाया जाना चाहिए।

CMYK

कोरोना संकट के दौर में रेडक्रॉस की भूमिका अहम : राज्यपाल

पटना/कार्यालय संवाददाता। रेडक्रॉस की शाखाएं सभी जिलों एवं अनुमंडल मुख्यालयों में स्थापित करते हुए इसकी गतिविधियों को शहरी मलिन बस्तियों तथा सूदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों तक विस्तारित किया जाना चाहिए। बिहार जैसे आपदा-प्रवण राज्य में किसी भी तरह की आपदा की सूचना मिलते ही त्वरित राहत-कार्य के लिए सामग्रियों सहित तत्पर हो जाने की भरपूर क्षमता रेडक्रॉस सोसाइटी में होनी चाहिए। रेडक्रॉस सोसाइटी को अपना कैलेण्डर ऑफ इवेन्ट्स तथा पूरे एक साल की गतिविधियों की कार्य-योजना, वर्ष की शुरूआत में ही बना लेनी चाहिए।ये बातें राज्यपाल फागू चौहान ने गुरुवार को राजभवन में रेडक्रॉस सोसाइटी, बिहार ब्रांच के चेयरमैन डॉ बिनय बहादुर सिन्हा को रेडक्रॉस गोल्ड मेडल प्रदान करने के लिए आयोजित सम्मान-समारोह को संबोधित करते हुए व्यक्त किये। राज्यपाल ने कहा कि पिछले वर्ष कोरोना के समय भी रेडक्रॉस ने बेहतर काम किया था। उन्होंने कहा कि इस वर्ष भी मास्क और सेनेटाइजर-वितरण, कोरोना से बचाव हेतु जन-जागृति एवं क्वारेन्टाइन सेन्टरों के संचालन में रेडक्रॉस कार्यकत्राओं द्वारा सहयोग पूरी निष्ठा और सक्रियता से किया जाना चाहिए। साथ ही जन-जागरूकता पैदा करते हुए अधिकाधिक संख्या में कोविड का टीकाकरण सम्पन्न कराने में भी रेडक्रॉस को अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि पिछले वर्ष भी रेडक्रॉस सोसाइटी बिहार ब्रांच को लगभग 20 लाख रुपए राजभवन द्वारा दिये गये थे। इस वर्ष भी रेडक्रॉस परिसर पटना में ब्लड-बैंक-भवन के विकास हेतु 50 लाख 35 हजार रुपए की राशि राजभवन द्वारा प्रदान की गई है।राज्यपाल ने कहा कि डॉ बीबी सिन्हा के कार्यकाल में रेडक्रॉस सोसाइटी बिहार ब्रांच एवं जिला शाखाओं की गतिविधियों में संतोषजनक प्रगति हुई है। रेडक्रॉस बिहार ब्रांच परिसर में आधारभूत संरचनाओं का विकास हुआ है तथा स्वास्थ्य-सुविधाएँ मुहैय्या कराने की दिशा में सार्थक प्रगति हुई है। उन्होंने उम्मीद जाहिर की कि डॉ सिन्हा और मुस्तैदी से रेडक्रॉस के लिए काम करेंगे। उन्होंने स्वर्ण-पदक मिलने पर डॉ सिन्हा को बधाई दी। कार्यक्रम में राज्यपाल का स्वागत रेडक्रॉस सोसाइटी बिहार ब्रांच के उपाध्यक्ष उदयशंकर प्रसाद सिंह ने किया। कार्यक्रम में राज्यपाल के सचिव रॉबर्ट एल चोंग्थू भी मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन राज्यपाल के जनसम्पर्क पदाधिकारी डॉ एसके पाठक ने किया।

योजनाओं के क्रियान्वयन के बाद सड़कों की मरम्मत नहीं कराने पर उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने जतायी नाराजगी, कहा

हर घर नल का जल पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता

नगर विकास एवं आवास विभाग के अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

15 मई तक करें क्षतिग्रस्त सड़कों का निर्माण

पटना/संवाददाता। शहरी नल-जल निश्चय योजना के क्रियान्वयन के क्रम में पाइप बिछाने के लिए खोदे गये सड़कों की मरम्मति नहीं किये जाने पर उप मुख्यमंत्री-सह-नगर विकास एवं आवास विभाग के मंत्री तारकिशोर प्रसाद ने कड़ी नाराजगी जताई है। उपमुख्यमंत्री ने गुरूवार को शहरी निकायों के पदाधिकारियों के साथ शहरी नल-जल निश्चय योजना के फेज-1 एवं फेज-2 के अंतर्गत किए गए कार्यों के क्रियान्वयन की समीक्षा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की। इस दौरान उप मुख्यमंत्री ने कहा कि शहरी नल-जल निश्चय योजना के क्रियान्वयन के क्रम में अधिकांश शहरी निकायों में सड़कों को काटा गया है और पाइपलाइन बिछाने के बाद उसकी मरम्मत नहीं की गई, जो खेदजनक है। उन्होंने सभी नगर निकायों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि 15 मई के पहले तक क्रियान्वित योजनाओं की सड़कों की मरम्मति हर हाल में सुनिश्चित कराई जाए, ताकि बारिश के पहले सड़कें मोटरेबल रह सकें, अन्यथा सड़कों के क्षतिग्रस्त रहने पर बारिश के मौसम में आवाजाही में आम नागरिकों को कठिनाई होगी। उन्होंने इसे पूरी संवेदनशीलता के साथ से क्रियान्वित करने के निर्देश दिए। आरा एवं छपरा शहरी निकाय के लचर प्रगति के कारण संबंधित पदाधिकारी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होंने निर्देश दिया कि निर्धारित समय पर योजनाओं को पूर्ण कराएं एवं सड़कों को रिस्टोर करें, अन्यथा कार्रवाई होगी। सभी नगर निकाय के पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि योजना की प्रगति एवं अद्यतन स्थिति की जानकारी स्थानीय विधायक को अवश्य दें। हमारी अपेक्षा है कि सरकार के माध्यम से किए जा रहे विकासात्मक कार्यों को जन आकांक्षी बनाया जाए, इसके लिए प्रगति एवं अद्यतन स्थिति की जानकारी जन प्रतिनिधियों को निश्चित रूप से दी जानी चाहिए। इससे पारदर्शिता एवं सकारात्मक कार्य प्रणाली भी परिलक्षित होती है। उन्होंने कहा कि शहरी निकायों में फेज-1 एवं फेज-2 के अंतर्गत योजनाओं के क्रियान्वयन में अपेक्षित प्रगति नहीं है, इनमें तेजी से काम करने की आवश्यकता है। उन्होंने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सात निश्चय की योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की कोताही एवं लचर प्रगति पाए जाने पर कठोर कार्रवाई होगी। इसलिए अधिकारी निर्धारित समय-सीमा के अन्दर योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित कराएं। बैठक के दौरान विभाग के प्रधान सचिव आनंद किशोर, बुडको के प्रबंध निदेशक रमण कुमार, उप सचिव के.डी. प्रौज्ज्वल, परियोजना निदेशक रवि कुमार आर्य सहित सभी नगर निगम के नगर आयुक्त, नगर पंचायत, नगर परिषद् के कार्यपालक पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित थे।

कोरोना से बचाव को तत्परता से जुटी है सरकार : अरविंद

पटना/विशेष संवाददाता। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अरविंद कुमार सिंह ने प्रदेश में बढ़ रहे कोरोना संक्रमण के प्रति लोगों को सचेत रहने का आह्वान किया है। श्री सिंह ने कहा कि कोरोना की दूसरी लहर के कारण प्रदेश में संक्रमण तेजी से फैल रहा है। इसके बावजूद राज्य सरकार की तत्परता के कारण स्थिति नियंत्रण में हैं। उन्होंने लोगों से न घबराने तथा संक्रमण से बचाव के लिए सजग और सतर्क रहने की सलाह दी है। कहा कि कोविड-19 के गाइडलाइन का पालन करना जरूरी है। आवश्यकता के अनुरूप ही लोगों को घर से निकलने और मास्क के बगैर घर से न निकलने की अपील की है। श्री सिंह ने कहा कि कोरोना के खिलाफ जंग में कोई व्यक्ति अकेला नहीं है। हर कदम पर लोगों के साथ राज्य सरकार पूरी मुस्तैदी से खड़ी है। स्वास्थ विभाग कोरोना से लड़ने की पूरी तैयारी कर चुका है। अस्पतालों में बेड की तैयारी युद्ध स्तर पर की जा रही है। चिकित्सक व स्वास्थ्यकर्मी पूरी तत्परता के साथ जुटे हैं।

पंचायत चुनाव : 48 घंटे के अंदर आरक्षण संबंधी सूची सार्वजनिक करें डीएम : आयोग

पटना/कार्यालय संवाददाता। प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर बिहार सरकार के साथ-साथ प्रशासनिक स्तर पर तैयारी तेज कर दी गई है। राज्य सरकार ने इस बार पुराने आरक्षण के आधार पर ही पंचायत चुनाव कराने का निर्णय लिया है। बिहार सरकार ने सभी जिलों के डीएम को आदेश दिया है कि वार्ड से लेकर जिला परिषद तक आरक्षण नियमावली के अनुसार जो भी सीट आरक्षित है, उसकी सूची 48 घंटे के अंदर पंचायत स्तर तक सार्वजनिक कर दिया जाये ताकि किसी भी उम्मीदवारों को नामांकन करने में कोई परेशानी नहीं हो। राज्य निर्वाचन आयोग ने सभी जिलों को निर्देश दिया है कि त्रिस्तरीय पंचायतों व ग्राम कचहरी के पदों पर आम निर्वाचन 2021 के विभिन्न पदों को डिजिटाइज कर दिया जाये। राज्य निर्वाचन आयोग ने बताया है कि पंचायत के पदों के आरक्षण की स्थिति को डिजिटाइज कराया जाना आवश्यक है जिससे कि प्रत्याशियों के नामांकन, नामांकन पत्रों की जांच, मतगणना और निर्वाचन प्रमाण पत्र और प्रपत्र 23 तैयार करने में होगी।बतातें चलें कि पंचायत चुनाव में इसबार रोस्टर नहीं बदलने वाला है। पहले की तरह ही पद आरक्षित रहेंगे।2016 में जैसे पिछले चुनाव हुआ था, वैसे ही सबर भी चुनाव कराया जायेगा। पहले की तरह आरक्षित पद के अनुसार पंचायत चुनाव में पिछड़े वर्ग की 127 जातियों को आरक्षण का लाभ मिलेगा। पंचायत चुनाव में इन जाति के प्रत्याशियों को नामांकन पत्र के साथ जाति प्रमाण पत्र सौंपना होगा। जाति प्रमाण पत्र सही नहीं पाये जाने पर उनका नामांकन पत्र रद्द होगा और गलत जाति प्रमाण पत्र देने पर उनकी सदस्यता चली जायेगी। गौरतलब हो कि नीतीश कैबिनेट की ओर से राज्य में नये नगर निकायों के गठन की मंजूरी दी है। साथ ही यह भी निर्णय लिया गया है कि जो पंचायती राज संस्थाओं के आरक्षण में कोई भी बदलाव नहीं किया जायेगा। आपको बता दें कि बिहार अधिनियम में अत्यंत पिछड़े वर्गों के लिए एनेक्सचर-एक में कुल 127 जातियां शामिल हैं. इनमें कपरिया, कानू, कलंदर, केवट, कादर, कोरा, खटवा, खंगर, खटिक, गंगोता, चाय, चपोती, तुरहा, धानुक, नोनिया, बलदार, माली, कसाई (मुस्लिम), छीपी, तिली, रंगरेज, सिंदुरिया जैसी जातियां शामिल हैं। पंचायत चुनाव में सभी स्तर के पदों में आरक्षण का प्रावधान किया गया है। चाहे वह वार्ड सदस्य, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, जिला पर्षद सदस्य, ग्राम कचहरी के पंच और ग्राम कचहरी के सरपंच का पद हो. इन सभी स्तर के पदों पर अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और पिछड़े वर्ग (एनेक्सचर-एक) में शामिल जातियों को आरक्षण का लाभ दिया गया है। सभी स्तर के आरक्षित पदों में आधी सीटें उसी वर्ग की महिलाओं के लिए आरक्षित कर दी गयी हैं। चाहे वह सामान्य वर्ग की सीटें हों या अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति या पिछड़ा वर्ग की सीटें हों।

सुप्रीम कोर्ट के फैसले से महाराष्ट्र सरकार बैकफुट पर : मोदी

पटना/विशेष संवाददाता। पूर्व उपमुख्यमंत्री व राज्यसभा सदस्य सुशील कुमार मोदी ने गुरुवार को ट्वीट कर महाराष्ट्र सरकार पर करारा प्रहार किया है। उन्होंने अपने ट्वीट में कहा कि मुंबई के पुलिस आयुक्त पर हर महीने 100 करोड रुपये की अवैध वसूली के मामले में एनसीपी के अनिल देशमुख के खिलाफ सीबीआई जांच का हाईकोर्ट का फैसला बरकरार रख कर सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस को करारा झटका दिया। कहा कि जिस तरह बिहार में राजद-कांग्रेस की सरकार घोटाले, अपहरण उद्योग और जमीन कब्जा करने में लगी थी, उसी तरह महाराष्ट्र सरकार का शीर्ष नेतृत्व अवैध वसूली में लगा है। श्री मोदी ने ट्वीट कर कहा कि बिहार में चारा घोटाला के चार मामलों में दोषी पाये गये लालू प्रसाद की पार्टी से दोस्ती रखने वाली कांग्रेस महाराष्ट्र में उस महा भ्रष्ट सरकार का भी बचाव कर रही है, जिसके एक और मंत्री पर 2 करोड़ की अवैध वसूली के लिए दबाव बनाने का आरोप लगा है। कांग्रेस इस मुद्दे पर चुप्पी साधे रही, जबकि उसके दो कद्दावर वकील सुप्रीम कोर्ट में महाराष्ट्र सरकार और पूर्व गृहमंत्री अनिल देशमुख के बचाव में खड़े थे। श्री मोदी ने ट्वीट कर कहा कि महाराष्ट्र में गवर्नेंस जीरो लेवल पर है, इसलिए वहां कोरोना सबसे ज्यादा फैल रहा है। भ्रष्ट सरकारें लोगों की सेवा और संकट में उनकी रक्षा के लिए काम नहीं करतीं, बल्कि जनता को अपने हाल पर छोड़ कर कई पुश्तों के लिए सम्पत्तियां बनाती हैं।

मधुबनी पीड़ितों की सहायता करने नहीं, बल्कि माला पहनने गये थे तजेस्वी : जदयू

पटना/कार्यालय संवाददाता। जदयू एमएलसी नीरज कुमार, संजय सिंह, जदयू प्रवक्ता अभिषेक झा और जदयू नेता मनीष कुमार सिंह ने नेता प्रतिपक्ष पर हमला किया है। नीरज कुमार ने कहा कि तेजस्वी यादव मधुबनी पीड़ितों की सहायता करने नहीं, बल्कि माला पहनने, स्वागत करवाने, जयकारा लगवाने के लिए मधुबनी गए थे। जो बताता है कि तेजस्वी यादव किस तरह की राजनीति करते हैं। तेजस्वी के मधुबनी दौरे को राजनैतिक मातम यात्रा करार देते हुए कहा कि पीड़ित परिवार को औकात बताना चाह रहे थे। दुःखदायी घटना में जाने के बाद तेजस्वी यादव घटना स्थल पर सबसे ऊँची कुर्सी पर बैठते हैं। तेजस्वी यादव के ट्विट से यह साबित होती है, जिसमें उन्होंने लिखा है कि जिसने वोट दिया उसका भी, जिसने वोट नहीं दिया उसका भी ख्याल रखते हैं। दरअसल, तेजस्वी यह बताना चाहते हैं कि पीड़ित परिवार ने उन्होंने वोट नहीं दिया था। उन्होंने कहा कि तेजस्वी ने जो आरोप लगाया है वह पूरी तरह से गलत है। मामले में 29 तारीख से ही गिरफतारी हो रही है और अब तक 19 लोगों की गिरफ्तारी हुई है, कुर्की जब्ती समय से की गई। इस दौरान तेजस्वी ने मुख्य अपराधियों को पुलिस द्वारा नेपाल छोड़े जाने के आरोपों का सबूत दिखाने की मांग की है। वही एस०एच०ओ० को भी सस्पेंड किया गया है। आगे भी यह कार्रवाई जारी रहेगी। यदि तेजस्वी को मौका मिले तो जिले में बंद व्यक्ति को गृह मंत्री बना दे और गंभीर आरोपियों को मंत्रिमंडल में शामिल कर देंगे। मुख्य प्रवक्ता संजय सिंह ने कहा कि मधुबनी में पीड़ित परिवार से मिलने के दौरान हमने कहा था कि 48 से 72 घंटे का समय दिजिए मुख्य आरोपी प्रवीण झा व अन्य आरोपी यदि पाताल में भी छुपा होगा तो उसे खोज निकाला जाएगा और हुआ भी यही। मधुबनी से आने के बाद सीएम नीतीश से मुलाकात हुई और इस घटना को लेकर अधिकारियों के साथ दो घंटे तक बातचीत हुई। इसी का नतीजा है कि पुलिस ने इस मामले पर कार्रवाई की और आरोपी को धड़ दबोचा। जबकि नेता प्रतिपक्ष कह रहे है कि उनसे डर कर पुलिस ने कार्रवाई की है। हकीकत यह है कि तेजस्वी यादव परिजनों से मिलने जाते है तो फोटो खिचवाते है और पटना लौट आते हैं। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव से सवाल किया कि सीवान में शहाबुद्दीन ने जिसका मर्डर किया उनके परिजनों से क्यों नहीं मिले? नवादा में रेप पीड़िता से जाकर क्यों नहीं मिले? जबकि इस मामले में उनके नेता राजवल्लभ यादव को न्यायालय ने सजा भी सुनायी थी।आगे उन्होंने कहा कि सरकार पर आरोप लगाने वाले लोग जरा पुराने इतिहास को भी याद कर लें। लालू-राबड़ी के शासनकाल में 118 नरसंहार हुआ उस वक्त अपराध करने के बाद अपराधियों का पनाह स्थल एक अणे मार्ग स्थित मुख्यमंत्री आवास होता था। जहां अपराधियों को बचाया जाता था लेकिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राज में अपराधी सलाखों के पीछे होते है। नीतीश कुमार के शासन में अपराधी यदि पालात में भी रहेगा तब उसे ढुंढ़ निकाला जाएगा। मधुबनी हत्याकांड में भी यही हुआ मुख्य आरोपी प्रवीण झा सहित पांच अपराधियों को खोज निकाला गया जो आज सलाखों के पीछे है।

असल गुनाहगारों को दिया जा रहा संरक्षण : तेजस्वी

पटना/संवाददाता। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव प्रदेश में बढ़ते अपराध, मधुबनी कांड सहित अन्य मुद्दों को लेकर लगातार सरकार पर हमलावर है। गुरूवार को एक बार फिर प्रदेश में कानून-व्यवस्था को लेकर सरकार की खिंचाई की है। कहा कि सभी कांडों में निर्दोषों को फंसाकर बड़े गुनाहगारों को बचाया जा रहा है। नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया है कि नियुक्तियों में विसंगति, वित्तीय अनियमितताओं, चर्चित हत्याकांडो तथा घोटालों में दोषियों, हत्यारों, अपराधियों और भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए सुनियोजित प्रयास किये जा रहे हैं। प्रदेश की जनता अब अच्छे से समझ चुकी है। उन्होंने कहा कि अपराध को दबाने के नये ट्रेंड के तहत मामले को ठंडे होने तक चुप्पी साधा जा रहा है। फिर कहा जाता है कि अब तक हमारे संज्ञान में नहीं है। फिर आगे कहा जाता है कि अधिकारियों को निर्देश दिया गया है, कानून अपना काम कर रहा है। इस बीच सबूतों को नष्ट करवा, दोषियों को बचा निदोर्षों को फंसाने की पटकथा तैयार किया जाता है। उन्होंने कहा कि इतना ही नहीं अधिकांश घोटालों और कांडों की जांच पसंददीदा अधिकारियों से कराई जाती है और असल गुनाहगारों को बचाकर और छोटे कर्मचारियों को फंसाया जाता है।

गन्ना उत्पादन को किया जायेगा विस्तारित : प्रमोद

पटना/कार्यालय संवाददाता। गन्ना उद्योग एवं विधि विभाग मंत्री प्रमोद कुमार ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा आयोजित विभागीय बैठक के दौरान वित्तीय वर्ष 2021-22 में मुख्यमंत्री गन्ना विकास कार्यक्रम के कार्यान्वयन एवं इससे संबंधित अन्य विषयों पर विचार-विमर्श कर कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लिया। बैठक में गन्ना क्षेत्र में 25 प्रतिशत का विस्तार और गन्ना के उत्पादन व उत्पादकता में वृद्धि पर चर्चा हुई। बैठक में विभाग के प्रधान सचिव, गन्ना आयुक्त, संयुक्त निदेशक (ईख विकास), संयुक्त ईखायुक्त एवं अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी/वैज्ञानिक उपस्थित रहे। बैठक में वित्तीय वर्ष 2020-21 में मुख्यमंत्री गन्ना विकास कार्यक्रम अंतर्गत अनुदानव प्रोत्साहन हेतु पूर्व में चयनित कुल 08 गन्ना प्रभेद में से किसी प्रभेद को हटाने या जाने हेतु सभी वैज्ञानिकों एवं चीनी मिलों को प्रतिवेदन भेजने का निर्देश दिया गया। इस पर समीक्षा के उपरान्त अंतिम निर्णय लेने की बात कही गयी। साथ ही इनटीग्रेटेड न्यूट्रीगेंट मैनजमेंट एवं इनटीग्रेटेड पेस्ट मैनेजमेंट के अवयव को वित्तीय वर्ष 2020-21 में मुख्यमंत्री गन्ना विकास कार्यक्रम अंतर्गत शामिल किये जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में गैर चीनी मिल क्षेत्र में संबंधित कृषि विज्ञान केन्द्रों के द्वारा आधार बीज उत्पादन करने पर सहमति व्यक्त किया गया। गन्ना उद्योग विभाग एवं कृषि विभाग के समन्वय से करने वाले कार्यों के ऊपर चर्चा किया गया। चीनी मिल क्षेत्र में मास्टर ट्रेनर तैयार करने के लिए प्रशिक्षण देने हेतु बामेति, पटना के द्वारा सहमति व्यक्त किया गया। इसके अलावा निदेशक, उद्यान निदेशालय, बिहार, पटना से गन्ने की खेती में डीप एरीगेशन पर चर्चा की गयी। डीप एरिगेशन पर 90 प्रतिशत अनुदान की व्यवस्था है। विभाग द्वारा इस योजना का प्रचार-प्रसार कराकर गन्ना किसानों को प्रोत्साहित किया जाएगा।

भारत कोरोना वैक्सिनेशन में विश्व में अव्वल : जायसवाल

पटना/विशेष संवाददाता। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ संजय जायसवाल ने दावा किया कि भारत कोरोना से बचाव के लिए दुनिया में सबसे तेजी से टीकाकरण करने वाला देश बन चुका है। भारत कोरोना वैक्सीनेशन में दुनिया में पहले स्थान पर है। उन्होंने कहा कि कोरोना के खिलाफ जंग में भारत की भागीदारी की चर्चा पूरे विश्व में हो रही है। साथ ही पूर देश ने इस संकट में जिस संयम और साहस का परिचय दिया है वह अतुलनीय है। श्री जायसवाल ने कहा कि पूरे देश में कोरोना वायरस की दूसरी लहर के तेज प्रसार को देखते हुए सरकार अभी भी पूरी तरह से सजग है। पीएम मोदी राज्यों के मुख्यमंत्री के साथ लगातार मंत्रणा कर रहे हैं। वहीं, टीकाकरण की रफ्तार भी बढ़ा दी गयी है। इस प्रक्रिया के तहत अब तक 8.70 करोड़ से ज्यादा लोगों को कोविड-19 वैक्सीन की खुराक दी जा चुकी है।भाजपा नेता ने आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि 89,63, 724 स्वास्थ्यकर्मियों को वैक्सीन की पहली खुराक दी जा चुकी है, जबकि वैक्सीन की दोनों खुराक लेने वाले स्वास्थ्यकर्मियों की संख्या 53,94,913 तक तथा फ्रंटलाइन वर्कर्स में पहली खुराक लेने वालों की संख्या 97,31, 2826 और दोनों खुराक लेने वालों की संख्या 4312826 तक पहुंच चुकी है। श्री जायसवाल ने बताया कि 45-59 वर्ष की आयु वाले 21,86,0709 लोगों को वैक्सीन की पहला डोज दिया जा चुका है, जबकि दोनों डोज पाने वालों की संख्या 94,31,933 है। इस शृंखला में 60 वर्ष से अधिक आयु के 53,75,953 लोगों को वैक्सीखन की पहली खुराक और 1000787 को वैक्सीन की दूसरी खुराक भी दी जा चुकी है।

जदयू ने पश्चिम बंगाल विस चुनाव में झोंकी ताकत

बिहार की तर्ज पर पश्चिम बंगाल का भी होगा विकास : श्रवण

पटना/विशेष संवाददाता। जदयू ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में जीत के लिए पूरी ताकत झोंक दी है। जदयू के कद्दावर नेता व बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने गुरुवार को पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में जनसंपर्क अभियान चलाने के साथ ही रोड शो में भी भाग लिया। उन्होंने हावड़ा दक्षिण के प्रत्याशी अमित कुमार घोष उर्फ श्रीकांत और हावड़ा मध्य की प्रत्याशी अनामिका सिंह के पक्ष में कई स्थानों पर रोड शो के साथ नुक्कड़ सभाएं कीं। इस मौके पर भारी तादाद में हिंदी, भोजपुरी, मैथिली और बांग्लाभाषी समाज के मतदाताओं ने जदयू प्रत्याशियों का हौसला बढ़ाया। जदयू के हरदिल अजीज और हरफनमौला नेता व बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने नुक्कड़ सभाओं में लोगों से जदयू प्रत्याशियों को जिताने की अपील की। कहा कि जदयू के समर्थन से बनने वाली सरकार बंगाल में भी बिहार की तरह विकास की गंगा बहायेगी। श्री कुमार ने बिहार में नीतीश सरकार की उपलब्धियों की च चर्चा करते हुए कहा कि बिहार का विकास मॉडल ही अब पूरे पश्चिम बंगाल का विकास मॉडल होगा। रोड शो में भोजपुरी सिनेमा के मशहूर कलाकार कल्लू जी ने भी भाग लिया और गाना गाकर प्रत्याशियों के पक्ष में वोट मांगा। इस मौके पर पूर्णिया के सांसद संतोष कुशवाहा, पार्टी के राष्ट्रीय सचिव रविंद्र सिंह, क्षेत्रीय प्रभारी कामाख्या नारायण, बंगाल जदयू अध्यक्ष अमिताभ दत्त, प्रहलाद सरकार, मनोज सिंह, सुभाष सिंह सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे।

नैतिक मूल्यों की राजनीति करनेवाले नेता हैं सीएम : मल्लिक

पटना/का.सं। जदयू के के सचिव सुमन कुमार मल्लिक ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को जनता से किये गए वादों को पूरा करने वाला देश का सबसे बड़ा नेता बताया है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए आम जनता के हितो की रक्षा एवम् विकास में लगी हुई है। श्री मल्लिक ने कहा की मुख्यमंत्री का सात निश्चय सूबे के विकास को पूरा करने का ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने कहा की न्याय के साथ विकास की नीतियों पर चल रहे नीतीश कुमार का चेहरा राज्य का नहीं वल्कि देश का चेहरा बन चुका है। उन्होंने कहा कि जन सुविधाओं के प्रति गंभीर नीतीश सरकार समाज के अन्तिम व्यक्ति को भी विकास की मुख्य धारा में शामिल करने की नीतियों को चलाने का सफलता पूर्वक काम कर रही है। श्री मल्लिक ने कहा की बात राज्य के किसानों की बेहतरी का हो या गरीबों को पक्का मकान या बेहतर शिक्षा की बात हो या दलित-पिछड़े वर्ग के विकास और सम्मान बढ़ाने की बात हो नीतीश सरकार के कुशल नेतृत्व में राज्य में तेजी से विकास कार्यों को आगे बढ़ाया जा रहा है। श्री मल्लिक ने कहा कि राज्य में रोजगार और बेहतर शिक्षा के लिए युवा वर्ग को आगे बढ़ाने के लिए नीतीश कुमार के नेतृत्व में निरंतर बेहतर योजनाओं की घोषणा कर उसे जमीनी रूप दिया जा रहा है।

जदयू नेता ने चिराग पर दर्ज कराया मामला

पटनाा/का.सं। लोजपा से जदयम में आए केशव सिंह ने लोजपा अध्यक्ष चिराग पासवान पर मुकदमा दर्ज करवाया है। उन्होंने चिराग पासवान पर बिहार विधानसभा चुनाव में धोखाधड़ी करने का आरोप लगाते हुए पटना सिविल कोर्ट में मामला दर्ज किया है। दर्ज मुकदमे में केशव सिंह ने आरोप लगाया है कि चिराग पासवान ने बिहार विधानसभा चुनाव में कई नेताओं को प्रत्याशी बनाने का भरोसा दिलाया था। इसके एवज में नेताओं के सामने 25 हजार लोगों को पार्टी का सदस्य बनाने और विज्ञापन के लिए दो-दो लाख रुपये पार्टी फंड में जमा करने की शर्त रखी गई थी। केशव सिंह ने अपने आरोप में यह भी कहा है कि एलजेपी के 94 नेताओं ने चिराग पासवान के वादे पर भरोसा कर पार्टी के लिए सदस्य बनाए और राशि भी दी, लेकिन ज्यादातर लोगों को टिकट नहीं दिया गया। केशव सिंह ने आरोप लगाया कि चिराग पासवान ने धोखाधड़ी की और एलजेपी के केवल दो दर्जन नेताओं को ही विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी बनाया और बाकी बाहरी लोगों को उम्मीदवारी दे दी। हालांकि लोजपा ने इसे पब्लिसिटी स्टंट करार देते हुए आरोप को खारिज कर दिया है। वहीं इस मामले पर लोजपा के प्रदेश प्रवक्ता श्रवण कुमार अग्रवाल ने कहा कि केशव सिंह केवल मीडिया में बने रहने और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को दिखाने के लिए वे चिराग पासवान पर झूठा आरोप लगा रहे हैं।

सुलभ संपर्कता योजना से बदलेगी गांवों की तस्वीर

एक-दूसरे से जुड़ेंगे सभी गांव

थाना, अस्पताल, प्रखंड से होगा सीधा जुड़ाव

2020-21 में कुल बजट का 4.8 प्रतिशत ग्रामीण सड़कों पर होंगे खर्च

2005 से 2020 के बीच 96,048 किमी पक्की ग्रामीण सड़कों का निर्माण

रामाधार प्रसाद

पटना। बिहार की नीतीश सरकार शहर के साथ-साथ प्रदेश की गांवों के विकास के लिए लगातार प्रयासरत है। इस दिशा में सरकार ने सुलभ संपर्कता योजना की शुरूआत की है। सरकार के सात निश्चय-2 योजना में शामिल इस योजना के सफल क्रियान्वयन के बाद सचुमच गांवों की तस्वीर बदल जाएगी। इसके तहत सभी गांवों का सीधा जुड़ाव प्रखंड, थाना, अनमुंडल, बाजार व अस्पताल एवं उच्च शिक्षण संस्थानों से हो जाएगा। राष्ट्रीय एवं राज्य मार्गों से भी संपर्कता दी जाएगी। इससे कृषि का उत्पादन सीधा बाजार तक पहुंच पाएगा। ग्रामीण आर्थिक रूप से सशक्त होंगे। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, खेल-कूद के क्षेत्रों में क्रांतिकारी बदलाव की संभावना रहेगी। लिहाजा यह कहने में कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी कि सुलभ संपर्कता योजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने में मील का पत्थर साबित होगी। विभागीय जानकारी के मुताबिक ग्रामीण पथ नेटवर्क के तहत 2020-21 में सार्वजनिक निवेश लगभग 10,073.00 करोड़ है जो 2005-06 के 404.00 करोड़ निवेश के 25 गुने से भी अधिक है। वित्तीय वर्ष 2020-21 में कुल बजट का 4.8 प्रतिशत हिस्सा ग्रामीण पथों में निवेश पर खर्च किये जाएंगे। ग्रामीण पथों पर निरंतर निवेश के कारण राज्य में हर गांव-टोले पर पहुंचने के लिहाज से सड़क नेटवर्क का काफी विस्तार हुआ है। सड़कों की कुल लंबाई 2005-06 के 835 किमी से बढ़कर 2020-21 में सितंबर 2020 के अंत तक 96.883 किमी हो गई है। बता दें कि ग्रामीण सड़क नेटवर्क को विस्तार देने में अब तक प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना, ग्रामीण टोला संपर्क योजना की उल्लेखनीय भूमिका रही है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 52,525 किमी ग्रमीण सड़कों का निर्माण कराया गया। वहीं, मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना के तहत 9415 करोड़ के खर्च से लगभग 13,664 किमी ग्रामीण सड़क नेटवर्क का निर्माण किया गया, जबकि 2184 करोड़ की लागत से 3826 किमी सड़कों का निर्माण ग्रामीण टोला संपर्क निश्चय योजना के तहत किया गया। बताते चले कि पिछले 15 वर्षों में सड़क नेटवर्क का काफी विस्तार हुआ है। 2005 से 2020 के बीच 96,048 किमी पक्की ग्रामीण सड़के बनी है।

विधायक बंधु तिर्की ने चिकित्सकों को दी नसीहत

बढ़ते कोरोना के कारण अस्पताल परिसर में रहकर ही ड्यूटी करें

संवाददाता

लापुंग : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लापूग का विधायक बन्धु तिर्की ने निरीक्षण किया नियमित ड्यूटी करने का निर्देश दिया। सामुदायिक स्वास्थ केंद्र की साफ सफाई दुरुस्त करने को कहा। हॉस्पिटल में अव्यवस्था पर प्रभारी डॉ दिलीप उराँव को अपने रूटीन डॉक्टर व स्वास्थकर्मियों पर अपना नियंत्रण खो देने पर फटकार लगाया। प्रभारी डॉ दिलीप उराँव को स्वास्थ कर्मियों व डॉक्टरो की सूची आगामी 20 अप्रैल की प्रबन्ध कमिटी में उपलब्ध कराने व सभी को उपस्थित रहने को कहा। डॉक्टरों व स्वास्थकर्मियों को समुदायिक हॉस्पिटल परिसर लापुंग में रहकर अपनी ड्यूटी करने को कहा। डॉक्टर व स्वस्थ कर्मियों को हॉस्पिटल में यथा शीघ्र सुधार लाएं साथ ही मरीजों को परेशानी ना हो और आवश्यक दवा उपलब्ध कराने की मांग किया। विधायक ने सप्ताह भर में साफ सफाई के लिए मजदूर लगाने का निर्देश दिया। विभाग लेखा प्रबंधक, बीपीओ का चेम्बर में ताला लटके रहने पर विधायक ने नाराजगी व्यक्त किया। मौके पर डॉ निरुपमा लकड़ा व अन्य कर्मचारीयों को हॉस्पिटल नही छोड़ने की बात कही। मौके पर विधायक प्रतिनिधि सुदामा महली, जयन्त बरला,जन्मेंजय पाठक,राजेश बरला,अजय साहू, सुरेश साहू, पवन ठाकुर, बोनिफास कोंगड़ी, पूर्व मुखिया सह विधायक प्रतिनिधि सन्तोष तिर्की , रूपेश पाठक, फिरेन्द्र साहू, विश्वनाथ मुंडा, गांगी उराँव के अलावे अन्य लोग मौजूद थे।

लापुंग प्रखंड में 55 नए चापानल लगाने का निर्देश

लापुंग : राज्य योजना अंतर्गत विधायक बन्धु तिर्की के अनुशंसा पर प्रखंड के सभी 11 पंचायत में पांच पांच नया चापाकल बोरिंग किया जायगा। दो बोरिंग गाड़ी को हरी झंडी दिखा कर विद्यायक बन्धु तिर्की ने रवाना किया। बढ़ती गर्मी के कारण पीने का पानी की समस्या से ग्रामीणों को निजात दिलाने के लिए राज्य योजना से विधायक बन्धु तिर्की की पहल पर पूरे प्रखण्ड के 11 पंचायतों में 55 चापाकल लगाया जाएगा। इ3सके उपरांत कार्यकर्ता संग प्रखण्ड सभागार में बैठक के कार्यकताओं से रूबरू हुए। मौके पर पेय जल एवम स्वच्छता विभाग के एसडीओ देवानन्द सिंह,कनीय अभियंता विजय सिंह, बीडीओ रोहित सिंह, प्रखण्ड समन्वयक आकाश कुमार,चितरंजन कुमार, समाजसेवी रुपेश पाठक, विधायक प्रतिनिधि सुदामा महली, जयन्त बरला,जन्मेंजय पाठक,राजेश बरला,अजय साहू, सुरेश साहू, पवन ठाकुर, बोनिफास कोंगड़ी, पूर्व मुखिया सह विधायक प्रतिनिधि सन्तोष तिर्की , रूपेश पाठक, फिरेन्द्र साहू, विश्वनाथ मुंडा के अलावे अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

पुलिस प्रशासन ने मास्क चेकिंग अभियान चलाया

संवाददाता

बेड़ो : बेड़ो अंचल तथा पुलिस प्रशासन ने संयुक्त रुप से गुरुवार को बेड़ो के साप्ताहिक हाट में कोविड-19 के तहत जारी सरकारी गाइडलाइन को पालन करने के लिए बेड़ो के साप्ताहिक हाट और मुख्य बाजार में मास्क चेकिंग अभियान चलाया । बढ़ते कोरोना के संक्रमण और कोविड-19 के सरकारी गाइडलाइन के उल्लंघन को लेकर बेड़ो के अंचलाधिकारी सह इंसिडेंट कमांडर सुमंत तिर्की तथा थाना प्रभारी मनीष कुमार गुप्ता ने सभी प्रतिष्ठित दुकानदारों से अनुरोध किया कि हर हालत में मास्क लगाकर रहना है । मास्क नहीं लगाने तथा सोशल डिस्टेंसिंग का पालन नहीं करने वालों को अंतिम चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकारी निर्देश का उल्लंघन होगा तो सभी के खिलाफ मामला दर्ज कराया जाएगा । थाना प्रभारी और अंचल अधिकारी ने दुकानदारों को मास्क लगवाया तथा नो मास्क नो एंट्री का 150 से अधिक पंपलेट वितरित किया । थाना प्रभारी और अंचलाधिकारी ने स्वयं कई दुकानों में नो मास्क नो

इंट्री का पंपलेट चिपकाया । इसी बीच अंचलाधिकारी ने दुकानदारों को अपने सभी कर्मचारियों की कोरोना जांच कराने का निर्देश दिया । उन्होंने कहा कि हर हालत में कोविड-19 के गाइडलाइन का पालन करना होगा । साप्ताहिक हाट में आने वाले लोगों से अपील किया कि सभी लोग मास्क लगाकर रहें और सोशल डिस्टेंसिंग अपनाकर अपना जरूरी काम निपटाएं ।अनावश्यक भीड़ भाड़ ना करें और पूरी तरह सरकारी गाइडलाइन का पालन करें । इस मौके पर बेड़ो थाना के सशस्त्र बल समेत पुलिस पदाधिकारी राजेंद्र प्रसाद यादव भी मौजूद थे ।

खलारी बीडीओ ने किया राय स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण

संवाददाता

पिपरवार : खलारी बीडीओ लेखराज नाग ने गुरुवार को राय स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंनो स्वास्थ्य कर्मियो को कई प्रकार की जानकारी दी।उन्होंने 12 अप्रैल को स्वास्थ्य केन्द्र राय में लगने वाले कोरोना टीकाकरण शिविर को लेकर कई प्रकार के आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया।उन्होंने झारखण्ड सरकार के द्वारा जारी किये गये गाईडर्लाइन का सख्ती से पालन कराने की बात कही।उन्होने कहा कि राज्य आपदा प्रबंधन समिति की बैठक में बढ़ते हुए कोरोना संक्रमण की रोकथाम कई निर्देश जारी किया गया है,जिसके तहत सामाजिक सभा प्रतिबंधित रहेगी,विवाह समारोह में अधिकतम 200 व्यक्ति को शामिल किया जा सकता है। वही श्राद्ध कर्म के लिए 50 व्यक्तियों का शामिल होने की

अनुमति है।सभी प्रकार के जुलूस, शोभा यात्रा,धार्मिक जुलुस प्रतिबन्धित रहेंगे।किसी भी सार्वजनिक स्थान पर एक साथ 5 व्यक्ति से ज्यादा लोग इकठा नही रहेंगे। सभी विद्यायल एवम शिक्षण संसाथन ऑनलाइन रहेंगे।सभी दुकान, रेस्टोरेंट, क्लब रात्रि 8 बजे के बाद बन्द रहेंगे,कोई भी व्यक्ति बिना मास्क के सरकारी प्रतिष्ठान और धार्मिक स्थलों में प्रवेश नहीं कर पाएगा।इस आदेश का सख्ती से पालन कराने की बात कही।मौके पर कई स्वास्थ्य कर्मी मौजुद थे।

उड़ते धूल से परेशान बहेरा के ग्रामीणों ने राजधर साइडिंग को कराया बंद

संवाददाता

पिपरवार : सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बहेरा गांव के ग्रामीणों ने गुरुवार की सुबह उड़ती धूल गर्द से परेशान होकर राजधर साईडिंग का काम बंद करा दिया।ग्रामीणों ने बताया कि राजधर साइडिंग में कोयला ढुलाई,रेक लोडिंग और डिस्पैच कार्य होने से काफी धूल गर्द उड़ रहा है,जिसके कारण लोगो को काफी परेशानी हो रही है। धूल गर्द बहेरा,राजधर सहित अन्य ग्रामीण इलाकों में प्रवेश कर रहा,जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि प्रबंधन द्वारा नियमित पानी छिड़काव नहीं किए जाने से धूल गर्द पूरे गांव में फैल रहा है,कई बार प्रबंधन से बात करने के बावजूद इस और कोई पहल नहीं की गई और ग्रामीण धूल फांकने को मजबूर है,इसके विरोध में है साईडिंग को बंद कराया गया है इधर सूचना पाकर पीओ अवनीश कुमार मौके पर

पहुंच कर ग्रामीणों को समझाया।पीओ ने आश्वासन दिया कि नियमित रूप से साइडिंग और आसपास के इलाकों में पानी का छिड़काव किया जाएगा, इसके अलावा जल्द ही जल्द राजधर साइडिंग में स्प्रिंकलर लगाया जाएगा,जिससे प्रदूषण पर नियंत्रण किया जा सकेगा।उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि ट्रांसपोर्ट मार्ग और साईडिंग मे नियमित रूप से पानी को छिड़काव किया जाएगा। मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

बेड़ो में 5 कोरोना पॉजिटिव निकलने से हड़कंप

संवाददाता

बेड़ो : बेड़ो प्रखंड मुख्यालय स्थित राजकीयकृत बालिका मध्य विद्यालय बेड़ो कन्या और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गुरुवार को कोराना जांच शिविर का आयोजन किया गया । कोरोना जांच शिविर का आयोजन बेड़ो प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार सोनी की देखरेख में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा लगाया गया। वही राजकीयकृत बालिका मध्य विद्यालय कन्या स्कूल में कोरोना जांच शिविर के दौरान प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक शिक्षिकाओं और कर्मचारियों ने अपना कोरोना कोविड-19 का सोशल डिस्टेंसिंग के तहत बारी-बारी से रजिस्ट्रेशन कराकर कोरोना का जांच सैंपल दिया। जिसमें राजकीयकृत बालिका मध्य विद्यालय कन्या स्कूल में पहुंचने के साथ ही अपना कोरोना का सैंपल दिए 3 लोगो का कोरोना पॉजिटिव रिपोर्ट आया है। जबकि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हुए कोरोना जांच में दो कोरोना पॉजिटिव मरीज मिले हैं । इधर बेड़ो प्रखंड में एक ही दिन 137 लोगों की जांच में पांच कोरोना पॉजिटिव रिपोर्ट मिलने से पूरे बेड़ो प्रखंड के क्षेत्रों में कोरोना वायरस को लेकर हड़कंप मच गया है। वही प्रखंड में मिले 5 कोरोना पॉजिटिव मरीज के बाद बेड़ो प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार सोनी और अंचलाधिकारी सुमंत तिर्की ने कहा कि ग्रामीण जितना जल्द हो सके सतर्क हो जाएं। कोरोना का रफ्तार दिन-ब-दिन बढ़ रहा है। इससे बचने के लिए मास्क, सैनिटाइजर का इस्तेमाल के साथ-साथ सोशल डिस्टेंसिंग का इस्तेमाल अवश्य करें। इधर प्रखंड में मिले 5 कोरोना पॉजिटिव मरीज में दो शिक्षक एक लेखापाल और दो ग्रामीण शामिल हैं ।? सभी पॉजिटिव मरीजों के रखरखाव और इलाज के लिए विधि व्यवस्था दुरुस्त की गई है।

सीएचसी के 6 स्टॉफ पॉजिटिव

रातू : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुजीत कुमार कश्यप ने बताया कि गुरुवार को केंद्र के 6 स्टॉफ समेत 31 लोग कोरोना पॉजिटिव पाये गये हैं। 80 लोगों को वैक्सीन का लाभ मिला। वैक्सीन के लिये आये ग्रामीणों का सैंपल लिया गया। इसमें 12 लोग पॉजिटिव पाये गये हैं। इधर, बैंक ऑफ इंडिया के काठीटांड़ ब्रांच में एक कर्मी के पॉजिटिव होने की सूचना है। शुक्रवार को बैंक का सेनेटाइज कराया जायेगा। मैंनेजर राजीव कुमार ने बताया कि संक्रमण को लेकर सभी बैंक कर्मी भयभीत हैं।

सिल्ली में पांच कोरोना संक्रमित मिले

सिल्ली : सिल्ली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कोविड 19 की जांच 61 लोगों का किया गया। जांच के दौरान 5 लोगों को पॉजीटिव पाया गया। जिसमें सिल्ली मुरी के ही पांच लोग हैं।

चान्हो में 243 लोगों की हुई कोरोना जांच, 7 पॉजिटिव

संवाददाता

चान्हो : प्रखंड के चान्हो स्वास्थ्य केंद्र में कुल 243 लोगों की कुरौना जांच की गई जिसमें 235 लोग रिपोर्ट नेगेटिव आई। वही 7 लोग कोरोना पॉजिटिव पाए गए । जिसमें ग्राम चोरया पतरातू अम्बा टोली इत्यादि गांव के लोग शामिल है। इसकी पुष्टि अंचल अधिकारी जफर हसनात ने की है। ज्ञात हो कि राज्य में कोरोना महामारी का रूप ले लिया है और तेजी से बीमारी फैलती जा रही है जिसको देखते हुए प्रशासन भी सजग है प्रखंड प्रशासन ने गंभीरता दिखाते हुए अंचल अधिकारी के नेतृत्व में जागरूकता अभियान चलाया अंचल अधिकारी ने लोगों से दूरी बनाकर मास्क का प्रयोग करने की हिदायत दी यदि ऐसा नहीं करने पर आगे से सख्ती के साथ निपटने की बात कही अभियान में उनके साथ थाना प्रभारी दिलेश्वर कुमार की टीम भी उपस्थित थी।

एक झलक

श्री महावीर मंडल नामकुम की बैठक

नामकुम : श्री महावीर मंडल नामकुम बाजार की बैठक सेंट्रल कमिटि रांची के निदेर्षानुसार अखाड़ा स्थल नामकुम बाजारटांड़ में किया गया। बैठक की अध्यक्षता मुखिया अनिता तिर्की ने की। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में श्री महावीर मंडल सेंट्रल कमिटि के अध्यक्ष जय सिंह यादव ने कहा कि रामनवमी के अवसर पर लगनेवाले अखाड़ा, झांकी, अस्त्र-षस्त्र प्रदर्षन को कोरोना के बढ़ते प्रभाव के कारण रद्द कर दिया गया है। सरकारी गाइडलाईन के तहत सभी मंदिरों में पूजा अर्चना धुमधाम से करने का निर्देष भी दिया गया। उन्होंने कहा कि पूरे रांची जिला में प्रथमा से नवमी तक भजन, कीर्तन, पूजन का कार्यक्रम सोषल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए करें। नामकुम में सभी अखाड़ों में पूजा अच्छी तरह से हो इसके लिए श्री महावीर मंडल नामकुम के अध्यक्ष मनोज सिंह को नियुक्त किया गया है। बैठक में सेंट्रल कमिटि के दीपक ओझा, नंदकिषोर चंदेल, सागर कुमार, कमलेष यादव, धमेन्द्र पाण्डेय ने भी संबोधित किया। मौके पर ग्राम प्रधान विनोद एक्का, षारदा देवी, अनिल वर्मा, मंटू राय, विकू सिंह, षंकर पाण्डेय, प्रभुदयाल बड़ाईक, रजनी देवी, इंदू देवी, रूपा देवी, पवन सिंह, अनिल कुमार, पूनम देवी, देवंती देवी, कृष्णा कुमार आदि लोग उपस्थित थें।

दहेज प्रताड़ना को लेकर केस

सिकिदिरी : सिकिदिरी थाना क्षेत्र के कुटे गांव की एक महिला महिला ने अपने पति पर दहेज प्रताड़ना को लेकर मामला दर्ज कराया है। दर्ज मामले में महिलाषहनाज परवीन ने पति ष्हबाज खान के अलावा सास-ससुर पर भी दहेज को लेकर अक्सर मारपीट करने व प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

एनके एरिया में पानी की समस्या को ले सकारात्मक पहल

खलारी : बढ़ती गर्मी को देखते हुए सीसीएल एनके एरिया कॉलोनियों में पानी की समस्या को दूर करने के लिए महाप्रबंधक ने दौरा किया।महाप्रबंधक ने एनके एरिया क्षेत्र के कॉलोनियों में वाटर सप्लाई के लिए बनाए पंप हाउस का निरीक्षण किया और वाटर लेवल की जानकारी ली।उन्होंने अधिकारियों के साथ पानी की समस्या को लेकर विचार विमर्श किया।महाप्रबंधक ने कहा कि इस भीषण गर्मी में नदियों और तालाबो,कुआँ का जलस्तर काफी नीचे चला गया है।पानी की समस्या को देखते हुए क्षेत्र की नदियों और पानी सप्लाई के बने फिल्टर और पम्प हाउस का निरीक्षण किया गया।महाप्रबंधक ने दामोदर एव सपही नदी तथा चुरी, मानकी तथा करकट्टा पम्प हाउस का दौरा कर वाटर लेवल की स्थिति की जानकारी ली।महाप्रबंधक ने कहा कि गर्मी के मौसम में भी कॉलोनियों में पानी की समुचित सप्लाई हो और पानी की कमी नही हो इसके लिए तीव्र गति से कार्य किया जा रहा है। इसके अलावा कॉलोनियों में पानी की समस्या नही हो इसके लिए सीसीएल प्रबंधन पूरा लगा हुआ है।इस दौरे में एसओसी बीएन पाठक,एसओ पीएण्डपी एन आर स ,रोहिणी पीओ दिलीप कुमार सिंह सहित कई विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

मुरी में चला मास्क चेकिंग अभियान

मुरी : मुरी ओपी द्वारा मास्क एवं दुकान बंद करने को लेकर चेकिंग अभियान चलाया। जिसमें दुकानदारों एवं राहगीरों को मास्क लगाने का हिदायत दिया। साथ ही साथ सभी को चेतावनी दिया गया, कि बिना मास्क के पकड़े जाने पर कानूनी कार्रवाई किया जाएगा ।साथ ही साथ दुकानदारों को सरकार द्वारा निर्धारित समय से दुकान बंद करने का हिदायत दिया। इस अभियान में सब इंस्पेक्टर सौरव कुमार अपने दल बल के साथ शामिल थे।

आस्था का केंद्र बना दैलबेडा मंदिर

सिल्ली : प्रखंड के मारदु सुवर्णरेखा नदी किनारे स्थित प्रसिद्ध दैलबेडा मंदिर इन दिनों आस्था का केंद्र बना हुआ है । प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालु पूजा अर्चना करने पहुंचते हैं। चैत्र महीने में इस मंदिर का खास महत्व है इस महीने में झारखंड के अलावा बंगाल से भी श्रद्धालुओं के आने से पूजा अर्चना के लिए लंबी कतारें लग जाती है। प्रत्येक सोमवार को तो श्रद्धालुओं का अहले सुबह से आना जाना लगा रहता है । श्रद्धालु स्वर्णरेखा नदी पर स्नान कर भगवान शिव की पूजा करते हैं। भगवान शिव को यहां बूढ़ा बाबा के नाम से भी जाना जाता है। मान्यता है कि श्रद्धालुओं की मन्नतें पूरी होने से बकरे की बलि दी जाती है। मंदिर परिसर में राम मंदिर समेत कई मंदिर अवस्थित हैं जिन का परिक्रमण कर श्रद्धालु शीश झुकाते हैं। मंदिर 3 पथों से पहुंचा जा सकता है झारखंड मोड ब्राह्मणडीह से लगाम होते हुए एवं नायक जोबला होते हुए तथा मुरी तुलसी पोखर लगाम होते हुए लोग मंदिर पहुंचते हैं।

ट्रक व पिकअप वैन में टक्कर

सिल्ली : सिल्ली थाना अंतर्गत मुरी -गोला रोड पर लोदमु गांव के समीप आम बागान के पास सुबह 8:00 बजे पिकअप वैन और ट्रक में जोरदार सीधी टक्कर हो गई। इस टक्कर मे पिकअप वैन पूरा क्षतिग्रस्त हो गया।भेन के ड्राइवर को हल्की चोट लगी जबकि ट्रक ड्राइवर और खलासी फरार हो गए! ग्रामीणों द्वारा थाना को सूचना देने पर मौके पर पुलिस पहुंचकर ड्राइवर को तुरंत सिल्ली डॉक्टर पांडेय के पास ले जाया गया। जहां उसका इलाज करवाया गया। बताया जा रहा है कि पिकअप भेन हजारीबाग से जमशेदपुर की तरफ जा रहा था। वही ट्रक सिल्ली तरफ से रामगढ़ की तरफ जा रहा था। पिकअप भेन का ड्राइवर का नाम राजेश जानी है जो झाड़ग्राम का रहने वाला है।

आरोपियों को भेजा गया जेल

नामकुम : थानाक्षेत्र के सिदरौल से बालू ट्रक चालकों से अवैध वसूली एवं मारपीट कर पैसा छिनने के आरोप में पकडे. गए 16 आरोपियों को गुरूवार को नामकुम पुलिस ने जेल भेज दिया है। इस मामले में पकडे गए एक आरोपी रंजीत सिंह की तबीयत खराब होने के कारण ईलाज हेतू रिम्स भेज दिया गया।

भारतीय कृषि जैव प्रौद्योगिकी संस्थान में अंतराष्ट्रीय संगोष्ठी

नामकुम : भारतीय कृषि जैव प्रौद्योगिकी संस्थान नामकुम द्वारा पौध जैव प्रौद्योगिकी एवं जीनोम एडिटिंग के क्षेत्र में हुई प्रगति विषय पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी एवं प्लांट टिशु कल्चर एसोसिएशन की 42वीं वार्षिक बैठक का आयोजन लाइव वर्चुअल मोड में गुरूवार को किया गया। संगोष्ठी का उद्घाटन करते हुए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नयी दिल्ली के महानिदेशक एवं कृषि अनुसंधान व शिक्षा विभाग, भारत सरकार के सचिव डॉ त्रिलोचन महापात्र उपज और गुणवत्ता बढ़ाने के लिए आधुनिक प्रौद्योगिकी के प्रभाव के ऊपर अपनी बातें रखी तथा अपना अनुभव साझा किया। उन्होंने कहा कि पौध जैव प्रौद्योगिकी एवं जिनोम एडिटिंग जैसे महत्वपूर्ण विषय पर अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों के साथ चर्चा का आयोजन कर संस्थान ने एक बेहतर पहल की है।

कुएं का गंदा पानी पीने को मजबूर हैं ग्रामीण

बेड़ो के बरटोली गांव में पीने का पानी नहीं

गांव के लोग 2 किलोमीटर दूर से पानी लाते

संवाददाता

बेड़ो : एक ओर सरकार विकास के बड़े-बड़े दावे कर रही, वहीं ग्रामीण मूलभूत सुविधाओं से कोसों दूर हैं। मामला बेड़ो प्रखंड के डोरंडा पंचायत के बरटोली गांव की है। जहां ग्रामीण आज भी बुनियादी सुविधाओं के लिए तरसते नजर आ रहे हैं। गांव में सबसे बड़ी समस्या पेयजल की है गांव के लोग 2 किलोमीटर दूर से पानी लाते हैं। आने-जाने का मार्ग का भी बुरा हाल हैं। बरटोली गांव में पानी की समस्या से लोग परेशान हैं। गांव के लोगों को आज भी पीने का पानी मुहैया नहीं हो रही है। नतीजतन

लोगों को खेत में बने कुंए का गंदा पानी को छानकर पीना पड़ रहा है। गांव में ग्रामीण दो किलोमीटर दूर जाकर पैदल कुएं से पानी भरकर लाते हैं। गांव की महिलाओं का कहना है कि पूरी उम्र पानी भरने में ही बीत गयी है। यहां के लोगों का दिन भर एक ही काम है कि खेत में बने कुएं का पानी भरना और दो किलोमीटर दूर से पानी लाना। यह कुंआ लोगों के लिए जीवनदायिनी बनी हुई है, जो इंसानों के साथ जानवरों की भी प्यास बुझाने का काम कर रही है। भले ही कुंए का पानी गंदा और प्रदूषित है, बावजूद ग्रामीण यह पानी पीने को मजबूर हैं।

एक कुंआ से 65 घरों के लोग पीते हैं पानी : बरटोली गांव के 65 घरों के ग्रामीण एक ही कुआं के गंदे पानी के सहारे जीने को मजबूर है। इस गांव में चार हैंडपंप है जो बंद पड़ा हुआ है। और ग्रामीण पानी के लिए जूझ रहे हैं।

छलका ग्रामीणों का दद : बरटोली गांव के एतवा उरांव,देवा उरांव व गंगा उरांव का कहना है कि पूरे गांव में कुंए किसी भी रूप में पीने के लायक नहीं है। यह सब जानकर भी ग्रामीण इस पानी को पीने को मजबूर हैं। गांव की विराजी उराईन का कहना है कि शादी होइके हम ई गांव में आय रही और आईज बुढ़िया हो गेली लेकिन गांव में पानी कर समस्या जस कर तस बनल है। हमीन कर गांव में दूध मिली लेकिन पानी नहीं। गांव कर बेटी पुतौह मने कुंआ से पानी लानेके ले मजबूर हैं। यह कहना है विराजी की जिनकी पूरी उम्र गुजर गई कुंए से पानी ढोते-ढोते, बस यही कुंआ एक सहारा है जीने के लिए। इस गन्दे पानी को जानवर भी पीते हैं और हम लोग भी पीने को मजबूर हैं। वहीं गांव की गौरी उरांव, अनिता उरांव,सारो उरांव,बिरसी उरांव,सीता उरांव महिलाओं ने कहा कि गांव में पेयजल की घोर किल्लत है। गांव में लगे चापाकल खराब हो चुके हैं। दो किमी दूरी स्थित कुआं से पानी लाना पड़ता है। भीषण गर्मी के कारण यह कुआं भी जबाब देने लगा है। ऐसी स्थिति में ग्रामीणों को और भी दूरी से पानी लाना पड़ेगा। कुआं के पानी से ही मवेशियों व आदमी की प्यास बुझती है।गर्मी बढ़ने पर कुआं में जल संग्रह होने के बाद बारी-बारी से हमलोग पानी लेकर घर लौटते हैं। गांव के ग्रामीणों ने बताया कि राज्य सरकार की योजनाएं गांव पहुंचते-पहुंचते खत्म हो जाती हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अपनी समस्याओं को प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष पंचायत भवन में रखा था।

पिपरवार के बेती में गहराया जल संकट, ग्रामीणों को हो रही है परेशानी

संवाददाता

पिपरवार : सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बेती गांव में गर्मी के दस्तक के साथ ही जल संकट एक बड़ी परेशानी के रूप में सामने आ गया है।गांव में सभी कुआं और तालाब सूख चुका है,जबकि सभी चापानल पूरी तरह से खराब पड़ा हुआ है।गर्मी के दस्तक के साथ ही बेती पंचायत में जल संकट गहराने से स्थानीय ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही है। ग्रामीण पानी को लेकर इधर-उधर भटकने को मजबूर है।गांव का एकमात्र तलाब जो ग्रामीणों के अलावे जानवरों को भी राहत पहुंचाने का काम करता था वह पूरी तरह से सूख चुका है, जबकि कुआं का जलस्तर काफी नीचे चला जा चुका है। क्षेत्र के सभी नदी मैं सिर्फ बालू ही बालू नजर आ रहे हैं। इस संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि गर्मी के दस्तक के साथ ही बेती में पानी की समस्या उत्पन्न हो गई,अभी पूरी गर्मी बाकी है ना जाने क्या होगा।ग्रामीणों ने बताया कि एकमात्र तालाब में सीसीएल के द्वारा पाइप लाइन के माध्यम से पानी पहुंचाया जाता था जो बंद हो चुका है,इसके कारण पूरी तलाब सूख चुकी है,जिसको लेकर ग्रामीणों के अलावे जानवरों को भी काफी परेशानी हो रही है।वहीं पंचायत में लगे लगभग सभी चापाकल खराब हो चुके हैं। कोयला खदान के चलने के कारण पानी का स्त्रोत काफी नीचे जा चला जा चुका है।

रांची, वर्ष : 12, अंक : 355 | RNI NO - JHAHIN/2009/28606 | शुक्रवार | 09 अप्रैल 2021 | TV, E-Paper&News : www.live7tv.com | सुझाव या शिकायत directorsanmarg@gmail.com पर मेल करें
पृष्ठ : 12 मूल्य ₹ 2.00

आईपीएल 2021 में होम एडवांटेज न होना सकारात्मक

पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, बिहार और झारखंड का सर्वाधिक लोकप्रिय हिन्दी दैनिक, टेलीफोन नंबर - 0651- 2212677,3242120,2212476 फैक्स नं : 2212679, 2212678
प्रकाशन का 75वां वर्ष
卐 ।। श्री हरि ।। 卐
सन्मार्ग
email : sanmargjharkhand@gmail.com
नमोऽस्तु रामाय सलक्ष्मणाय देव्यै च तस्यै जनकात्मजायै नमोऽस्तुरुद्रेन्द्रयमानिलेभ्यो नमोऽस्तुचन्द्रार्कमरुद्गणेभ्यः

आठ दिन में 8589 संक्रमित, 45 ने गंवायी जान

वरीय संवाददाता

रांची : पूरे देश में कोरोना वायरस तबाही मचा रहा है। रोज मिलने वाले संक्रमितों का आंकड़ा 1.25 तक जा पहुंचा है। झारखंड में भी स्थिति दिनों-दिन विस्फोटक होती जा रही है। यहां भी संक्रमितों का आंकड़ा बढ़ते-बढ़ते चार अंकों में चला गया है। चिंताजनक स्थिति यह है कि संक्रमितों के बढ़ने के साथ-साथ मौत का आंकड़ा भी बढ़ता जा रहा है। कोरोना की दूसरी लहर का झारखंड में स्थिति का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अप्रैल माह में महज आठ दिनों (1 से 8 अप्रैल) में 8589 लोग संक्रमित हो गये, वहीं एक सप्ताह में 45 लोगों ने अपनी जान गंवा दी। सबसे ज्यादा 4183 संक्रमित रांची में और 1002 जमशेदपुर में मिले हैं। वहीं, एक सप्ताह में सबसे ज्यादा 23 मौत रांची में हुई है। जबकि, धनबाद में पांच, बोकारो में तीन, जमशेदपुर में तीन, दुमका में दो, चतरा में दो, साहेबगंज में दो जबकि लोहरदगा, सिमडेगा, गिरिडीह, गुमला व कोडरमा में एक-एक मौत हुई है। अब तक पूरे राज्य में 1158 लोगों की मौत हो चुकी है। इसमें 70 साल से ज्यादा उम्र के 300 लोग थे, जबकि 51 से 70 साल के बीच के 585 लोगों ने दम तोड़ा >> शेष पेज 11 पर

राज्य में कोरोना कहर

राज्य में 1882 नये संक्रमित मिले, रांची में 858, 7 की मौत

झारखंड में कोरोना वायरस का कहर जारी है। गुरुवार को 1882 नये संक्रमित मिले। अकेले रांची में 858 पॉजिटिव मिले, वहीं सात लोगों की मौत हो गयी। नये संक्रमित मिलने के बाद राज्य में संक्रमितों का आंकड़ा बढ़कर 1,32,790 हो गया है। सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 9,249 हो गयी है। रांची में 6 और साहेबगंज में एक संक्रमित की मौत हो गयी। इसके बाद मौत की कुल संख्या 1158 हो गयी है। गुरुवार को विभिन्न जिलों को मिलाकर 498 लोगों की >> शेष पेज 11 पर

एकजुट होकर करना होगा कोरोना वायरस चुनौती का मुकाबला: मोदी

मुख्यमंत्रियों के साथ की समीक्षा सीएम हेमंत सोरेन भी शामिल हुए

नयी दिल्ली : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कहा कि देश में कोरोना जिस भयानक रफ्तार से फैल रहा है वह चिंता का विषय है लेकिन सभी को राजनीति से उपर उठकर इस चुनौती से निपटने के लिए एकजुट होकर तेजी से कदम उठाने होंगे क्योंकि थोड़ी सी भी ढिलाई घातक सिद्ध हो सकती है। >> शेष पेज 11 पर

1-8 अप्रैल तक की राज्य की स्थिति

तारीख	संक्रमित	मौत
1 अप्रैल	690	01
2 अप्रैल	694	01
3 अप्रैल	873	07
4 अप्रैल	788	08
5 अप्रैल	1086	10
6 अप्रैल	1264	04
7 अप्रैल	1312	07
8 अप्रैल	1882	07
कुल	8589	45

संक्षिप्त

मोदी ने एम्स में कोविड वैक्सीन की दूसरी खुराक ली

नयी दिल्ली : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरूवार को दिल्ली के एम्स अस्पताल में ली कोरोना वैक्सीन की दूसरी खुराक का टीका लगवाया। टीका लगवाने के बाद श्री मोदी ने ट्वीट कर कहा, आज मैंने एम्स में कोविड वैक्सीन की दूसरी खुराक ली। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे कोविनडाटजीओवीडाटएन पर पंजीकरण करवाकर टीका लें क्योंकि टीकाकरण ही उन चुनिंदा रास्तों में से एक है, जिसके जरिए वायरस को हराया जा सकता है। श्री मोदी ने पिछले महीने एक मार्च को कोरोना टीके की पहली खुराक ली थी। प्रधानमंत्री ने भारत बायोटेक द्वारा विकसित कोरोना टीका लगवाया था।

मां ने दो बच्चों के साथ कुएं में लगायी छलांग, तीनों की मौत

बिरनी/गिरिडीह : बिरनी थाना क्षेत्र के चोंगाखार पंचायत के परसबनी गांव में गुरुवार को एक मां अपने दो बच्चों के साथ कुएं में कूद गई। हो-हल्ला पर काफी संख्या में आसपास के ग्रामीण मौके पर जुटे और उन्हें निकालने का प्रयास किया मगर तबतक दोनों बच्चे समेत मां की मौत हो चुकी थी। मृतकों में शिवशंकर दास की 22 वर्षीय पत्नी हेमंती देवी, उसका 4 साल का बेटा आयुष कुमार और दो साल की बेटी संजना कुमारी थी। मिली जानकारी के अनुसार मृतका हेमंती देवी का पति शिवशंकर दास मुंबई में और ससुर भी कहीं बाहर मजदूरी करते हैं। हेमंती यहां सास और ननद के साथ रहती थी। घटना की सूचना पर बिरनी थाना प्रभारी शमानंद सिंह सदलबल मौके पर पहुंचे और मामले की जांच की शुरू कर दी।

गोड्डा से चली हमसफर ट्रेन, विधायक-सांसद भिड़े

रेल मंत्री ने हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को किया रवाना

विधायक-सांसद की भिड़ंत से स्टेशन पर कोरोना गाइडलाइन की धज्जियां उड़ीं

एजेंसी

गोड्डा : संथाल परगना के लिए गुरुवार का दिन ऐतिहासिक रहा। हंसडीहा-गोड्डा रेल मार्ग के उद्घाटन के साथ ही गोड्डा से रेल परिचालन शुरू हो गया। रेल मंत्री पीयूष गोयल ने ऑनलाइन हरी झंडी दिखाकर गोड्डा से चलने वाली पहली ट्रेन हमसफर एक्सप्रेस को दिल्ली के लिए रवाना किया। हालांकि इससे कुछ देर पहले कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव और भाजपा से गोड्डा सांसद डॉ. निशिकांत दुबे किसी बात पर आपस में भिड़ गए। भारी शोर शराबे के बीच पुलिस ने दोनों को एक-दूसरे से दूर हटाया, तब मामला शांत हुआ। विधायक और सांसद के आमने-सामने होने के बाद स्टेशन परिसर पर कोरोना गाइडलाइन की धज्जियां उड़ गई। इस दौरान काफी ज्यादा भीड़ दिखी। सोशल >> शेष पेज 11 पर

ट्रेन चलाने की क्रेडिट लेने की होड़ हाथापाई की वजह

गोड्डा में रेल परिचालन शुरू होने के ऐतिहासिक मौके पर क्रेडिट लेने की होड़ में ही बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे और पोड़ैयाहाट से कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव के बीच नोंक-झोंक हुई। नोंक-झोंक इतनी बढ़ी की नौबत हाथापाई की आ गई। भीड़ में महगामा की कांग्रेस विधायक दीपिका सिंह पांडेय भी शामिल थीं। मौके पर राज्य सरकार के प्रतिनिधि के रूप में राज्य के मंत्री चम्पई सोरेन के साथ रेलवे के वरीय अधिकारी भी मौजूद थे। वहीं मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों और सुरक्षाकर्मियो ने सांसद और विधायक को अलग करते हुए मामला शांत कराया।

आज व कल हल्की बारिश संभव, पारे में होगी गिरावट

रांची : निम्न दबाव के कारण 9 और 10 अप्रैल को रांची समेत राज्य के कई जिलों में हल्की बारिश होने की संभावना है। बारिश के कारण अगले एक-दो दिनों में तापमान में 2-3 डिग्री की गिरावट होने की संभावना है। यह जानकारी मौसम विभाग ने दी है। विभाग के अनुसार 2-3 दिनों बाद फिर से पारे में वृद्धि होगी। विभाग ने 9 और 10 अप्रैल को जिन जिलों में बारिश की संभावना व्यक्त की है उनमें उत्तर-पूर्वी, मध्यवर्ती तथा दक्षिणी जिले शामिल हैं। विभाग ने इन इलाकों में गर्जन और वज्रपात की आशंका व्यक्त की है। इस दौरान 30-40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने की संभावना है। इधर, गुरुवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से मौसम साफ रहा। बुधवार के मुकाबले गुरुवार को अधिकतम तापमान में 1 डिग्री वृद्धि दर्ज की गयी। न्यूनतम तापमान भी 2 डिग्री बढ़कर 23.6 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। वहीं, डालटेनगंज में तापमान 42 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। डालटेनगंज, गढ़वा, चतरा और लातेहार जिलों में हीट वेब की स्थिति रही।

बंगाल में चौथे चरण का प्रचार थमा, वोटिंग कल

चौथे चरण में 44 सीटों पर होना है मतदान

एजेंसी

कोलकाता : पश्चिम बंगाल में चौथे चरण में पांच जिलों की 44 विधानसभा सीटों के लिए प्रचार अभियान बृहस्पतिवार शाम पांच बजे समाप्त हो गया। इन सीटों पर 10 अप्रैल को मतदान होगा। दक्षिण बंगाल के हावड़ा (भाग दो), दक्षिण 24 परगना (भाग तीन), हुगली (भाग दो) और उत्तर बंगाल के अलीपुरद्वार तथा कूचबिहार में शुक्रवार को होने वाले चुनाव में 1,15,81,022 मतदाता 373 उम्मीदवारों के भविष्य का फैसला करेंगे। कुल मतदाताओं में 58,82,514 पुरुष, 56,98,218 महिलाएं और थर्ड जेंडर के 290 सदस्य शामिल हैं। मतदान सुबह सात बजे से शाम साढ़े छह बजे तक होगा। इन सीटों पर 15,940 मतदान केंद्रों पर वोट पड़ेंगे। इस चरण में हावड़ा की नौ, दक्षिण 24 परगना की 11, अलीपुरद्वार की पांच, कूचबिहार की नौ और हुगली की 10 सीटों पर मतदान होगा। इस चरण में अपनी किस्मत आजमा रहे प्रत्याशियों में बंगाल रणजी के पूर्व कप्तान मनोज तिवारी (शिबपुर सीट, तृणमूल कांग्रेस) और राज्य के शिक्षा मंत्री और बेहला पश्चिम सीट से वर्तमान विधायक पार्थ चटर्जी शामिल हैं। इसके अलावा टॉलीगंज सीट पर भाजपा के केंद्रीय मंत्री बाबुल सुप्रियो का मुकाबला राज्य के खेल मंत्री अरूप बिस्वास से है। बेहला पूर्व सीट पर भाजपा की उम्मीदवार पायल सरकार का मुकाबला रत्ना चटर्जी से है जो शहर के पूर्व महापौर और अग्निशमन मंत्री शोभन चटर्जी की पत्नी हैं। राज्य के पूर्व वन मंत्री राजीव बनर्जी हाल ही में भाजपा >> शेष पेज 11 पर

रक्तदान मानव जीवन की रक्षा के लिए संजीवनी : मुख्यमंत्री

वरीय संवाददाता

रांची : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुरुवार को रिम्स ब्लड बैंक के लिए रक्तदान किया। मुख्यमंत्री ने कहा, रक्तदान मानव जीवन की रक्षा के लिए संजीवनी का काम करता है। हर स्वस्थ व्यक्ति को स्वेच्छा से रक्तदान करना चाहिए। रिम्स ब्लड बैंक के राजीव रंजन और प्रसेन प्रसाद ने बताया कि मुख्यमंत्री समय-समय पर रक्तदान कर अपना सहयोग देते रहते हैं।

कृषि कानून वापस नहीं होने तक जारी रहेगा आंदोलन: टिकैत

सहारनपुर : किसान नेता राकेश टिकैत ने आज फिर दोहराया कि कृषि कानूनों के वापस होने तक इसके खिलाफ चल रहा आंदोलन चलता रहेगा। उन्होंने कहा कि कोरोना के कारण अगर सम्पूर्ण लॉकडाउन लगाया जाता है तब भी किसान दिल्ली सीमा पर डटे रहेंगे। किसान अब पूरी तरह से कानून को लेकर आर पार के मूड में हैं। शहीद भगत सिंह के भतीजे किरणजीत सिंह की बेटी की शादी में शिरकत करने आये राकेश टिकैत ने कहा कि आंदोलन अब गांव गांव तक फैल गया है। किसान आंदोलन के समर्थन में भाजपा नेत्री प्रियवंदा तोमर के पार्टी से त्यागपत्र के सवाल पर उन्होंने कहा कि लोग अब समझ रहे हैं कि कानून किसानों के खिलाफ है।

प्रशासन और सरना समितियों के बीच बनी सहमति

नहीं निकलेगा सरहुल जुलूस

52 साल में दूसरी बार सरहुल के दिन सड़कों पर पसरा रहेगा सन्नाटा

संवाददाता

रांची : रांची में सरहुल पर्व के दौरान सरना समितियों की ओर से जुलूस या शोभायात्रा नहीं निकाली जाएगी। डीसी के साथ विभिन्न सरना समितियों के साथ बैठक में यह फैसला लिया गया है। रांची में लगातार बढ़ रहे कोविड के मामले को देखते हुए समितियों ने एकमत होकर फैसला लिया कि इस बार शोभायात्रा नहीं निकाली जाएगी। सिरम टोली स्थित मुख्य सरना स्थल पर 5 लोगों को पूजा पाठ करने की अनुमति दी गई है। बैठक के दौरान ये निर्णय लिया गया कि विभिन्न मौजा से अधिकतम 5 लोग मुख्य सरना स्थल पर कोविड-19 के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए पहुंचेंगे और बारी-बारी से पूजा लौट जाएंगे। इस दौरान ढोल नगाड़ा साथ लाने के अनुमति नहीं होगी। साथ ही अलग-अलग मौजा से अधिकतम 5 लोग पैदल न आकर वाहन से आयेंगे।

52 साल में दूसरी बार लगी है रोक : 52 साल में ऐसा दूसरी बार है जब रांची में शोभायात्रा नहीं निकलेगी। इससे पहले पिछले साल भी कोविड के कारण शोभायात्रा पर रोक लगा दी गई थी। बैठक में सिटी एसपी सौरभ, रांची अनुमंडल पदाधिकारी समीरा एस भी शामिल थीं।

डीसी ने कहा, सरकार का आदेश लागू करने में सहयोग करें : बैठक के दौरान डीसी ने कहा कि विभिन्न सरना समितियों को ही समाधान >> शेष पेज 11 पर

भ्रष्टाचार मामला: देशमुख की अपील सुप्रीम कोर्ट में खारिज

नयी दिल्ली : उच्चतम न्यायालय ने भ्रष्टाचार के मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) जांच के आदेश के खिलाफ महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख और राज्य सरकार की याचिकाएं गुरुवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति संजय किशन कौल और न्यायमूर्ति हेमंत गुप्ता की खंडपीठ ने याचिकाओं को खारिज करते हुए कहा कि इस मामले की जांच की आवश्यकता है। खंडपीठ ने कहा, आरोपों की गम्भीर प्रकृति तथा इसमें शामिल व्यक्तियों के मद्देनजर इस मामले की स्वतंत्र जांच की आवश्यकता है। न्यायमूर्ति कौल ने कहा,(बॉम्बे उच्च न्यायालय ने) इस मामले में प्रारम्भिक जांच के ही आदेश दिये हैं इसलिए हम संबंधित आदेश में हस्तक्षेप करना नहीं चाहते। श्री देशमुख के अलावा महाराष्ट्र सरकार ने भी इस मामले में बॉम्बे उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी थी।

आज का विचार

अपनी गलतियों को ढूंढना, अपनी बुरी आदतों को समझना, अपनी आन्तरिक दुर्बलताओं को अनुभव करना और उन्हें सुधारने के लिए निरन्तर संघर्ष करते रहना यही जीवन संग्राम है।

-पं. श्रीराम शर्मा आचार्य

तापमान

अधिकतम	न्यूनतम
34.2c	14.4c
सूर्योदय: 06.05	सूर्यास्त : 05.55

रांची सर्राफा

सोना-प्रति 10 ग्राम

खरीद: 44900, बिक्री: 40900

चांदी 68500 रु. प्रति किलो

इमली की खटास महिलाओं के जीवन में घोल रही मिठास

पिछले साल 112 टन इमली के संग्रह व बिक्री से ग्रामीण महिलाओं ने किया 39 लाख से ज्यादा का व्यापार

वरीय संवाददाता

रांची : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड में उपलब्ध वनोपजों के जरिये सुदूर गांव में रहने वाले लोगों की आमदनी में बढ़ोतरी का प्रयास रंग ला रहा है। राज्य के वन प्रदेशों में इमली के पेड़ों की अधिकता अब रोजगार का जरिया बन रहा है। इमली की खटास ग्रामीण महिलाओं के जीवन में आजीविका की मिठास घोल रही है। ग्रामीण विकास विभाग के तहत झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी अंतर्गत महिला किसान सशक्तीकरण परियोजना ग्रामीण महिलाओं के लिए इमली संग्रह व प्रसंस्करण का कार्य कर अच्छी आमदनी उपलब्ध कराने में सहायक बन रहा है। इमली संग्रह के जरिये महिलाएं मामूली लागत से अच्छा मुनाफा प्राप्त कर रही हैं। वर्तमान में राज्य के पांच जिलों सिमडेगा, रांची, गुमला, पश्चिमी सिंहभूम और खूंटी में महिला किसान सशक्तीकरण परियोजना के अंतर्गत 14,731 किसान इमली उत्पादन व प्रसंस्करण के कार्य से जुड़े हैं। महिला किसान सशक्तीकरण परियोजना द्वारा किसानों को प्रशिक्षण और आधुनिक उपकरणों के जरिये प्रसंस्करण का प्रशिक्षण दिया गया है। पिछले वर्ष राज्य की 11 हजार महिला किसानों द्वारा 112 मीट्रिक टन इमली का संग्रहण कर तकरीबन 39 लाख से ज्यादा का व्यापार किया गया। वर्तमान में कुल 14,731 महिला किसानों द्वारा 309 मीट्रिक टन इमली का संग्रहण कर उसका व्यापार करने का लक्ष्य रखा गया है, उसमें से अब तक 86 मीट्रिक टन इमली संग्रहित कर प्रसंस्कृत किया जा रहा है। आने वाले दिनों में इस पहल के जरिये और अच्छी कमाई होने की उम्मीद है।

आधुनिक मशीनों से बन रहा है इमली का केक : महिला किसान परियोजना के अंतर्गत इमली उत्पादन से जुड़ी महिला किसान इमली प्रसंस्करण इकाई के माध्यम से इमली केक बनाने का कार्य भी कर रही हैं। इन प्रसंस्करण इकाइयों में ग्रामीण महिलाएं इमली से बीज निकालने से लेकर पल्प >> शेष पेज 11 पर

नक्सलियों ने सीआरपीएफ जवान को रिहा किया

नई दिल्ली : छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में हुए नक्सली हमले के बाद अगवा किये गये कोबरा कमांडो राकेश्वर सिंह मन्हास को रिहा कर दिया गया है। यह जानकारी पुलिस अधिकारियों ने दी है। नक्सलियों ने मन्हास को जंगल में छोड़ दिया। बीजापुर के एसपी ने बताया कि राकेश्वर सिंह मन्हास को सुरक्षित सीआरपीएफ कैंप ले आया गया है। अभी उनकी मेडिकल जांच की जायेगी। मन्हास की वापसी से उनका पूरा परिवार खुश है। सीआरपीएफ कैंप में भी उनके आने से खुशी देखी गयी।

'आईपीएल संग्राम' आज से

आज मुंबई इंडियंस और रायल चैलेंजर बेंगलोर के बीच मुकाबला

इस बार कोई भी टीम अपने घर में नहीं खेलेगी मैच

मुंबई इंडियंस व आरसीबी के बीच विरासत बचाने और बनाने की होगी जंग

आईपीएल की शुरुआत जब शुक्रवार से हो रही है। टूर्नामेंट का पहला मुकाबला गत चैंपियन मुंबई इंडियंस और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बीच यहां खेला जाएगा और दोनों टीमों में बड़े हिटर की मौजूदगी सुनिश्चित करेगी कि दर्शकों का भरपूर मनोरंजन हो जो महामारी के कारण स्टेडियम में नहीं आ पाएंगे। रोहित शर्मा अपनी विरासत को बरकरार रखने के इरादे से उतरेंगे जबकि विराट कोहली नई विरासत तैयार करना चाहेंगे। पांच खिताब के साथ आईपीएल इतिहास के सबसे सफल कप्तान रोहित छठी ट्रॉफी के साथ लीग में पहली खिताबी हैट्रिक बनाना चाहेंगे। रोहित अगर बल्लेबाजी में विफल रहते हैं तो क्विंटन डीकॉक सफलता हासिल करने को तैयार होंगे। अगर ये दोनों ही विफल रहेंगे तो फिर इशान किशन और सूर्य कुमार यादव जैसे बल्लेबाजों पर जिम्मेदारी होगी। मुंबई का शीर्ष क्रम अगर पूरी तरह नाकाम रहता है तो फिर पांड्या ब्रदर्स (हार्दिक और क्रुणाल) विरोधी को पस्त करने उतरेंगे। साथ ही टीम के पास पोलार्ड जैसा तूफानी बल्लेबाज है जो मैदान पर अपने दमदार क्षेत्ररक्षण के कारण भी टीम के लिए काफी अहम है। गेंदबाजी का दारोमदार ट्रेंट बोल्ट और राहुल चाहर जैसे गेंदबाजों पर होगा।

मुंबई इंडियन्स की टीम अपने खराब दिन ही हार सकती है और अपने अच्छे दिन वे किसी भी विरोधी टीम के लिए बुरे सपने की तरह हैं। रोहित के विरोधी और राष्ट्रीय टीम के कप्तान कोहली पहली बार आईपीएल खिताब जीतने उतरेंगे लेकिन रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) का संयोजन मुंबई जितना प्रभावी नहीं दिखता। टीम ने ग्लेन मैक्सवेल पर भारी भरकम राशि खर्च की है और न्यूजीलैंड के काइल जेमीसन रातों रात करोड़पति बन गए जबकि भारतीय विकेटों पर उनकी गेंदबाजी की परख अब तक नहीं हुई है। देवदत्त पड्डिकल अपना दूसरा सत्र खेलने उतरेंगे और इस बार टीमों ने उनके लिए रणनीति बनाई होगी। युजवेंद्र चहल लय खोते हुए दिख रहे हैं। मोहम्मद सिराज और नवदीप सैनी सीमित ओवरों के क्रिकेट में अब तक बहुत प्रभावी प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं।

एजेंसी

चेन्नई : वैश्विक महामारी कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों के बीच बेशुमार दौलत से भरपूर दुनिया के सबसे मशहूर टी20 लीग-इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 14वें सीजन की शुरूआत यहां शुक्रवार से होगी। पहले मुकाबले में पांच बार की विजेता मुंबई इंडियंस का सामना रॉयल चेलेंजर बेंगलोर की टीम से होगा जिसने अबतक टूर्नामेंट का खिताब नहीं जीता है। मुम्बई की कमान रोहित शर्मा के हाथों में है जबकि बेंगलोर की कमान भारतीय टीम के कप्तान विराट कोहली के हाथों में है। यह लगातार दूसरा सीजन से जब आईपीएल के मुकाबले दर्शकों के बिना कराए जाएंगे। इससे पहले संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में हुआ पिछला सीजन भी दशर्कों के बिना आयोजित हुआ था। भारत में इस साल टी20 विश्व कप का भी आयोजन होना है, ऐसे में आईपीएल टेस्ट इवेंट साबित होगा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के लिए आईपीएल का सुरक्षित आयोजन कराना जरूरी है जिससे वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को यह दिखा सके कि वह कोरोना जैसे विकट परिस्थितियों में भी बड़ा टूर्नामेंट आयोजित करने में सक्षम है। आईसीसी ने अंतिरम मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिओफ एलार्डी ने मीडिया से कहा था कि टी20 विश्व कप का आयोजन भले ही भारत में होना है लेकिन क्रिकेट की वैश्विक संस्था बैकअप प्लान तैयार कर रही है। उन्होने कहा, हम फिलहाल योजना के अनुसार ही चल रहे हैं लेकिन हमारे पास प्लान बी भी है। हालांकि हम इस पर जोर नहीं दे रहे हैं और बीसीसीआई के साथ काम कर रहे हैं। अगर ऐसा समय आता है तो हम अन्य प्लान पर आगे बढ़ेंगे। आईपीएल का आयोजन छह शहरों में होगा और किसी भी टीम का इस सीजन में कोई घरेलू मैदान नहीं होगा। लीग के पहले चरण के 20 मैच चेन्नई और मुंबई में होंगे जबकि अगले चरण के मुकाबले अहमदबाद और दिल्ली में होंगे। यहां 16 मुकाबले होंगे। इसके बाद लीग के अंतिम 20 मुकाबले बेंगलुरु और कोलकाता और होंगे। प्लेऑफ मुकाबले अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होंगे। आईपीएल का भारत में लौटना स्पिनरों के लिए अच्छा है क्योंकि यहां वह अच्छा प्रदर्शन करते हैं। पिछले सीजन में तेज गेंदबाजों ने सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में जगह बनाई थी। शीर्ष 10 सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों में से सात तेज गेंदबाज थे। दिल्ली कैपिटल्स के कैगिसो रबादा ने 30 विकेटों के साथ पर्पल कैप जीती थी। सभी टीमों के लिए सबसे बड़ी चुनौती खिलाड़ियों के आउटडोर गतिविधियां नहीं होने पर उन्हें प्रेरित रखना होगी।

आठ टीमों के बीच होंगे कुल 56 मैच

आईपीएल 2021 शुक्रवार से शुरू हो रहा है। यह 30 मई तक खेला जाएगा। इस दरम्यान 8 टीमों के बीच कुल 56 मैच खेले जाएंगे। आइए हम आपको बताते हैं कि आईपीएल 2021 के मैच कब, कहां कितने बजे और किन शहरों में खेले जाएंगे।

कितने बजे शुरू होंगे मुकाबले

आईपीएल 2021 के मैच भारतीय समयानुसार शाम 7.30 बजे से शुरू होंगे। जिस दिन आईपीएल का एक मैच होगा शाम 7.30 बजे मैच शुरू होगा। वहीं जिस दिन 2 मुकाबले खेले जाएंगे उस दिन पहला मैच दोपहर बाद 3.30 बजे से शुरू होगा। इस दौरान 11 दिन डबल हेडर मुकाबले यानी एक दिन में 2 मैच खेले जाएंगे।

6 शहरों में खेले जाएंगे मैच

आईपीएल 2021 के सभी मैच 6 शहरों में खेले जाएंगे जिनमें चेन्नई अहमदाबाद, बैंगलुरु, दिल्ली, मुंबई और कोलकाता शामिल है। लेकिन इनमें चार शहर ऐसे हैं जहां सबसे ज्यादा मैच खेले जाएंगे। इस तरह मुंबई के वानखेड़े में 10, कोलाकाता के ईडन गार्डन पर 10, बैंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में 10 जबकि अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में 8 मुकाबले खेले जाएंगे।

दोनों टीमें इस प्रकार हैं

मुंबई इंडियंस

रोहित शर्मा (कप्तान), क्विंटन डीकॉक (विकेटकीपर), ईशान किशन, सूर्यकुमार यादव, क्रिस लिन, सौरभ तिवारी, अनमोलप्रीत सिंह, आदित्य तारे (विकेटकीपर), क्रुणाल पांड्या, कीरोन पोलार्ड, हार्दिक पांड्या, जेम्स नीशाम, युधिवीर चरक, नाथन कोल्टर-नाइल, अर्जुन तेंदुलकर, मार्को जानसेन, राहुल चाहर,अनुकुल रॉय, जयंत यादव,पीयूष चावला, एडम मिल्ने, जसप्रीत बुमराह, ट्रेंट बोल्ट, धवल कुलकर्णी, मोहसिन खान।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर

विराट कोहली (कप्तान), देवदत्त पडीक्कल, जोश फिलिप (विकेटकीपर), एबी डीविलियर्स (विकेटकीपर), पवन देशपांडे, मोहम्मद अजहरुद्दीन (विकेटकीपर), रजत पाटीदार,सचिन बेबी, केएस भारत, सुयश प्रभुदेसाई, वाशिंगटन सुंदर, डेनियल सैम्स, ग्लेन मैक्सवेल, काइल जैमीसन, डेनिएल क्रिस्चियन, युजवेंद्र चहल, एडम जांपा, शाहबाज अहमद, मोहम्मद सिराज, नवदीप सैनी, केन रिचर्डसन, हर्षल पटेल।

सामान्य सा हो रहा है मुंबई का वानखेड़े स्टेडियम

मुंबई : मुंबई का वानखेड़े स्टेडियम पिछले सप्ताह तक एक कोविड हॉस्पिटल नजर आ रहा था लेकिन स्टेडियम आईपीएल के लिए अब पूरी तरह तैयार है। वानखेड़े स्टेडियम में 10 से 25 अप्रैल तक आईपीएल के 10 मैचों का आयोजन होना है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई ने ग्राउंड और पिचों की तैयारी के लिए बेंगलुरु के

क्यूरेटर प्रशांत राव को नियुक्त किया है। प्रशांत राव का कहना है कि ग्राउंड स्टाफ के लगभग 10 सदस्य पिछले सप्ताह कोविड 19 से संक्रमित पाए गए थे जिससे स्टेडियम में आईपीएल मैचों को लेकर अनिश्चितता मंडरा रही थी। इस बीच स्टेडियम मुंबई स्थित आईपीएल टीमों के लिए खोल दिया गया है। बुधवार को चेन्नई सुपरकिंग्स और दिल्ली कैपिटल्स ने स्टेडियम में अभ्यास किया। दोनों टीमें शनिवार को लीग के मुंबई चरण का शुभारम्भ करेंगी। दो अन्य टीमों पंजाब किंग्स और राजस्थान रॉयल्स को स्टेडियम में गुरूवार को प्रवेश दिया गया जबकि चेन्नई और दिल्ली मैच की पूर्व संध्या पर शुक्रवार को मैदान में लौटेंगी।

मुझे नहीं लगता कि यह धोनी का आखिरी आईपीएल है : विश्वनाथन

मुंबई : चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) काशी विश्वनाथन के मुताबिक महेंद्र सिंह धोनी के आईपीएल 2022 में भी चेन्नई सुपर किंग्स का

हिस्सा बने रहने की संभावना है। उन्होंने यह भी पुष्टि की कि ऑस्ट्रेलिया दौरे पर चोट के कारण भारतीय टीम से बाहर होने वाले स्टार ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा भी अच्छे दिख रहे हैं। विश्वनाथन ने गुरुवार को एक बयान में कहा, मुझे नहीं लगता कि धोनी का यह आखिरी साल होगा। यह मेरा निजी विचार है और मुझे नहीं लगता कि हम अभी किसी और को देख रहे हैं।

आईपीएल 2021 में होम एडवांटेज न होना सकारात्मक : विराट

चेन्नई : गत चार वर्षों में पहली बार आईपीएल 2020 सत्र में प्लेऑफ में पहुंची रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के कप्तान विराट कोहली का मानना है कि उनकी टीम आईपीएल 2021 में एक-दो कदम आगे बढ़ने के लिए तैयार है। विराट ने यहां गुरुवार को कल मुंबई इंडियंस के खिलाफ आईपीएल 2021 के सीजन ओपनिंग मैच से पहले कहा, यहां



खेलना और चिन्नास्वामी में अपने घरेलू प्रशंसकों के सामने खेलने में कोई फर्क नहीं है। बेशक मौजूदा समय में फैन्स हमें लाइव खेलता हुआ नहीं देख पाएंगे, लेकिन अच्छी बात यह है कि हम अपने देश में खेल रहे हैं और इस सत्र में एक और सकारात्मक बात यह है कि पिछले साल की तरह इस साल भी होम एडवांटेज नहीं है। आरसीबी के कप्तान ने कहा, प्रत्येक टीम तटस्थ स्थानों पर खेलेगी और ऐसे स्थानों पर खेलने से ही असल में टीम की ताकत का पता चलता है। यही कारण है कि पिछला आईपीएल सत्र बहुत प्रतिस्पर्धी था।

रबादा, जंपा सहित कई खिलाड़ी नहीं खेलेंगे पहला आईपीएल मुकाबला

नयी दिल्ली : चेन्नई में शुक्रवार को आईपीएल के 14वें सीजन का शुभारंभ होगा, लेकिन सभी आठ टीमों के पास अभी भी उनके सभी खिलाड़ी उपलब्ध नहीं हैं। इसकी वजह जहां कुछ खिलाड़ियों के कोरोना से संक्रमित होना तो कुछ का इसी हफ्ते भारत पहुंचना है। बीसीसीआई की ओर से आईपीएल को लेकर जारी गाइडलांइस के मुताबिक प्रत्येक खिलाड़ी को टीम में शामिल होने से सात दिन के अनिवार्य क्वारंटीन में रहना होगा। ऐसे में कई खिलाड़ी ऐसे हैं जो टीम के पहले आईपीएल

मुकाबले से बाहर रहेंगे। दिल्ली कैपिटल्स की बात करें तो उसकी तेज गेंदबाजी की रीड अनुभवी तेज गेंदबाज कैगिसो रबादा और एनरिच नोर्त्जे गत मंगलवार को ही मुंबई पहुंचे हैं और फिलहाल क्वारंटीन में हैं, जो 12 अप्रैल को खत्म होगा, जबकि दिल्ली का चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 10 अप्रैल को पहला मुकाबला है। वहीं दिल्ली के स्टार ऑलराउंडर अक्षर पटेल भी कोरोना से संक्रमित हैं। अगर 10 अप्रैल से पहले वह दो बार नेगेटिव नहीं आते हैं तो वह मुकाबला नहीं खेल पाएंगे। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के अनुभवी लेग स्पिनर एडम जंपा शादी के कारण और आरसीबी की तरफ से अपना आईपीएल पदार्पण करने वाले न्यूजीलैंड के युवा ओपनर फिन एलेन भी पहले मुकाबले से बाहर रहेंगे।

संक्षिप्त

सचिन तेंदुलकर को अस्पताल से मिली छुट्टी

मुंबई : कोरोना से संक्रमित होने के बाद एहतियात के तौर पर अस्पताल में भर्ती हुए पूर्व भारतीय क्रिकेट लीजेंड सचिन तेंदुलकर को गुरुवार को कोरोना नेगेटिव आने के बाद अस्पताल से छुट्टी मिल गई है और अब वह मुंबई में होम आइसोलेशन में हैं। 48 वर्षीय सचिन ने गुरुवार शाम को ट्वीट के जरिए जानकारी देते हुए बताया, मैं अभी अस्पताल से घर आया हूं और एक दम स्वस्थ होने के लिए अलग रहूंगा। मैं सभी को उनकी शुभकामनाओं और प्रार्थनाओं के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं।

कोविड-19 के कारण फ्रेंच ओपन एक सप्ताह आगे बढ़ा

पेरिस : फ्रेंच टेनिस महासंघ ने एक बयान जारी करते हुए कहा कि कोरोना महामारी के कारण लाल बजरी पर होने वाले ग्रैंड स्लैम इवेंट-फ्रेंच ओपन को एक सप्ताह के लिए टाल दिया गया है। इस क्ले कोर्ट ग्रैंड स्लैम का आयोजन अब 30 मई से 11 जून तक किया जाएगा, जबकि इसके लिए क्वालीफाइंग राउंड 24 से 28 मई तक होंगे।

बोल्ट ने कोहली और डीविलियर्स को चुनौती दी

चेन्नई : ओलंपिक स्प्रिंट चैंपियन उसेन बोल्ट ने रॉयल चैलेंजर बेंगलोर के कप्तान विराट कोहली और उनकी टीम के दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज एबी डीविलियर्स को चुनौती देते हुए कहा कि वह पृथ्वी पर अभी भी सबसे तेज खिलाड़ी हैं। कुछ दिनों पर डीविलियर्स ने ट्वीटर पर कोहली को रेस लगाने के लिए कहा था। इसके बाद बोल्ट भी इस मामले में कूद पड़े और उन्होंने कहा कि वह पृथ्वी पर अभी भी सबसे तेज खिलाड़ी हैं। बोल्ट ने बेंगलोर की जर्सी पहने खुद की एक फोटो ट्वीटर पर शेयर की। उन्होंने ट्वीट कर कहा, चैलेंजर्स आपको बताना चाहता हूं कि मैं अभी भी दुनिया का सबसे तेज खिलाड़ी हूं।

भारत और अर्जेंटीना के बीच मुकाबला 4-4 से ड्रॉ

हॉकी

एजेंसी

नई दिल्ली : भारत और अर्जेंटना के बीच ब्यूनस आयर्स में खेला गया हॉकी का दूसरा अभ्यास मैच 4-4 से ड्रॉ पर समाप्त हुआ। भारत की ओर से वरूण कुमार ने दो और राजकुमार पाल और रूपिंदर पाल सिंह ने एक-एक गोल किए लेकिन अजेंटीना ने वापसी करते हुए बराबरी हासिल की। अर्जेंटीना की तरफ से लिआंड्रो तोलिनी और इगनासिओ ओर्तिज ने एक-एक जबकि लुकस तोस्कानी ने दो गोल किए। भारत को वरूण ने सातवें मिनट में गोल कर बढ़त दिलाई। अजेंटीना की ओर से तोलिनी ने 10वें मिनट में गोल कर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। इसके बाद राजकुमार ने 13वें मिनट में गोल स्कोर 2-1 कर दिया। पहले हॉफ में ही रूपिंदर ने 14वें मिनट में गोल

दाग टीम को 3-1 की बढ़त दिला दी। अर्जेंटीना ने फिर वापसी करते हुए लुकस के 23वें मिनट में किए गोल से बढ़त कम करने की कोशिश की। इसके बाद इगनासिओ ने 42वें मिनट में गोल कर स्कोर 3-3 से बराबर कर दिया। मुकाबला बराबरी पर चलने के दौरान भारत को 44वें मिनट में पेनल्टी कार्नर हासिल हुई और वरूण ने बिना कोई गलती किए इस मौके को भुनाया और गोल कर 4-3 की बढ़त ली। अंतिम क्वार्टर में अर्जेंटीना ने एक बार फिर आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया और लुकस ने 57वें मिनट में एक और गोल कर स्कोर 4-4 से बराबर कर दिया। निर्धारित समय तक दोनों टीमें अन्य गोल नहीं कर सकीं और मुकाबला बराबरी पर समाप्त हुआ। भारत का अब अर्जेंटीना से सामना 11 अप्रैल को एफआईएच हॉकी प्रो लीग में होगा।

संचुरियन वनडे : पाक ने द. अफ्रीका को हराकर 2-1 से जीती सीरीज

सेंचुरियन : फखर जमान (101) के लगातार दूसरे शतक और कप्तान बाबर आजम (94) की शानदार पारियों के दम पर पाकिस्तान ने यहां सुपरस्पोर्ट पार्क स्टेडियम में खेले गए तीसरे और निर्णायक मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 28 रनों से हराकर तीन मैचों की सीरीज 2-1 से जीत ली। पाकिस्तान ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए फखर के 104 गेंदों पर नौ चौकों और तीन छक्कों की मदद से 101 रन और बाबर के 82 गेंदों पर सात चौकों और तीन छक्कों की मदद से 94 रनों के दम पर 50 ओवर में सात विकेट पर 320 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की टीम जनेमान मलान के 81 गेंदों पर नौ चौकों की मदद से 70 रन की पारी के बावजूद 49.3 ओवर में 292 रन ही बना सकी। बाबर को उनकी पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच और फखर को प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उसी के घर में पाकिस्तान की यह दूसरी वनडे सीरीज जीत है।

पीएसजी ने बायर्न म्यूनिख को दी शिकस्त

चैंपियंस लीग

एजेंसी

बर्लिन : फुटबाल में बायर्न म्यूनिख को यूएफा चैंपियंस लीग में क्वार्टर फाइनल के पहले चरण के मुकाबले में पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) के हाथों 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। डीपीए न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, पीएसजी की ओर से काइलियन मबापे ने दो गोल किए और टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका अदा की। इससे पहले, पीएसजी की ओर से मबापे ने मैच के तीसरे मिनट में ही गोल कर टीम को

शुरूआती बढ़त दिलाई। बढ़त लेने के बाद पीएसजी के कप्तान मरक्विंहोस ने 28वें मिनट में गोल कर बढ़त को 2-0 कर दिया। बार्यन म्यूनिख ने हालांकि वापसी की और एरिक मैक्सिम चोउपो मोटिंग ने 37वें मिनट में गोल कर स्कोर 2-1 कर दिया। पहले हॉफ के खत्म होने तक स्कोर 2-1 रहा और पीएसजी ने बढ़त हासिल की। दूसरे हॉफ में बायर्न म्यूनिख की ओर से थॉमस मुलर ने 60वें मिनट में गोल कर स्कोर 2-2 से बराबर कर बराबरी हासिल कर ली। इसके आठ मिनट बाद ही पीएसजी की ओर से मबापे ने 68वें मिनट में एक और गोल कर टीम को 3-2 की बढ़त दिला दी। अंतिम समय तक पीएसजी ने इस बढ़त को बरकरार रखा और बार्यन म्यूनिख अन्य गोल नहीं कर सका जिससे उसे हार का सामना करना पड़ा।

चेल्सी ने कवार्टर फाइनल मुकाबले में पोर्तो को 2-0 से हराया

बर्लिन : चेल्सी ने यूएफा चैंपियंस लीग में क्वार्टर फाइनल के पहले चरण के मुकाबले में पोर्तो को 2-0 से हरा दिया। चेल्सी की ओर से मासोन माउंट ने 32वें मिनट में गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। चेल्सी ने इस बढ़त को पहले हॉफ तक बरकरार रखा और पोर्तो को गोल करने का कोई मौका नहीं दिया।

आईपीएल डायरी

स्टार व डिजनी इंडिया ने की आईपीएल के लिए 100 कमेंटेटर्स की घोषणा

मुंबई : आईपीएल 2021 के आधिकारिक मीडिया धारक और मेजबान प्रसारक डिजनी इंडिया ने इस बड़े टूर्नामेंट के लिए 100 कमेंटेटर्स के शानदार पैनल की घोषणा की है, जिसमें क्षेत्रीय और अंग्रेजी कमेंटेटर्स का मिश्रण शामिल है, जो दर्शकों और प्रशंसकों को उनकी पसंद की भाषा में लाइव कमेंट्री के साथ खेल का आनंद लेने का विकल्प देगा। आईपीएल के 14वें सीजन में पहली बार अंग्रेजी और हिंदी के अलावा तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम, बंगाली सहित सभी भाषाओं में आईपीएल कमेंट्री का लुत्फ उठाया जा सकेगा।

- **अंग्रेजी कमेंटेटर्स :** मैथ्यू हेडन, केविन पीटरसन, माइकल स्लेटर, डैनी मॉरिसन, इयान बिशप, हर्षा भोगले, साइमन डॉल, म्पुमलेओ मंगवा, डेरेन गंगा, सुनील गावस्कर, मार्क निकोलस, अजीत अगरकर, निक नाइट, दीप दासगुप्ता, रोहन गावस्कर, लक्ष्मण शिवरामाकृष्णन, मुरली कार्तिक, अंजुम चोपड़ा, लिसा स्टालेकर, मेल जोन्स और एलन विल्किस।
- **डग आउट कमेंट्री:** स्कॉट स्टायरिस, ब्रेट ली, डोमिनिक कॉर्क, ब्रायन लारा, ग्रीम स्वान, केविन पीटरसन, शेन वॉटसन, रॉस टेलर, डेल स्टेन, नासिर हुसैन (कुछ मैचों में अतिथि के रूप में वर्चुअल रूप से शामिल होंगे)।
- **हिंदी कमेंटेटर्स :** आकाश चोपड़ा, निखिल चोपड़ा, गौतम गंभीर, अजीत अगरकर, इरफान पठान, पार्थिव पटेल, आरपी सिंह, दीप दासगुप्ता, सुनील गावस्कर।
- **तमिल कमेंटेटर्स :** अभिनव मुकुंद, सुब्रमण्यम बद्रीनाथ, हेमांग बदानी, यो महेश, सदगोपन रमेश, राधाकृष्णन श्रीनिवासन, मुथुरामन आर, केवी सत्यनारायणन, आरजे बालाजी, कृष्णमाचारी श्रीकांत, लक्ष्मण शिवरामकृष्णन और रसेल आर्नोल्ड।
- **कन्नड़ कमेंटेटर्स :** वेंकटेश प्रसाद, जीके अनिल कुमार, अखिल बालचंद्र, श्रीनिवास मूर्ति, भरत चिपली, विजय भारद्वाज, विनय कुमार।
- **तेलुगू कमेंटेटर्स :** वेणुगोपाल राव, आशीष रेड्डी, एमएसके प्रसाद, कौशिक एनसी, कल्याण कृष्ण और शशिकांत अवुलपल्ली।
- **बंगाली कमेंटेटर्स :** रणदेव बोस, जयदीप मुखर्जी, बोरिया मजूमदार, संजीव मुखर्जी, सरदिंदु मुखर्जी, लक्ष्मी रतन शुक्ला, गौतम भट्टाचार्य और देबाशीष दत्ता।
- **मराठी कमेंटेटर्स :** विनोद कांबली, संदीप पाटिल, अमोल मजूमदार, स्नेहल प्रधान, कुणाल दाते, प्रसन्ना संत और चैतन्य संत।
- **मलयालम कमेंटेटर्स :** शियास मोहम्मद, विष्णु हरिहरन, सीएम दीपक, सोनी चेरुवथुर, टीनू योहानन और रिपी गोमेज।

कोरोना का कहर

विश्व में एक दिन में पौने सात लाख से अधिक लोग संक्रमित

एजेंसी

वाशिंगटन/ रियो डि जेनेरो/ नयी दिल्ली : दुनिया में बीते एक दिन में कोरोना वायरस (कोविड-19) महामारी से पौने सात लाख से अधिक लोग संक्रमित हुए तथा इस दौरान 14 हजार से अधिक लोगों की मौत हुई है। अमेरिका की जॉन हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी के विज्ञान एवं इंजीनियरिंग केंद्र (सीएसएसई) की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक दुनिया के 192 देशों एवं क्षेत्रों में एक दिन में छह लाख 75 हजार 687 नए मामले सामने आने से संक्रमितों की संख्या बढ़कर 13,29,76,286 तक पहुंच गयी है, जबकि अभी तक इस वायरस के संक्रमण से मरने वालों की संख्या 28 लाख 86 हजार 586 हो गयी है। वैश्विक महाशक्ति माने जाने वाले कोरोना वायरस का कहर अमेरिका में बढ़ता ही जा रहा है। यहां संक्रमितों की संख्या तीन करोड़ नौ लाख 21 हजार 976 हो गई है जबकि पांच लाख 59 हजार 109 मरीजों की मौत हो चुकी है। दुनिया में एक करोड़ से अधिक कोरोना संक्रमितों की संख्या वाले तीन देशों में शामिल ब्राजील दूसरे स्थान पर है। यहां 1,31,93,205 लोग इस वायरस से प्रभावित हुए हैं। यहां तीन लाख 40 हजार 776 मरीजों की मौत हो चुकी है। भारत में भी कोरोना संक्रमण के मामले फिर तेजी से बढ़ रहे हैं और यह विश्व में तीसरे स्थान पर बरकरार है। यहां पिछले 24 घंटों के दौरान कोरोना संक्रमण के 1,26,789 नये मामले सामने आए। इसके बाद कुल संक्रमितों की संख्या एक करोड़ 29 लाख 28 हजार 574 हो गयी है। वहीं इस दौरान 59,258 मरीज स्वस्थ हुए हैं जिसे मिलाकर अब तक 1,18,51,393 मरीज कोरोनामुक्त भी हो चुके हैं। सक्रिय मामले 9,10,319 हो गये हैं। इसी अवधि में 685 और मरीजों की मौत के साथ इस बीमारी से मरने वालों की संख्या 1,66,862 हो गयी है। शीर्ष तीन देशों के बाद संक्रमण से सर्वाधिक प्रभावित देशों में चौथे स्थान पर अब फ्रांस पहुंच गया है। फ्रांस में कोरोना वायरस से अब तक 49.02 लाख से अधिक लोग संक्रमित हुए हैं जबकि 97,444 मरीजों की मौत हुयी है। इसके बाद रूस में कोरोना वायरस से करीब 45.54 लाख लोग प्रभावित हुए हैं और 99,800 लोगों की मौत हो चुकी है। ब्रिटेन में कोरोना वायरस प्रभावितों की कुल संख्या 43.81 लाख के करीब पहुंच गयी है और 1,27,171 लोगों की मौत हो चुकी है। इटली में संक्रमितों की संख्या करीब 37 लाख के पार हो गई है और 112,374 लोगों की मौत हो चुकी है। तुर्की में कोरोना वायरस से अब तक करीब 36.33 लाख लोग प्रभावित हुए हैं और 32,943 लोगों ने जान गवांई है। स्पेन में इस महामारी से अब तक करीब 33.26 लाख लोग प्रभावित हुए हैं और 76,037 लोगों की मौत हो चुकी है। जर्मनी में इस वायरस की चपेट में आने वालों की संख्या 29.40 लाख हो गई है और 77,755 लोगों की मौत हो चुकी है। कोलंबिया में कोरोना वायरस से अब तक 24.79 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं और 64,767 लोगों ने जान गवांई है। अर्जेंटीना में कोरोना से 24.50 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं और 56,832 लोगों की जान जा चुकी है। पोलैंड में कोरोना वायरस से करीब 24.71 लाख लोग प्रभावित हुए हैं और इस महामारी से 55,703 लोग जान गवां चुके हैं। मैक्सिको में कोरोना वायरस से करीब 22.61 लाख लोग संक्रमित हुए हैं और 2,05,598 लोगों की मौत हो चुकी है। ईरान में कोरोना वायरस से 19.84 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं और 63,699 लोगों की मौत हो चुकी है। यूक्रेन में संक्रमितों की संख्या 18.36 लाख के करीब पहुंच गयी है और 37,642 लोगों की मौत हो चुकी है। दक्षिण अफ्रीका में कोरोना वायरस से 15.53 लाख से ज्यादा लोग संक्रमित हो चुके हैं और 53,111 लोगों की मौत हो चुकी है। पड़ोसी देश पाकिस्तान में अब तक कोरोना से 7,05,517 लोग संक्रमित हुए हैं जिनमें से 15,124 मरीजों की मौत हो चुकी है। एक अन्य पड़ोसी देश बंगलादेश में कोरोना से अब तक 6,59,278 लोग संक्रमित हुए हैं जबकि इस महामारी के संक्रमण से 9,447 मरीजों की मौत हो चुकी है। इसके अलावा दुनिया के अन्य देशों में भी कोरोना का कहर जारी इस वायरस के नए मामलों के साथ-साथ मृतकों की संख्या भी बढ़ रही है।

14 हजार से अधिक लोगों की मौत



कोरोना मौत पर गलत आंकड़े दे रही है योगी सरकार : प्रियंका

एजेंसी

नयी दिल्ली : कांग्रेस की उत्तर प्रदेश की प्रभारी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर कोरोना के विरुद्ध गैरजिम्मेदारी से काम करने और कोरोना से होने वाली मौतों का गलत आंकड़ा देने का आरोप लगाया है। श्रीमती वाड्रा ने गुरुवार को यहां जारी बयान में कहा,मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक यूपी के मुख्यमंत्री कोरोना संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने के बाद भी रैलियों में जा रहे हैं। उनका कार्यालय कोविड से होने वाली मौतों के गलत आंकड़ें दे रहा है। उन्होंने कोरोना से होने वाली मौतों को लेकर सरकार को घेरते हुए कहा,खबरों के अनुसार लखनऊ के शवदाहगृह एवं अस्पतालों में लंबी वेटिंग है। लोगों में दहशत है। जिनका कार्य जवाबदेही और पारदर्शिता का है वो खुद गैरज़म्मिदार साबित हो रहे हैं।

अमेरिका ईरान पर लगे प्रतिबंध हटाने के तैयार

वॉशिंगटन : अमेरिका ने कहा कि वह ईरान के साथ 2015 के परमाणु समझौते के अनुपालन फिर शुरु करने को लेकर उस पर लगाए गए प्रतिबंधों को उठाने के लिए तैयार है। विदेश विभाग के प्रवक्ता नेड प्राइस ने कहा, हम जेसीपीओए के साथ अनुचित प्रतिबंधों को उठाने के लिए तैयार हैं। श्री प्राइस ने स्पष्ट किया कि अमेरिका की ओर से एकतरफा इशारा नहीं होगा, वह अनुपालन के लिए अनुपालन सूत्र का पक्षधर है। परमाणु समझौते को पूरी तरह से बहाल करने के लिए आवश्यक कदमों पर चर्चा के लिए इस समय एक अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल ऑस्ट्रिया में जेसीपीओएए सदस्यों के साथ एक बैठक में भाग ले रहा है।

देश में कोरोना के सक्रिय मामले नौ लाख के पार

एजेंसी

नयी दिल्ली : कोरोना वायरस (कोविड-19) महामारी का प्रकोप थमने का नाम नहीं ले रहा है और पिछले 24 घंटों के दौरान 66,846 सक्रिय मामले बढ़ने से देश में सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर नौ लाख के पार पहुंच गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से गुरुवार सुबह जारी आंकड़ों के अनुसार इस बीच देश में 1,26,789 नये मामले दर्ज किए गए। इसके साथ ही संक्रमितों की संख्या एक करोड़ 29 लाख 28 हजार 574 हो गयी है। वहीं इस दौरान 59,258 मरीज स्वस्थ हुए हैं जिसे मिलाकर अब तक 1,18,51,393 मरीज कोरोनामुक्त भी हो चुके हैं। सक्रिय मामले 66,846 बढ़कर 9,10,319 हो गये हैं। इसी अवधि में 685 और मरीजों की मौत के साथ इस बीमारी से मरने वालों की संख्या 1,66,862 हो गयी है। देश में रिकवरी दर आंशिक घटकर 91.67 फीसदी और सक्रिय मामलों की दर बढ़कर 7.04 प्रतिशत हो गया है जबकि मृत्युदर घटकर 1.29 फीसदी रह गयी है। महाराष्ट्र कोरोना के सक्रिय मामलों में शीर्ष पर है और राज्य में पिछले 24 घंटों के दौरान सक्रिय मामले 29,289 बढ़कर 5,02,982 हो गयी है। इस दौरान राज्य में 30,296 और मरीज स्वस्थ हुए, जिसे मिलाकर कोरोना को मात देने वालों की तादाद 2613627 पहुंच गयी है जबकि 322 और मरीजों की मौत से मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 56652 हो गया है। छत्तीसगढ़ में पिछले 24 घंटें में 6438 और सक्रिय मामले बढ़कर 58883 पहुंच गये हैं। राज्य में 333227 लोग कोरोना मुक्त हो चुके हैं जबकि 53 और मरीजों की इस महामारी के संक्रमण से मौत होने के साथ मृतकों की संख्या 4469 हो गयी है। वहीं आबादी के हिसाब से देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में सक्रिय मामले 4478 और बढ़कर 31987 हो गये हैं। इस महामारी से 8924 लोगों की मौत हो चुकी है तथा अब तक 603495 मरीज स्वस्थ हुए हैं। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सक्रिय मामले 2123 बढ़कर 19455 को पर आ गये हैं। यहां अब तक 11,133 लोगों की इस महामारी से मौत हुई हैं जबकि 659980 मरीज कोरोना को मात दे चुके हैं।



खर्चा पे भी करें मोदी चर्चा : राहुल गांधी

नयी दिल्ली : कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की छात्रों के लिए ,परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम पर तंज कसते हुए आज कहा कि आसमान छूते ईंधन के दाम के बीच गाड़ी में तेल भरना भी किसी परीक्षा से कम नहीं है इसलिए श्री मोदी को लोगों की ढीली होती जेब को देखते हुए खर्चा पे चर्चा करनी चाहिए। श्री गांधी ने ट्वीट कर कहा, केंद्र सरकार की टैक्स वसूली के कारण गाड़ी में तेल भराना किसी इम्तहान से कम नहीं, फिर प्रधानमंत्री इस पर चर्चा क्यूं नहीं करते। खर्चा पे भी हो चर्चा। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख रणदीप सिंह सुरजेवाला ने भी महंगाई को लेकर सरकार पर हमला किया और कहा, तिहत्तर साल में सबसे महंगी और जालिम सरकार, हर रोज किसान पर करती नया वार। जो कभी नहीं हुआ, वो जुल्म कर दिखाया। मोदी सरकार ने 700 रुपये डीएपी खाद बढ़ाया जिससे 1200 का 50 किलो का डीएपी 1900 रुपये के पार चला गया।

दिलीप घोष पर हमले के 16 संदिग्ध गिरफ्तार

कूच बिहार : पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप घोष पर हमले के मामले में पुलिस कम से कम 16 संदिग्ध लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आज यहां बताया कि छापेमारी की कार्रवाई कर अभी तक 16 संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है। भाजपा ने श्री घोष पर हुए हमले की निंदा की तथा राज्य भर के सभी पुलिस थानों के सामने विरोध प्रदर्शन किया। श्री घोष पर बुधवार को उस समय कूच बिहार के सीतलकुची में हमला हुआ जब चौथे चरण में मतदान के बाद कार में लौट रहे थे। उपद्रवियों ने उनके वाहन को लाठी, डंडे और पथराव कर क्षति पहुंचायी। श्री घोष के सुरक्षाकर्मियों ने हमलावरों का पीछा किया लेकिन वे फरार हो गए। श्री घोष ने कहा कि राज्य में दो मई को जब राज्य विधानसभा की 294 सीटों के लिए चुनाव परिणाम जारी होंगे उसके बाद यह हिंसा थम जाएगी।

सिख गुरुओं की परंपरा से विश्व को रूबरू कराना जरूरी : मोदी

एजेंसी

नयी दिल्ली : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कहा कि देश में सिख गुरुओं की परंपरा अपने आप में संपूर्ण जीवन दर्शन रही है और इसके मूल चिंतन को युवा पीढ़ी तथा दुनिया में सभी लोगों तक पहुंचाया जाना चाहिए। गुरु तेगबहादुर जी का 400वां प्रकाश परब मनाने लिए गठित उच्च स्तरीय समिति की बैठक की गुरुवार को यहां अध्यक्षता करते हुए श्री मोदी ने कहा, गुरु तेगबहादुर जी के चार सौवें प्रकाश परब का ये अवसर एक आध्यात्मिक सौभाग्य भी है, और एक राष्ट्रीय कर्तव्य भी है। गुरुनानक देव जी से लेकर गुरु तेगबहादुर जी और फिर गुरु गोबिन्द सिंह जी तक, हमारी सिख गुरु परंपरा अपने आप में एक सम्पूर्ण जीवन दर्शन रही है। पूरा विश्व अगर जीवन की सार्थकता को समझना चाहे तो हमारे गुरुओं के जीवन को देख बहुत आसानी से समझ सकता है। उनके जीवन में उच्चतम त्याग भी था, तितिक्षा भी थी। उनके जीवन में ज्ञान का प्रकाश भी था, आध्यात्मिक ऊंचाई भी थी। हमारे देश का ये जो मूल चिंतन है, उसको लोगों तक पहुंचाने का ये हमारे लिए बहुत बड़ा अवसर है। उन्होंने कहा कि बीती चार शताब्दियों में भारत का कोई भी कालखंड, कोई भी दौर ऐसा नहीं रहा जिसकी कल्पना हम गुरु तेगबहादुर जी के प्रभाव के बिना कर सकते हों! नवम गुरु के तौर पर हम सभी उनसे प्रेरणा पाते हैं। आप सभी उनके जीवन के पड़ावों से परिचित हैं लेकिन देश की नई पीढ़ी को इनके बारे में जानना, उन्हें समझना भी उतना ही जरूरी है। श्री मोदी ने कहा, तेगबहादुर जी ने कहा है, सुखु दुखु दोनो सम करि जानै अउरु मानु अपमाना, अर्थात, सुख-दुःख, मान-अपमान इन सबमें एक जैसा रहते हुये हमें अपना जीवन जीना चाहिए। उन्होंने जीवन के उद्देश्य भी बताए हैं, उसका मार्ग भी दिखाया है।

कार्यालय प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, गोला (रामगढ़)।

-:आम सूचना:-

गोला प्रखण्ड अन्तर्गत विभिन्न ग्रामों में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा पाईप लाईन के माध्यम से जल की आपूर्ति की जाती है परन्तु प्राप्त सुचनानुसार कुछ व्यक्तियों द्वारा अवैध रुप से मोटर पम्प लगाकर पानी की चोरी की जा रही है।

अतः इस आम सूचना द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रखण्ड अन्तर्गत पानी चोरी के मामले में पकड़े जाने पर विधिसंगत कठोर कार्रवाई की जाएगी।

ह०/–
प्रखण्ड विकास पदाधिकारी,
गोला, रामगढ़।

PR 245311 District(21-22)D

कार्यालय नगर पंचायत कोडरमा

-: आम सूचना :-

(प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी)

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के घटक तृतीय घटक "किफायती आवास योजना" के तहत सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वैसे लाभुक जो आवासहीन एवं भूमिहीन हो या किराए पर रहते है। वैसे लाभुक प्रधानमंत्री योजना (शहरी) के तृतीय घटक अन्तर्गत किफायती आवास योजना का लाभ ले सकते है। कोडरमा नगर पंचायत में 90 फ्लेटों का निर्माण बोनाकाली में किया जा रहा है, जिसमें से 47 लाभुकों के द्वारा योजना के लाभ हेतु 5000/– रू0 सहमति राशि जमा किया गया है। शेष फ्लेटों के लिए योग्य/इच्छुक लाभुक कार्यालय नगर पंचायत कोडरमा में सम्पर्क करें। मो0 – 8757678835 (नगर प्रबंधक)

ह0/–प्रशासक,
नगर पंचायत कोडरमा

PR 245332(Urban Development)21-22'D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला
e-mail ID eedwsd.gumla@gmail.com

अति–अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना संख्या –21/2020–21
द्वितीय आमंत्रण
Head – JJM 2021-22
पूर्ण का पी0 आर0 संख्या 242766

1. निविदा का नाम – पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड रांची
2. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता – कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला
3. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय – 12/04/2021 के पूर्वाह्न 11.00 बजे से
4. बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय – 19/04/2021 को 5.00 बजे अपराह्न तक
5. अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य (हार्ड कॉपी में) जमा करने की तिथि, समय एवं स्थान – 20/04/2021 को 3.00 बजे अपराह्न तक कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल गुमला। अधीक्षण अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता अंचल गुमला
6. निविदा खोलने की संभावित तिथि एवं समय – 20/04/2021 के अपराह्न 05.00 बजे से।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम – कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला
8. प्रोक्योरमेंट कार्यालय का सम्पर्क नम्बर – [illegible]
9. ई प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन नम्बर – [illegible]
10. कार्य की विवरणी

क्र0	कार्य का नाम	ग्रुप संख्या	FHTC की संख्या	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	2	3	4	5	6	7	8
1	Retrofitting in old solar based mini water supply scheme to provide FHTC under D.W.&S. Div. Gumla during the Year 2021-22.	RETRO/GML 03	121 Nos.	10,93,450	22,000	2,500	45 Days

नोट :- (1) निविदा के नियम एवं शर्तें आदि झारखण्ड सरकार के वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर उपलब्ध है। (2) प्राक्कलित राशि में परिवर्तन संभव है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गुमला

PR 245348 (Drinking Water and Sanitation) 21-22 (D)

पेज एक का शेष

आठ दिन में...

है। 31 से 50 उम्र सीमा के 218 लोगों की मौत हुई है, जबकि 11 से 30 साल के उम्र के 48 लोग कोरोना की जंग हार गये। वहीं, 10 साल तक की उम्र के चार बच्चों ने दम तोड़ दिया। 8 अप्रैल तक राज्य में सक्रिय संक्रमितों की संख्या 9249 हो गयी है । राज्य में अब तक 60.49 लाख सैंपल की जांच की जा चुकी है।

राज्य में 1882 नये...

रिपोर्ट निगेटिव आयी है। वहीं, अब तक 1,22,383 लोग स्वस्थ हो चुके हैं। गुरुवार को बोकारो में 70, चतरा में 22, देवघर में 72, धनबाद में 91, दुमका में 67, जमशेदपुर में 204, गढ़वा में 17, गिरिडीह में 9, गोड्डा में 44, गुमला में 43, हजारीबाग में 94, जामताड़ा में 27, खूंटी में 35, कोडरमा में 50, लातेहार में 5, लोहरदगा में 12, पाकुड़ में 11, पलामू में 8, रामगढ़ में36, रांची में 858, साहेबगंज में 40, सरायकेला में 12, सिमडेगा में 13 और चाईबासा में 42 नये संक्रमित मिले। मंगलवार को 28,568 सैंपल की जांच की गयी। राज्य में अब तक 60,82,804 सैंपल लिये गये जिसमें 60,49,068 सैंपल की जांच हो चुकी है।

एकजुट होकर करना...

कोरोना की दूसरी लहर के प्रचंड गति से देश के ज्यादातर हिस्सों को अपनी चपेट में लेने के मद्देनजर प्रधानमंत्री ने गुरुवार शाम राज्यों तथा केन्द्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों के साथ मौजूदा स्थिति तथा कोरोना टीकाकरण अभियान की समीक्षा की। इस बैठक में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी शामिल हुए। मोदी ने कहा कि भले ही स्थिति विकट है लेकिन हमें हिम्मत, धैर्य तथा तेजी के साथ कदम उठाने की जरूरत है जिससे कि स्थिति पर काबू पाया जा सके। प्रधानमंत्री ने कहा कि कोरोना महामारी की पहली लहर के दौरान देश के पास न तो संसाधन थे और न ही अनुभव उसके बावजूद सभी ने एकजुट होकर उस समय महामारी को मात देने में सफलता हासिल की थी। श्री मोदी ने कहा कि अब तो हमारे पास अनुभव भी है और संसाधन भी तथा साथ ही कोरोना की वैक्सीन भी आ गयी है इसलिए हमें सुनियोजित ढंग से चलें तो सफलता निश्चित रूप से मिलेगी। दवाई भी और कड़ाई भी के अपने पहले के मंत्र को दोहराते हुए उन्होंने राज्यों से कहा कि जहां हमें टीकाकरण का दायरा तेजी से बढ़ाना है वहीं कोरोना की जांच को भी बहुत तेजी और सटीक प्रक्रिया के साथ गति देना है। उन्होंने कहा कि दूसरी लहर का आने का कारण कुछ राज्यों में लोगों तथा सरकार के स्तर पर बरती गयी ढील को माना जा रहा है इसलिए अब किसी तरह की ढिलाई और घातक सिद्ध हो सकती है। कोरोना टेस्टिंग के साथ साथ टीकाकरण को बढाने पर अत्यधिक बल देते हुए उन्होंने कहा कि 11 से लेकर 14 अप्रैल के बीच देश भर में कोरोना टीका उत्सव मनाते हुए अधिक से अधिक लोगों को टीका लगाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, टेस्ट, ट्रैक, ट्रीट , कोविड व्यवहार और कोविड प्रबंधन इन्हीं चीजों पर हमें बल देना है । 11 अप्रैल, ज्योतिबा फुले जी की जन्म जयंती है और 14 अप्रैल, बाबा साहेब की जन्म जयंती है, उस बीच हम सभी टीका उत्सव मनाएं। हमारा प्रयास यही होना चाहिए कि इस टीका उत्सव में हम ज्यादा से ज्यादा लोगों को वैक्सीनेट करें। मैं देश के युवाओं से भी आग्रह करूंगा कि आप अपने आसपास जो भी व्यक्ति 45 साल के ऊपर के हैं, उन्हें वैक्सीन लगवाने में हर संभव मदद करें। वैक्सीनेशन के साथ साथ हमें ये भी ध्यान रखना है कि वैक्सीन लगवाने के बाद की लापरवाही न बढ़े। हमें लोगों को ये बार-बार बताना होगा कि वैक्सीन लगने के बाद भी मास्क और सावधानी जरूरी है।

गोड्डा से चली...

डिस्टेंसिंग का जरा भी ध्यान नहीं रखा गया। दिल्ली-भागलपुर हमसफर एक्सप्रेस का गोड्डा तक एक्सटेंशन कर दिया गया है। यह रेल हंसडीहा से गोड्डा आएगी और फिर गोड्डा से हंसडीहा जाने के बाद ही मंदारहिल, बाराहाट होते हुए भागलपुर जाएगी। हंसडीहा में हमसफर के इंजन की दिशा बदलने के बाद ही वह गोड्डा और भागलपुर के रास्ते जा पाएगी। भागलपुर के बाद सुल्तानगंज, जमालपुर, किऊल आदि जगहों पर रुकते हुए हमसफर गया, नवादा होते हुए पंडित दीनदयाल जंक्शन पहुंचेगी और कानपुर होते हुए दिल्ली 24 घंटे में पहुंच जाएगी। प्रयागराज ट्रेन का ठहराव मात्र तीन मिनट ही है। हंसडीहा में आधा घंटा ठहराव है।

बंगाल में चौथे...

में शामिल हुए हैं और वह दोमजुर सीट पर चुनाव लड़ रहे हैं। हुगली के चिन्सुराह सीट पर भाजपा सांसद और अभिनेत्री लॉकेट चटर्जी चुनावी मैदान में हैं। चौथे चरण की 44 सीटों पर संवेदनशील स्थिति को देखते हुए निर्वाचन आयोग ने सीएपीएफ की कम से कम 789 कंपनियां तैनात करने का निर्णय लिया है। कूचबिहार में सबसे ज्यादा 187 कंपनियां तैनात की जाएंगी।

नहीं निकलेगा सरहुल...

निकालना है। कोरोना के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए राज्य सरकार की ओर से जो आदेश दिया गया है उसे लागू करने में सरना समितियां सहयोग करें। कोरोना संक्रमण से सुरक्षित रहते हुए सरकार के दिशा निर्देशों का अनुपालन करते हुए पर्व मनाएं।

इमली की खटास...

तैयार कर इमली के केक बनाने का सारा काम आधुनिक मशीनों के जरिये कर रही हैं। प्रसंस्करण इकाइयों में काम करने वाली महिलाओं को दैनिक मानदेय भी प्राप्त होता है, जिससे उनकी अतिरिक्त कमाई भी हो जाती है। इमली के केक पलाश ब्रांड के तहत बाजार में उपलब्ध कराये जा रहे हैं, जिससे महिला किसानों की अच्छी कमाई हो रही है। ग्रामीण सेवा केंद्र के जरिये प्राकृतिक रूप से राज्य में उपलब्ध इमली का प्रसंस्करण कर पलाश ब्रांड के तहत राज्य के विभिन्न पलाश मार्ट व सेल काउंटर पर बिक्री की जा रही है। पलाश ब्रांड के जरिये झारखंड के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों की महिला उद्यमियों द्वारा निर्मित वनोपज उत्पादों को एक नयी पहचान और बाजार में लोकप्रियता प्राप्त हो रही है। राज्य के विभिन्न स्थानों पर 11 ग्रामीण सेवा केंद्र के जरिए समुदाय आधारित इमली संग्रह एवं प्रसंस्करण का कार्य किया जा रहा है। इन ग्रामीण सेवा केंद्रों का संचालन ग्रामीण महिलाओं के संगठन के द्वारा किया जाता है। वहीं, पलाश ब्रांड के तहत अच्छी पैकेजिंग एवं मार्केटिंग कर इमली की कीमत भी अच्छी मिल रही है।

जंगलों में मुफ्त मिलने वाली इमली से मिल रहा रोजगार : खूंटी के शिलदा गांव की सुशीला मुंडा रौशनी इमली संग्रह का कार्य कर खुशहाल हैं। पिछले वर्ष एक टन इमली के संग्रह से सुशीला को 40 हजार रुपये की आमदनी हुई। सुशीला कहती हैं, मैंने कभी नहीं सोचा था कि जंगलों में मुफ्त में उपलब्ध इमली से इतनी कमाई हो सकती है। सिमडेगा के ठेठईटांगर स्थित केसरा गांव की लोलेन समद इमली संग्रह व प्रसंस्करण का काम कर रही हैं। लोलेन के पास इमली के सात पेड़ हैं, जिससे हर साल उन्हें लगभग तीन टन इमली की उपज प्राप्त होती है। लोलेन को इमली उत्पादन के जरिये साल में एक लाख रुपये तक की कमाई हो जाती है, जिससे वे अपने बच्चों को उच्च शिक्षा देने में समर्थ हो पा रही हैं। लोलेन बताती हैं, परियोजना के तहत उत्पादक समूह के माध्यम से इमली संग्रह और बिक्री का कार्य हो रहा है। इससे पहले हाट-बाजार में जाकर इमली बेचनी पड़ती थी। लागत बढ़ने और सही कीमत नहीं मिलने से मुनाफा कम होता था, लेकिन अब ऐसा नहीं है। अब फसल का सही दाम भी मिलता है और फसल को बेचने के लिए गांव से दूर भी नहीं जाना पड़ता। हम सिकैचर आदि आधुनिक उपकरण से फसल की कटाई करते हैं और वजन मशीन का भी उपयोग आसानी से कर लेते हैं। ग्रामीण सेवा केंद्र के माध्यम से हम इमली के बीज को निकालकर प्रसंस्करण कर इमली केक बना कर बेच रहे हैं, जिसकी बाजार में काफी मांग है।

सन्मार्ग प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक प्रेम शंकर द्वारा सन्मार्ग झारखंड मीडिया प्रा. लि., सन्मार्ग बिल्डिंग, हरमू बाईपास रोड, रांची-834001 से प्रकाशित तथा सन्मार्ग झारखंड मीडिया प्राइवेट लिमिटेड, हरमू बाईपास रोड, रांची-834001 से मुद्रित। **संपादक : प्रेम शंकर***। **स्थानीय संपादक : मधुकर आनन्द।** फोन नं. : 0651- 2212677, रजि. नं.- \JHAHIN/2009/28606, पोस्टल रजि.नं. \RNC-156/2009 (* पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार)

खुले ग्राउंड में ट्रेनिंग कर रही है तापसी

बॉलीवुड अभिनेत्री तापसी पन्नू अपनी आने वाली फिल्म शाबाश मिठू के लिये जिम छोड़कर खुले ग्राउंड में ट्रेनिंग कर रही है। तापसी पन्नू इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म शाबाश मिठू की तैयारियां कर रही हैं। यह फिल्म भारतीय महिला क्रिकेटर मिताली राज की बायोपिक है। तापसी इस फिल्म में मिताली राज का किरदार निभा रही हैं। इस फिल्म का निर्देशन राहुल ढोलकिया कर रहे हैं। तापसी देश में बढ़ते कोविड-19 मामलों के चलते जिम छोड़ कर खुले ग्राउंड में ट्रेनिंग कर रही हैं। इसकी जानकारी तापसी ने खुद सोशल मीडिया पर एक फोटो शेयर कर दी। तापसी ने जो फोटो शेयर किया है, उसमें वे ग्राउंड में खड़ी नजर आ रही हैं। इस फोटो में वो पिंक कलर के टैंक टॉप में दिख रही हैं, उनके इस फोटो को पीछे से क्लिक किया गया है। इस फोटो को शेयर कर उन्होंने कैप्शन में लिखा, लॉकडाउन के दौरान ट्रेनिंग जब जिम की जगह खुले मैदान को रिप्लेस किया। ट्रेनिंग के लिए कोई बहाना नहीं।

नवाजुद्दीन व नेहा शर्मा की 'जोगीरा सारा रा रा' की शूटिंग पूरी

बॉलीवुड अभिनेता नवाजउद्दीन सिद्दिकी और नेहा शर्मा की आने वाली फिल्म 'जोगीरा सारा रा रा' की शूटिंग पूरी हो गयी है। नवाजुद्दीन सिद्दीकी और नेहा शर्मा ने फिल्म 'जोगीरा सारा रा रा' की शूटिंग पूरी कर ली है। नेहा शर्मा ने इस बात की जानकारी सोशल मीडिया पर फिल्म के सेट से कई फोटोज और वीडियोज शेयर कर दी है। नेहा ने पोस्ट में लिखा, एक सुंदर यात्रा समाप्त हुई। साथ ही उन्होंने फिल्म की पूरी टीम को धन्यवाद भी कहा है। फिल्म की शूटिंग मुख्य तौर पर लखनऊ और वाराणसी में हुई है। कुशान नंदी के निर्देशन में बनी इस फिल्म की कहानी गालिब असद भोपाली ने लिखी है। यह फिल्म इस साल के मध्य में रिलीज हो सकती है।

जून से विक्रम वेधा की शूटिंग शुरू करेंगे ऋतिक रौशन!

बॉलीवुड के माचो मैन ऋतिक रौशन जून से दक्षिण भारतीय सुपरहिट फिल्म विक्रम वेधा के हिंदी रीमेक की शूटिंग शुरू कर सकते हैं। बॉलीवुड फिल्मकार नीरज पांडे विक्रम वेधा का हिंदी रीमेक बनाने जा रहे हैं। कहा जा रहा है कि फिल्म में ऋतिक वेधा यानी एक गैंगस्टर के किरदार में दिखाई देंगे। एक ओर विक्र म वेधा के रीमेक में ऋतिक रोशन जहां विलेन का किरदार निभाएंगे तो वहीं दूसरी ओर सैफ अली खान फिल्म में विक्रम यानी एक पुलिस ऑफिस के रोल में नजर आएंगे। बताया जा रहा है कि ऋतिक रौशन काफी समय से इस फिल्म की तैयारी कर रहे हैं और वह जून के महीने से इसका पहला शेड्यूल शुरू कर देंगे।

दर्शकों के दिल को छू लेगी 'हम हैं राही प्यार के': पवन

भोजपुरी सिनेमा के पावर स्टार पवन सिंह का कहना है कि उनकी आने वाली फिल्म 'हम हैं राही प्यार के' पारिवारिक पृष्ठभूमि पर आधारित है, जो दशकों के दिल को छू लेगी। यशी फिल्म्स प्रा. लि. प्रस्तुत और डिवाइन पिक्चर्स प्रा. प्रोडक्शन एवं जबावा एंटरटेनमेंट प्रा. लि. की अपकमिंग फिल्म 'हम हैं राही प्यार के' में पवन सिंह अलग ही अवतार में नजर आयेंगे। निर्देशक प्रेमांशु सिंह की 'हम हैं राही प्यार के' की शूटिंग लंदन में हुई है। इस िफल्म में पवन सिंह के अपोजिट साउथ की कई सफल फिल्में काम कर चुकी अभिनेत्री हर्षिका पुनिचा हैं। यह एक संपूर्ण पारिवारिक फिल्म होगी। फिल्म को लेकर पवन सिंह का कहना है कि दर्शकों ने उन्हें लगातार एक्शन करते देखा है, लेकिन फिल्म 'हम हैं राही प्यार के' थोड़ा अलग है। इसमें उन्हें एक अलग पवन सिंह मिलने वाला है। पवन सिंह ने कहा कि फिल्म 'हम हैं राही प्यार के' एक ऐसे परिवार की कहानी है, जो अपनी माटी से दूर लंदन में अपने संस्कृति और संस्कारों को जिदा रखे हुए है। यह फिल्म दर्शकों के दिल को छू लेगी। उल्लेखनीय है कि फिल्म 'हम हैं राही प्यार के' में पवन सिंह और हर्षिका पुनिचा के साथ दीपक सिन्हा, पदम सिंह, माया यादव, अनुराधा सिंह, संजय महानंदा, महिमा गुप्ता और अनन्या लीड रोल में हैं। फिल्म के प्रोड्यूसर अभय सिन्हा एवं शिवांशु पांडेय हैं, जबकि को- प्रोड्यूसर प्रशांत जम्मुवाला हैं। संगीत ओम झा और गीत अरविंद तिवारी, श्याम देहाती, प्रिन्स दुबे, यादव राज उवं उमालाल यादव का है। स्क्रीनप्ले प्रेमांशु सिंह और अरविंद तिवारी का है। कोरियोग्राफर संजय कोर्वे और रिकी गुप्ता हैं।

शिल्पा ने की प्रशंसकों से अपील, अपने लक्ष्यों पर काम करें

अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी कुंद्रा ने अपने प्रशंसकों को एक प्रेरक संदेश देने के लिए इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट की। उन्होंने योगासन करते हुए एक तस्वीर पोस्ट की और इसे हैश टैग शिल्पा का मंत्र के साथ टैग भी किया। अभिनेत्री ने तस्वीर के साथ लिखा, अनुशासन की कीमत हमेशा अफसोस के दर्द से कम होती है। शिल्पा ने तस्वीर के साथ कैप्शन में अपने प्रशंसकों को प्रोत्साहित करते हुए लिखा कि कोई भी व्यक्ति एक लक्ष्य निर्धारित कर सकता है और एक कार्ययोजना बनाते हुए इसे हासिल भी सकता है। उन्होंने लोगों को प्रेरित करते हुए यह संदेश भी दिया कि हमें कल के बजाय आज पर फोकस करना चाहिए। शिल्पा ने कहा कि लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए सबसे महत्वपूर्ण गुण अनुशासन है। उन्होंने लिखा, एक बार जब आप फिट होने या फिर व्यवसाय शुरू करने के लिए अनुशासित हो जाते हैं, या बेहतर कल के लिए किसी लक्ष्य की ओर काम करते हैं तो फिर आप आधी लड़ाई तो वहीं जीत लेते हैं। अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी फिलहाल डांस रियलिटी शो सुपर डांसर : चैप्टर 4 में जज की भूमिका निभा रही हैं। वह जल्द ही फिल्म हंगामा 2 और निकम्मा में नजर आएंगी।

मुझे उम्मीद है कि मेरा किरदार महिलाओं को सशक्त बनाएगा: सिमरन

समाज ने हमेशा से महिलाओं को जो भी कुछ कहा हो इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। महिलाएं शक्तिशाली, बहादुर और उल्लेखनीय रूप से बहुत मजबूत रही हैं। यह वास्तविक जीवन में भी सच है और इन महिलाओं को हमें टीवी शोज, फिल्मों और वेब सीरीज में देखना बहुत महत्वपूर्ण है। इस बात को ध्यान में रखते हुए, इस गर्मी के मौसम में स्टार भारत एक प्रचलित सामाजिक चुनौती पर प्रकाश डालना चाहता है, जिससे अभी भी कई युवा लड़कियां भारत के कई हिस्सों में लड़ रही हैं और वह है दहेज प्रथा, जिसे आगामी नए शो 'लक्ष्मी घर आई' के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा। इन कुछ वर्षों में, बॉलीवुड फिल्में जैसे थप्पड़, क्वीन, पिंक, मदार्नी सभी ने भारत में महिला सशक्तिकरण और अन्य मुद्दों पर रौशनी डाली है जो महिलाओं को भारत में झेलनी पड़ती हैं। अब, स्टार भारत और शकुंतलम टेलीफिल्म्स ने मिलकर खूबसूरत और प्रतिभाशाली अभिनेत्री सिमरन परींजा को अपने आगामी पारंपरिक टीवी शो में साहसी मैथली का किरदार निभाने के लिए चुना है।

अभी भी शूटिंग के पहले दिन घबराता हूं : इमरान हाशमी

अभिनेता इमरान हाशमी का कहना है कि इंडस्ट्री में कई साल बिता लेने के बावजूद वह किसी नई फिल्म की शुरूआत में काफी चिंतित रहते हैं। अभिनेता इमरान का कहना है कि उन्हें इस बात की फिक्र रहती है कि क्या वह अपने किरदार के साथ न्याय कर पाएंगे या नहीं। उन्होंने आईएएनएस को बताया, हर फिल्म के साथ मेरी उम्मीद यही रहती है कि मैं अपने किरदार को अच्छे से निभाऊं। हर नए किरदार के साथ आपमें सीखने की भावना होनी चाहिए। ऐसा महसूस करना चाहिए जैसे कि आपको कुछ पता ही न हो। अभी भी शूटिंग के पहले दिन मैं घबरा जाता हूं, लेकिन धीरे-धीरे चीजें नॉर्मल हो जाती हैं। फिल्मों की बात करें, तो इमरान का आने वाला समय काफी व्यस्तताओं में से होकर गुजरेगा। वह हाल ही में फिल्म मुंबई सागा में नजर आएंगे। उनकी अगली फिल्म चेहरे रिलीज के लिए तैयार है। हालांकि कोरोना की दूसरी लहर के चलते इसे फिलहाल के लिए टालना पड़ा है। इमरान टाइगर 3 में भी नजर आएंगे।

खबरों में नं.1
सन्मार्ग
हिन्दी दैनिक
Morning India English Daily | Aawami News عوامی نیوز आवामी न्यूज़

कोरोना वायरस के कारण
लॉक डाउन की वजह से
अखबार मिलने में पाठकों को परेशानी हो रही हो, तो स्वयं और अपने मित्रों को फ्री में अखबार पाने के लिए इस नंबर पर व्हाट्सएप नंबर से कॉल दें,
बिहार +919471707751
झारखंड +919471707752
या इस व्हाट्सएप नंबर को अपने व्हाट्सएप ग्रुप से जोड़ें।
सोशल मीडिया में जुड़ने के लिए sanmarglive के पेज को फॉलो करें, पर
ई-पेपर और लेटेस्ट न्यूज़
www.sanmarglive.com पर उपलब्ध है।
साथ ही हर जियो मोबाइल से जियो न्यूज एप में www.sanmarglive.com उपलब्ध हैं।
सन्मार्ग, आवामी न्यूज़ और Morning India पढ़ें और अपने दोस्तों को भी पढ़ाएं।
अखबार और अखबार के वेबसाइट में सिर्फ 100% सही खबरें छपती हैं,
भ्रामक और अर्ध सत्य खबरें नहीं।